3 राजधानी
छात्रों की मांगों के आगे झुका जामिया प्रशासन

6 प्रादेशिकी
प्रधान ने विद्यालय पर किया कब्जा

11 राष्ट्रीय
पंजाब के फाजिल्का में 25 किलो हेरोइन बरामद

12 स्पोर्ट्स
भारत के शीर्ष क्रम के संयोजन पर होगा ध्यान

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 32
नई दिल्ली, रविवार, 4 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं हमेशा भारत से जुड़ा हुआ महसूस करता हूं

विदेश-10

# गुजरात में शहरी लोगों से आयोग की अपील, अधिक से अधिक मतदान करें

## गुजरात में दूसरे चरण का मतदान कल, 93 सीटों के लिए 833 उम्मीदवार मैदान में

● हिमाचल प्रदेश और गुजरात के पहले चरण में कम वोटिंग के बाद निर्वाचन आयोग हुआ सक्रिय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**हिमाचल** प्रदेश के 12 दिसंबर और गुजरात में एक दिसंबर को गुजरात में हुए कम मतदान को लेकर चिंतित निर्वाचन आयोग ने शनिवार को सार्वजनिक रूप से गुजरात के मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे दूसरे चरण में पांच दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में वोट देने के लिए घरों से निकलें।

राज्य में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। सभी दलों का हाईवोल्टेज प्रचार अभियान शनिवार को थम गया। दूसरे चरण में 93 सीटों पर वोट पड़ेंगे। इसके लिए 833 उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में घाटलोडिया से मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, वीरमगाम से पाटीदार नेता हार्दिक पटेल और गांधीनगर दक्षिण से ओबीसी नेता अल्पेश ठाकोर शामिल हैं। हार्दिक और ठाकोर दोनों बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात की 89 सीटों के लिए एक दिसंबर को मतदान हो चुका है। शहरी मतदाताओं में मतदान को लेकर जो उदासीनता शिमला से सूरत तक दिखी, उससे निर्वाचन आयोग चिंतित है और उसने दूसरे चरण के दौरान बड़ी संख्या में वोट डालने के लिए घरों से बाहर आने की अपील की है, ताकि पहले चरण में कम मतदान की भरपाई की जा सके।

पहले चरण में कुल 63.3 प्रतिशत पड़े थे और सूरत, राजकोट और जामनगर में तो औसत मतदान से भी कम लोगों ने मतदान किया। इसके अलावा, पहले चरण की 89 सीटों पर मतदान प्रतिशत 2017 के चुनाव में हुए 66.79 प्रतिशत से भी कम रहा। हिमाचल प्रदेश में शिमला की शहरी विधानसभा सीट पर राज्य में सबसे ( शेष पेज 8 )

## दिल्ली पूरी तरह तैयार, सख्त सुरक्षा में आज पड़ेंगे वोट

● भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में त्रिकोणीय मुकाबला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम चुनाव के लिए मतदान रविवार को होगा। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए दिल्ली पुलिस ने चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। मतदाताओं की सुरक्षा के लिए करीब 40 हजार पुलिसकर्मी, 20 हजार होमगार्ड और अर्द्धसैनिक तथा राज्य सशस्त्र पुलिस बलों की 108 कंपनियां तैनात की जाएंगी। संवेदनशील क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 60 ड्रोन ( शेष पेज 8 )

### पहली बार वोट डालेंगे 95 हजार मतदाता

**एमसीडी** चुनाव में कुल 1,45,05,322 मतदाता 4 दिसंबर को मतदान करेंगे। इसमें 78 लाख 93 हजार 403 पुरुष तो 66 लाख 10 हजार 858 महिला मतदाता हैं। अन्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 1061 हैं। 100 वर्ष से अधिक वाले मतदाताओं की संख्या 229 है। 80 से 100 वर्ष की आयु वाले मतदाताओं की संख्या दो लाख ( शेष पेज 8 )

# हिंद महासागर में ताकत बढ़ा रहा चीन नौसेना प्रमुख बोले- हमारी कड़ी नजर

● नौसेना का लक्ष्य 2047 तक आत्मनिर्भर बनना: एडमिरल आर हरि कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**हिंद** महासागर क्षेत्र में चीन लगातार सैन्य ताकत के साथ अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। अत्यधिक संवेदनशील स्थिति का जिक्र करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को कहा कि इस क्षेत्र में हमेशा चार से छह चीनी युद्धपोत तैनात हैं, जो चीन की सक्रियता का स्पष्ट संकेत देते हैं। हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि भारतीय नौसेना इन युद्धपोतों की आवाजाही पर कड़ी नजर रख रही है और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी।

हिंद महासागर क्षेत्र और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति को रेखांकित करते हुए नौसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध ने भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर होना सिखाया है। करीब 10 महीने से चल रहे युद्ध का नौसेना की हथियार खरीद पर कोई असर नहीं पड़ा है। कुमार ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में अनुसंधान जहाजों, युद्धपोतों और व्यापारिक जहाजों सहित कई चीनी जहाज मौजूद हैं। भारतीय नौसेना कड़ी नजर रख रही है, नौसेना प्रमुख ने कहा कि 60 से अधिक अन्य अतिरिक्त-क्षेत्रीय बल भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में मौजूद हैं। हिंद महासागर के महत्व के बारे में विस्तार से बात करते हुए नौसेना प्रमुख ने कहा कि कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति के अलावा क्षेत्र के समुद्री रास्तों से बड़ी मात्रा में व्यापार होता है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना इन तमाम जहाजों की आवाजाही पर नजर रखती है।

वह देश के हितों के प्रतिकूल जहाजों को अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा कि चीन के मछली पकड़ने वाले जहाज हिंद महासागर सहित पूरी दुनिया में काम करते हैं, हमारा काम उन्हें मजबूत निगरानी के माध्यम से ट्रैक करना है और उन्हें भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ने से रोकना है। क्वाड के गठन के मुद्दे पर नौसेना प्रमुख ने कहा कि यह कोई सैन्य संधि नहीं है। लोकतांत्रिक परंपरा वाले समान विचारधारा वाले देश समूह बनाने के लिए एक साथ आए हैं। चीन ने क्वाड की आलोचना करते हुए दावा किया है कि यह भारत-प्रशांत क्षेत्र के सैन्यीकरण को बढ़ावा देगा।

अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया इस संगठन का हिस्सा हैं और ये नियमित रूप से इंडो-पैसिफिक में मालाबार श्रृंखला के नौसैनिक अभ्यास आयोजित करते हैं। इस मुद्दों के अलावा, कुमार ने नौसेना को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने की समय सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि इस बारे में विचार किया जा रहा है कि स्वदेशी विमान वाहक पोत (आईएसी)2 की दिशा में आगे बढ़ा जाए, या ( शेष पेज 8 )

# लापिद की टिप्पणी का जूरी सदस्यों ने भी किया समर्थन

● फिल्म द कश्मीर फाइल्स पर केवल भारतीय जूरी सदस्य की राय थी अलग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**फिल्म** द कश्मीर फाइल्स के बारे में इजरायली फिल्म निर्माता और भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के प्रमुख जूरी नादव लापिद की टिप्पणी का अन्य जूरी सदस्यों ने भी समर्थन किया है। केवल एक भारतीय जूरी सदस्य की राय अन्य सदस्यों से अलग है। इस संबंध में विदेशी जूरी सदस्यों ने नादव के समर्थन में संयुक्त बयान जारी किया है।

लापिद ने गोवा में आईएफएफआई के समापन समारोह के दौरान कहा था कि द कश्मीर फाइल्स एक अश्लील दुष्प्रचार वाली फिल्म है। उनकी इस टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया था। विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भूमिका निभाई है। दोनों ने ही लापिद की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। भारत में इजरायल के राजदूत नौर गिलोन ने इन टिप्पणियों से अपने देश को अलग करते हुए इस पर आपत्ति जताई और फिल्म निर्माता से माफी मांगने को कहा। उन्होंने स्वयं भी माफी मांगी। हालांकि अपने बयान पर अड़े लापिद में बाद में कश्मीरी पंडितों के संघर्ष पर दुख जताया और माफी मांगी, परंतु उन्होंने फिर दोहराया कि इस फिल्म के बारे में उनकी वही राय है, जो उन्होंने इसे देखने के बाद महसूस किया। न्यूज पोर्टल द वायर के अनुसार, अपनी चुप्पी तोड़ते हुए आईएफएफआई जूरी के तीन ( शेष पेज 8 )

### इजरायली राजदूत को मिला नफरती मेल

**नई दिल्ली।** इजरायली फिल्म निर्माता नादव लापिद की फिल्म द कश्मीर फाइल्स के खिलाफ टिप्पणी को लेकर उठे विवाद कुछ दिनों बाद नई दिल्ली में इजरायली दूत नोर गिलोन को हिटलर को महान बताते हुए एक घृणास्पद मेल किया गया है। नफरत भरे मेल को साझा करते हुए राजदूत ने कहा कि इस दिशा में मुझे मिले कुछ डीएम में से एक को साझा करना चाहता हूं। जिसने यह मेल किया है, उसके प्रोफाइल के मुताबिक वह पीएचडी कर चुका है। मैंने उसके ट्वीट को डिलीट कर दिया।

# लक्ष्य सेन के खिलाफ उम्र के फर्जीवाड़े में एफआईआर

● कोच विमल कुमार और परिवार के खिलाफ भी मामला दर्ज

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी 21 साल के लक्ष्य सेन, उनके परिवार और पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार पर उम्र संबंधी धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े का मामला दर्ज कराया गया है। एम गोविअप्पा नागराजा द्वारा बेंगलुरू में गुरुवार को दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा चैंपियन ने अपने भाई चिराग सेन के साथ 2010 से आयु वर्ग के टूर्नामेंट खेलने के लिए अपनी उम्र में हेराफेरी की थी।

इस शिकायत में लक्ष्य के पिता धीरेंद्र (भारतीय खेल प्राधिकरण में कोच के तौर पर कार्यरत) मां निर्मला और विमल का भी नाम है। विमल पिछले 10 से अधिक वर्षों से लक्ष्य और चिराग को कोचिंग दे रहे हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी (धारा 420), जालसाजी (468), जाली दस्तावेज़ को वास्तविक के रूप में उपयोग करने (471) और सामान्य इरादे के कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्यों (34) के आरोप लगाए गए हैं।

उत्तराखंड से ताल्लुक रखने वाले सेन बंधु बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में विमल से प्रशिक्षण लेते हैं, जबकि शिकायतकर्ता इसी महानगर में एक और अकादमी चलाता है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विमल ने 2010 में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के ( शेष पेज 8 )

**दिल्ली दंगा**

# पथराव, आगजनी मामले में उमर खालिद और खालिद सैफी आरोपमुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली में 2020 में हुए दंगे से जुड़े एक मामले में यहां की एक अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद और यूनाइटेड अगेंस्ट हेट (एजीएच) के संस्थापक खालिद सैफी को आरोपमुक्त कर दिया है। कांस्टेबल संग्राम सिंह के बयान के आधार पर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सिंह ने कहा था कि 24 फरवरी, 2020 को मेन करावल नगर रोड पर दंगाई भीड़ ने पथराव किया था और नजदीक के एक पार्किंग स्थल पर वाहनों में आग लगा दी थी। विशेष सरकारी वकील मधुकर पांडे ने इस बात की पुष्टि की है कि उमर खालिद और खालिद सैफी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचाला की अदालत ने इस मामले में आरोपमुक्त कर दिया है। विषय में विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। उमर खालिद कई ( शेष पेज 8 )

# राजस्थान कांग्रेस में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर गुटबाजी

● गहलोत और पायलट समर्थक संभाल रहे अलग-अलग मोर्चा

**भाषा।** कोटा

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के राज्य में पहुंचने से पहले भले ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल के समक्ष एकजुटता व्यक्त की है, लेकिन उनके समर्थक जमीन पर अलग-अलग मोर्चा संभालते नजर आ रहे हैं। हड़ौती में गहलोत और पायलट के समर्थकों के बीच अपना-अपना वर्चस्व दिखाने की होड़ मची हुई है, जो क्षेत्र में लगाए गए होर्डिंग से साफ झलकती है। यह होड़ दोनों गुटों के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का कारण भी बनी है।

वर्ष 2019 में कांग्रेस के टिकट पर झालावाड़ से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि पायलट खेमा गहलोत के प्रभाव को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। शर्मा ने झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री प्रमोद जैन भाया पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह स्थानीय लोगों के एक अलग समूह का नेतृत्व कर और कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं के प्रयासों को दरकिनार कर पार्टी की जड़ों को कमजोर कर रहे हैं। शर्मा ने कहा, यह विशेष गुट (भाया गुट) हर जगह सचिन पायलट को लेकर ही आगे बढ़ रहा है। जिले में लगाए गए ज्यादातर पोस्टर और होर्डिंग में सचिन पायलट, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की तस्वीरें अधिकतर जगह लेती नजर आ रही हैं, जबकि अशोक गहलोत की तस्वीरों को ज्यादा तवज्जो नहीं दी गई है। शर्मा ने दावा किया कि होर्डिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तस्वीरें भी छोटे-छोटे घेरों तक सीमित हैं। यात्रा की तैयारियों में शामिल एक अन्य स्थानीय नेता ने कहा कि गहलोत और पायलट गुट के बीच संघर्ष जल्द खत्म होता नहीं दिख रहा है और होर्डिंग से भी यह स्पष्ट है। हालांकि, झालावाड़ के छांवली में कांग्रेस सेवा दल के एक कार्यकर्ता ने कहा कि वेणुगोपाल द्वारा हाल ही में गहलोट और पायलट के बीच हस्तक्षेप करने के कारण दोनों गुटों के यात्रा के दौरान शांति बनाए रखने की संभावना है। झालावाड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष विरेंद्र सिंह गुर्जर ने हालांकि, कहा कि जहां तक यात्रा का सवाल है, कोई अंदरूनी लड़ाई नहीं है। गुर्जर यात्रा की तैयारियों के लिए प्रमोद भाया के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्हें सचिन पायलट के वफादारों में शुमार किया जाता है। गुर्जर ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अपनी ( शेष पेज 8 )



### यात्रा में शामिल होने के लिए शिक्षक निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** बड़वानी

**राहुल** गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के आरोप में मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रदेश के जनजातीय मामले के विभाग के तहत जिले के कंसाया में संचालित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक राजेश कन्नोजे को यात्रा में भाग लेने के एक दिन बाद 25 नवंबर को निलंबित कर दिया गया। सोशल मीडिया पर उनके निलंबन आदेश के सामने आने के बाद यह मामला सामने आया। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त एनएस रघुवंशी ने कहा, कन्नोजे को सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन और एक राजनीतिक रैली में भाग लेने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य का हवाला देते हुए छुट्टी मांगी थी लेकिन उन्होंने एक राजनीतिक कार्यक्रम में भाग लेने ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 63,284 | |
| निफ्टी | 18,812 | |
| सोना | 53,677 | /10g |
| चांदी | 65,003 | /kg |

## क्विक न्यूज

### यूपीएससी 2023 से रेलवे केलिए भर्ती परीक्षा कराएगा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिए भर्ती विशेष रूप से तैयार की गई एक परीक्षा के माध्यम से की जाएगी और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2023 से यह परीक्षा आयोजित करेगा। मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा परीक्षा (आईआरएमएसई) दो चरणों वाली एक परीक्षा होगी, जिसमें प्रारंभिक स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद मुख्य लिखित परीक्षा और साक्षात्कार शामिल होगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि परीक्षा के दूसरे चरण यानी आईआरएमएस (मुख्य) लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र अभ्यर्थियों को सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में बैठना होगा।

**गोधरा ट्रेन अग्निकांड**

# दोषियों की जमानत याचिका का गुजरात सरकार ने किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय में गुजरात सरकार ने वर्ष 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले के कुछ दोषियों की जमानत याचिका का यह कहते हुए विरोध किया है कि वे केवल पत्थरबाज नहीं थे और उनके कृत्य ने जल रही बोगियों से लोगों को भागने से रोका।

गुजरात के गोधरा में 27 फरवरी, 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगा देने के कारण 59 लोगों की मौत होने के बाद राज्य में दंगे भड़क गए थे। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि वह दोषियों की व्यक्तिगत भूमिका को स्पष्ट करे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पथराव करने के आरोपियों की जमानत याचिका पर विचार किया जा सकता है क्योंकि वे पहले ही 17-18 साल जेल में बिता चुके हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर तक के लिए टाल दी।

राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इन दोषियों ने ट्रेन पर पथराव किया था जिसने लोगों को जल रही बोगी से भागने से रोका। उन्होंने पीठ से कहा कि यह केवल पथराव का मामला नहीं है। मेहता ने शीर्ष अदालत से कहा कि वह इन दोषियों की व्यक्तिगत भूमिका की समीक्षा करेंगे और इससे न्यायालय को अवगत कराएंगे। उच्च न्यायालय ने अक्टूबर, 2017 के अपने फैसले में गोधरा ट्रेन अग्निकांड के मामले में 11 दोषियों को ( शेष पेज 8 )

# तमिलनाडु सरकार मंदिरों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाए

● मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को दिया निर्देश

● मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता को बरकरार रखने की कही बात

**पायनियर समाचार सेवा।** मदुरै



**मद्रास** उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह राज्यभर के मंदिरों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लागू करे, ताकि मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता को बरकरार रखा जा सके। यहां न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जे सत्यनारायण प्रसाद की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्त विभाग को शुक्रवार को यह निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता एम. सीतारमन ने याचिका में संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि वे तूतीकोरिन जिले में तिरुचेंदूर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के परिसर में एंड्रायड मोबाइल फोन ले जाने और इसके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने को लेकर प्रभावी कदम उठाएं। यह मंदिर भगवान मुरुगा के छह अधिष्ठानों में से एक है। याचिकाकर्ता ने कहा कि चूंकि संबंधित मंदिर एक प्राचीन धर्म स्थल है जहां शांतिपूर्ण तरीके से निःशुल्क दर्शन की व्यवस्था है, लेकिन दीपरथनाई, पूजा और अन्य अनुष्ठान के दौरान वीडियोग्राफी तथा तस्वीर खींचने के लिए कैमरा का इस्तेमाल किए जाने से बाधा उत्पन्न होती है।

याचिका में कहा गया है कि सभी श्रद्धालुओं के पास मोबाइल फोन होते हैं और वे बिना किसी प्रतिबंध के मंदिर परिसर के अंदर तस्वीर लेने के अलावा वीडियो बनाते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि मूर्तियों की तस्वीरें लेना न केवल आगम नियमों (मंदिर में अनुष्ठान से संबंधित) के विरुद्ध है, बल्कि यह मंदिर और इसमें मौजूद मूल्यवान सामान की सुरक्षा को भी खतरे ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 4 दिसंबर, 2022



# नर्स ने प्रेमी से मिलकर पति को मौत के घाट उतारा

- बच्चों से बोली- पापा ने की आत्महत्या, खुलासे के बाद दोनों गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी महिला और उसका प्रेमी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक महिला ने अपने पति के मुंह में कपड़ा ठूंसने के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी। खुद के स्टाफ नर्स होने का फायदा उठाकर महिला अपने पति की लाश उसी हॉस्पिटल में ले गई, जहां वो कार्यरत थी। इसे सुसाइड बताया, लेकिन हॉस्पिटल प्रबंधन ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पुलिस को सूचना दे दी। जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो उसमें गला दबाने की पुष्टि हुई।

आखिरकार तीन दिन तक चली जांच के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर एसजे-50 में महेश राणा की 30 नवंबर की शाम संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पत्नी कविता अपने पति को बेहोशी की अवस्था में सर्वोदय हॉस्पिटल में लेकर पहुंची।

डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कविता ने पूरे हॉस्पिटल स्टाफ को भरोसे में लेने का प्रयास किया कि पति ने सुसाइड किया है। इस दौरान उसने बच्चों से बोला कि पापा ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस हॉस्पिटल में पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि महेश की गला घोंटकर हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस ने हत्या के बिंदु पर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने जब कविता की 13 वर्षीय बेटी और 8 वर्षीय बेटे से पूछताछ की तो पता चला कि 30 नवंबर की रात उनका पिता महेश राणा शराब पीकर घर आया था।

इसके बाद महेश और कविता के बीच लड़ाई हुई। इस दौरान कविता अपने पति को एक कमरे के अंदर ले गई और कमरा अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद बच्चों ने कमरे में देखा तो उनकी मां कविता अपने पति महेश की छाती पर चढ़ी हुई थी और उसका गला दबा रही थी। बच्चों ने जब बाद में मां से पूछा तो उसने बताया कि वो महेश के मुंह से गुटखा निकाल रही थी। पुलिस ने कविता के मोबाइल को कब्जे में लिया।

मोबाइल से कुछ वॉट्सएप चैट और रिकॉर्डिंग मिली। इससे पुष्टि हुई कि कविता के विनय शर्मा नामक व्यक्ति से अवैध संबंध हैं। विनय ग्रेटर नोएडा में बादलपुर थाना क्षेत्र के गांव कुड़ी खेड़ा का रहने वाला है। वो सर्वोदय हॉस्पिटल में इंश्योरेंस का काम देखता है, जबकि कविता वहां पर स्टाफनर्स है।

दोनों की मुहब्बत अस्पताल से ही शुरू हुई थी। महेश राणा को ये बात पता चल गई थी। वो कविता से इसका विरोध करता था। महेश को रास्ते से हटाने के लिए कविता-विनय ने प्लानिंग बनाई।

## दोस्त निकला फैक्ट्री कर्मचारी का हत्यारा

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले युवक की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने अहम खुलासा किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक अरुण की हत्या उसके दोस्त आकाश ने की थी। बताया जाता है कि दोनों काफी घनिष्ठ दोस्त थे। घटना वाले दिन आकाश और अरुण ने एक कार में बैठकर शराब पी। खाने-पीने के सामान के पैसे देने को लेकर दोनों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों में मारपीट हो गई। बताया जाता है कि आकाश ने अरुण के ऊपर धारदार हथियार से हमला किया, जब वह बेहोश हो गया तो वह उसे लेकर सूरजपुर थाना क्षेत्र के निको मोड़ पर आया। उसने उसके शव को नाले में डाल दिया, तथा उसके सिर पर पत्थर से वार किया ताकि उसकी पहचान मिट सके। अरुण का शव 30 नवंबर को थाना सूरजपुर क्षेत्र में मिला था।

## संक्षिप्त समाचार



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील लोनी में एसपी ग्रामीण एवं एसडीम लोनी द्वारा जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।

### बसों में तैनात होगी जांच यूनिट

**गाजियाबाद।** रात्रि के समय रोडवेज की लॉन्ग रूट पर चलने वाली बसों में डब्ल्यूटी रोकने की कोशिश तेज हो गई है। इसके लिए हर लॉन्ग रूट पर रात में जांच के लिए टीम तैनात की जाएगी। प्रदेश भर में रोडवेज के पास करीब 16 हजार से अधिक बसें है जिनका संचालन लॉन्ग रूट पर होता है। इन बसों को दिन रात चलाया जाता है। ऐसे में रोडवेज को इस तरह की आशंका है कि दिन में तो इन बसों में बिना टिकट सवारियां कम चलती हैं।

### नशा मुक्ति केंद्र से लापता हुए मरीज

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरनेचर सिटी में स्थित न्यू सोलंकी फाउंडेशन के नाम से संचालित नशामुक्ति केंद्र में उपचार करवाने आये लगभग 40 मरीज रहस्यमय हालात में लापता हो गये थे। वहीं, उक्त घटना की सूचना देते हुए नशामुक्ति केंद्र के संचालक अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि नशे से मुक्ति का उपचार करवा रहे मरीज वार्लिंटियर का काम कर रहे लोगों के साथ मारपीट करने के बाद उनपर जानलेवा हमला बोलकर वहां से भाग गए। इस घटना के संदर्भ में एसपी देहात डॉ इरज राजा ने बताया कि इस प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज करके रहस्यमय हालात में लापता हुए नशा प्रवृत्ति से पीड़ित मरीजों की बरामदगी के लिए एसएचओ ट्रोनिका सिटी के नेतृत्व में पुलिस की कई टीम बनाई गई हैं।

### गौर ग्रीन सिटी में 60 घंटे में शुरू हुई विद्युत आपूर्ति

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम की गौर ग्रीन सिटी सोसायटी का बिजली कनेक्शन करीब 60 घंटे बाद विद्युत निगम की ओर से जोड़ दिया गया है। इसके पहले डीजल जनरेटर से सोसायटी के बिजली आपूर्ति हो रही थी। सोसायटी के विद्युत पैनल को ठीक करने के बाद कनेक्शन जोड़ने के दौरान करंट लगने से मृतक संविदा बिजलीकर्मी वीरू के परिवार को विद्युत निगम की ओर से पांच लाख रुपये, प्रशासन की ओर से पीएम आवास योजना के तहत घर और आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया है। गौर ग्रीन सिटी सोसायटी में 760 फ्लैट हैं। यहां करीब साढ़े तीन हजार लोग रहते हैं। बृहस्पतिवार सुबह करीब तीन बजे विद्युत पैनल में फाल्ट से बिजली गुल हो गई थी। इसके बाद जनरेटर जलाकर सोसायटी के फ्लैटों में बिजली आपूर्ति दी जा रही थी।

### बेरोजगारी से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** कुलेसरा गांव में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक पिछले कुछ समय से बेरोजगार होने के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। मूल रूप से सुल्तानपुर निवासी निखिल पुत्र रामपाल कुलेसरा गांव में अपनी पत्नी के साथ किराए पर रह रहा था। बीती शाम उसकी पत्नी किसी काम से बाहर गई थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटी तो उसे निखिल फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पड़ोसियों की मदद से निखिल को पत्नियों से उसे लेकर भंगेल स्थित सीएचसी पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि निखिल पिछले कुछ समय से बेरोजगार चल रहा था।

## लापता तीन नाबालिग लड़कियां और महिला गुजरात से बरामद

**नोएडा।** नोएडा। थाना सेक्टर 63 के बहलोलपुर क्षेत्र से लापता दो किशोरियों को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन से ढूंढ निकाला है। किशोरियों को अपने साथ ले जाने वाली महिला को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़ी गई आरोपी महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

एडीसीपी साद मियां खान ने बताया कि पीड़ित पिता ने नाबालिक पुत्रियों को एक महिला द्वारा अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की टीम ने जब सीसीटीवी को चेक किया तो एक महिला दोनों लड़कियों को ले जाते हुए दिखाई दी। पीड़ित ने महिला की पहचान पड़ोस में रहने वाली रानी सिंह के रूप में की। इस दौरान सर्विलांस टीम की मदद से रानी सिंह के मोबाइल फोन का लोकेशन लिया गया तो उसकी लोकेशन गोधरा स्टेशन से पीछे मिली। उन्होंने रेलवे स्टेशन गोधरा पर टीटी से संपर्क किया और गिरफ्तार कर लिया।

# ग्रेनो बनेगा प्रदूषण मुक्त व प्लास्टिक रहित शहर: ऋतु माहेश्वरी

- सीईओ ने रेल विहार सोसाइटी में पहले थैला बैंक का शुभारंभ किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने थैला बैंक के रूप में एक और पहल की है। सीईओ ने शनिवार को रेल विहार सोसाइटी में पहले थैला बैंक का शुभारंभ किया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा के साथ थैला बैंक का शुभारंभ करते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा कि कोई भी अभियान बिना जन सहयोग के सफल नहीं होता है। ग्रेटर नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी ग्रेटर नोएडावासियों को सहयोग करना होगा।

सीईओ ने कहा कि न तो खुद प्लास्टिक का उपयोग करें और न ही अपने आसपास किसी को प्लास्टिक का उपयोग करने दें। सीईओ ने सड़क अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा न फेंके। सिर्फ डस्टबिन में ही कूड़ा डालें। सीईओ ने रेल विहार सोसाइटी के प्रयास की सराहना करते हुए अन्य सेक्टरों व सोसाइटियों से भी थैला बैंक बनाने की अपील करते हुए प्राधिकरण की तरफ से और भी जगहों पर थैला बैंक बनाने का एलान किया। बता दें कि प्राधिकरण की तरफ से नौ अन्य थैला बैंक बनाए गए हैं। ये थैला बैंक पार्श्वनाथ ईडन, टाटा स्टील, द किंग रिजर्व, एटीएस डोल्से, एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी, एल्डिको ग्रीन मिडोज, एल्डेको मैस्टिक ग्रीन्स, उल्बेरिया गार्डन और गौर अतुल्यम सोसाइटी में बनाए गए हैं। हर थैला बैंक में 300 से 400 थैला रखे गए हैं। थैला ले जाने वालों का नाम व नंबर रजिस्टर में अंकित किया जाएगा।

टैली का उपयोग करने के बाद थैला बैंक में जमा कराना होगा। सीईओ ने रेल विहार में कूड़े से कंपोस्ट बनाने की पहल की भी सराहना की और अन्य सोसाइटियों से इसके लिए अपील की। इस अवसर पर रेल विहार सोसाइटी के अध्यक्ष उमेश चतुर्वेदी ने शीघ्र ही सोसाइटी में बर्तन बैंक बनाने का एलान किया। सीईओ ने प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के थैला बैंक खोलने के प्रयास की सराहना की।

प्रभारी जीएम सलिल यादव ने रेल विहार आरडब्ल्यड्ढूए पदाधिकारियों से अपील की कि थैला को गेट पर रखें। अगर कोई पॉलिथीन ले जाता दिखे उसे रोककर थैला उपलब्ध करा दें।

कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की शपथ ली। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ फीड बैक फाउंडेशन, एआईआईएलएसजी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।



थैला बैंक का शुभारंभ करतीं नोएडा के सीईओ ऋतु माहेश्वरी।

## स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स व वेडिंग जोन का किया निरीक्षण

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने शनिवार को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेडिंग जोन, आईआईटीजीएनएल की इंडस्ट्रियल टाउनशिप व ट्रकर्स प्वाइंट का जायजा लिया। इन सुविधाओं को जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने एसीईओ प्रेरणा शर्मा व अमनदीप डुली के साथ शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्थित क्रिकेट ग्राउंड, स्वीमिंग पूल, स्क्वैश, फुटबॉल ग्राउंड, बैडमिंटन कोर्ट आदि सुविधाओं को देखा। इस ग्राउंड में अंतराष्ट्रीय स्तर के मैच कराने के लिए प्रयास किए जाने की बात कही। बैडमिंटन कोर्ट में जल्द एकेडमी शुरू कराने के निर्देश दिए। ओलंपिक स्तर के बने स्वीमिंग पूल को भी जल्द शुरू कराया जाएगा। सीईओ ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रखरखाव को और बेहतर बनाने और सभी सुविधाओं को खिलाड़ियों के लिए शुरू कराने के निर्देश दिए। सीईओ ने स्पोर्ट्स की सभी फैसिलिटी के साथ ही स्पोर्ट्स कंपलेक्स में बने 12 क्योस्क, दुकानें व रेस्टोरेंट को भी को भी जल्द शुरू कराने को कहा है। सेक्टर बीटा टू स्थित वेडिंग जोन का भी सीईओ ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रक्रिया को पूरा कर इसे वेंडरों को दिए जाने के निर्देश दिए। इस वेंडिंग जोन में 48 वेंडरों के लिए प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Fullerton India Home Finance Company Ltd. That Mr. Joginder Singh is claiming owner of Property bearing No. A-7, area measuring 200 Sq., Yds., out of Khasra No. 48/22, Situated in the area of Village Mundka, colony known as Rajdhani Park P & T Block, Nangloi, Delhi. hereinafter referred to as said property, who acquired the said property on the basis of GPA, Agreement, and will dated 12.03.2003. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner want to sell the said property to Mr. Vishnu Kumar who is taking a Loan from Fullerton India Home Finance company Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the owner ship of Mr. Joginder Singh in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Smt. Lalita Rani Mehndirata W/o Late Shri Lok Nath, Cont. 97119-73586, Email: nmamta1981@gmail.com, R/o. Flat No. 66/B, Block-R, Dilshad Garden, Delhi- 110095, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Allotment/ Demand Letter, Possession Letter, Site Possession and NOC for Water & Electricity, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 01/12/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact-Deputy director (LAB housing) D-block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **Shri Rishi Sarin** S/o Davi Sarin R/o **17/195,Chilli Int Road,Phullatti Bazar, Agra Fort, Kiraoli, Agra, Uttar Pradesh- 282003** owner of **DDA Plot No 6, Block EFGH,Local Shopping Centre, Masjid Moth, DELHI** has applied for conversion of the aforesaid plot from leasehold to freehold vide application no LD25758CL/CON/06112022 dated 23.11.2022 in DDA. That the original documents i.e. Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip,Lease Deed, C Form, D Form and Occupancy Certificate of the above property have been lost,A FIR dated 26.11.2022 bearing LR no 1019557/2022against this effect has been lodged at Crime Branch Delhi.Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/ phone No.7042477033 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (CL) or Director (CL), A-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **Shri Jagjit Singh** S/o Bara Singh R/o **H-36 G S Apartments Sector-13 Rohini Delhi** owner of **DDA Plot No 41 Transport Centre Rohtak Road Delhi** has applied for conversion of the aforesaid plot from leasehold to freehold vide application no LD25952CL/CON/14112022 dated 14.11.2022 in DDA. That the original documents i.e. Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip,Lease Deed, C Form, D Form and Occupancy Certificate of the above property have been lost, A FIR Dated 03.12.2022 bearing LR no 1043053/2022 against this effect has been lodged at Crime Branch Delhi. Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No.9958643421 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (CL) or Director (CL), A-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-23.

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्जदार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोविंद इंडस्ट्रीज/ अर्जुन सोनी/ माया ऑटो इंडस्ट्रीज/ संजीव सोनी/ दीपक सोनी/ अनीता सोनी/ पूनम सोनी LBLUD00005167598/ LBLUD00005167623/ LBLUD00005307993 | इंडस्ट्रियल प्लॉट नंबर सी-13-ए, एम.सी. नंबर बी-30-1782/ए-सी-13ए, फोकल प्वॉइंट अर्बन एस्टेट, धंदारी कलां, तहसील और जिला लुधियाना, पंजाब/ दिसंबर 01, 2022 | जून 24, 2021 रु. 9,05,06,566/- | लुधियाना/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 03, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति(यों) का विवरण, ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (इ) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती रीना वर्मा (कर्जदार) श्री मुकुल वर्मा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00005243194/ एलबीडीईएल00005259497/ | आइटम नंबर 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 20, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलूरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त, बेंगलूरू जिला द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के) /48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलूरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16 /2013-14/6878/2013-14 दिनांकित 20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 47'-00" फीट, दक्षिणी साइड : 51'-40" फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30'-33" पश्चिमी साइड : 30'-00" फीट, कुल परिमाप : 1484 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 19, दक्षिण : साइट नंबर 21<br>आइटम नंबर 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 21, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलूरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त, बेंगलूरू जिला द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के) /48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलूरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16 /2013-14/6878/2013-14 दिनांकित 20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 51'-40" फीट, दक्षिणी साइड : 55'-80" फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30'-33" पश्चिमी साइड : 30'-00" फीट, कुल परिमाप : 1617 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 20, दक्षिण : प्राइवेट सम्पत्ति | रू. 1,27,62,339. 10/- (01 दिसम्बर, 2022 को) | रू. 80,00,000/- / रू. 8,00,000/- | 09-12-2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | 28-12-2022 को पूर्वा. 11.00 से मध्या. 12.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – www.disposalhub.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 27 दिसम्बर, 2022 को अप. 4.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068 में 27 दिसम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करना चाहिए तथा उसके बाद उनको अपनी ऑफर, ईएमडी के भुगतान के प्रमाण हेतु डीडी की बैंक रसीद की स्कैन इमेज के साथ, उपरिवर्णित वेबसाइट पर 27 दिसम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले, जमा करनी चाहिए। कृपया नोट करें कि संभावित बिडर अपनी ऑफर वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुत करने में असफल रहने की स्थिति में निविदा दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068 में 27 दिसम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में बेंगलुरू में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 9844542086/8008999536/7304918084 पर सम्पर्क करें। कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेन्सीज 1. मैसर्स मैटेक्स नेट प्रा. लि., 2. मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को इस सम्पत्ति की बिक्री सुकर बनाने हेतु भी अनुबंधित किया गया है।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : www.icicibank.com/n4p4s

तिथि : 03 दिसम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत, 3 घायल

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक पुलिसकर्मी और होमगार्ड के एक जवान समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार रात गश्त के दौरान एक पुलिस वाहन को एक ट्रक ने टक्कर मार दी।

थाना दनकौर के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना में घायल हुए कांस्टेबल भुवनेश्वर सिंह तथा होमगार्ड के जवान जय प्रकाश भाटी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं, दूसरी घटना थाना दादरी क्षेत्र के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के रामपुर फतेहपुर गांव के पास हुई है, जहां एक ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। थाना दादरी के प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मनोज कुमार (32) के तौर पर हुई है, जो एटा जिले का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए प्रदीप कुमार (30) को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पार्क में बुजुर्ग पर कुत्ते ने किया हमला

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की सेक्टर 16 स्थित वेदांतम सोसायटी में एक और डॉग बाइट का मामला सामने आया है। सोसाइटी के अंदर पार्क में एक आवारा कुत्ते ने 83 साल के बुजुर्ग को अपना शिकार बनाया। बुजुर्ग शनिवार की सुबह करीब 10 बजे पार्क में धूप में बैठे थे इसी दौरान दो आवारा कुत्तों ने उन पर हमला किया जिसमें से एक ने उनके पैर पर बुरी तरह से काट लिया। सोसायटी निवासी गिरिजेश अवस्थी ने बताया कि उनके 83 वर्षीय पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं जिनका पहले से ही इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने उनको हर रोज सुबह धूप में बैठने की सलाह दी है।

शनिवार की सुबह वह पार्क में जाकर धूप में बैठे थे इसी दौरान दो आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। एक कुत्ते ने उनके पैर पर काट लिया। घटना के बाद मामले की शिकायत फैसिलिटी से की गई है।

सोसायटी में 20 से ज्यादा आवारा कुत्ते घूमते हैं। पहले भी यहां डॉग बाइट की घटनाएं हुईं हैं जिनका कोई संज्ञान नहीं लिया गया। कुत्ते के हमले से घायल हुए बुजुर्ग अब सोसायटी परिसर में जाने से डरे हुए हैं। ग्रेनो अथॉरिटी और जिम्मेदारों को आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। सोसायटी के लोग आवारा कुत्तों को बाहर निकालने का प्रयास करते हैं तो विवाद की स्थिति बन जाती है।

# छह मंजिला इमारत में लगी आग

- 50 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी में 6 मंजिला इमारत के बेसमेंट में सुबह करीब 8 बजे अचानक आग लग गई।

बेसमेंट में लकड़ी का गोदाम बताया जा रहा है। इमारत में कई परिवार भी रहते हैं। जिस समय आग लगी इमारत में 50 से अधिक लोग मौजूद थे। आसपास एकत्र लोगों ने ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोगों को सीढ़ी लगाकर नीचे उतारा। इसके साथ ही आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। जांच में सामने आया है कि इमारत में अग्निशमन उपकरण नहीं लगे थे। आग लगने की वजह फिलहाल शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है। शाहबेरी में बिल्डरों ने न केवल मानकों को दरकिनार कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी।



बल्कि इमारतें आग के मुहाने पर है। शायद ही ऐसी कोई इमारत हो जिसमें अग्निशमन उपकरण लगे है। करीब 25 हजार की आबादी शाहबेरी गांव में इन इमारतों में रह रही है। वहीं कोट डेरिंन गांव में शुक्रवार देर रात कबाड़ के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि देर रात को दमकल विभाग को सूचना मिली कि दादरी थाना क्षेत्र के कोट डेरिंन गांव में स्थित कबाड़ के गोदाम में आग लग गई है। दादरी पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तथा आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 4 दिसंबर, 2022



# छोड़ दें सब काम, पहले करें मतदान

## दिल्ली नगर निगम की सरकार के लिए आज पड़ेंगे वोट

- सभी राजनीतिक दल वोट डालने के लिए मतदाताओं को कर रहे हैं जागरूक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगम चुनाव के मद्देनजर रविवार को मतदान होगा। इस बार दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अलग-अलग तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक कर रहा है।

मतदाताओं को एफएम रेडियो, टीवी, पोस्टर बैनर और होर्डिंग के माध्यम से तो जागरूक किया ही जा रहा है। साथ ही साथ पोस्टर और नुक्कड़ नाटकों के जरिए भी इस बार चुनाव आयोग द्वारा लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पिछले तीन एमसीडी चुनावों में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है। वहीं वर्ष 2017 में 53.55 फीसदी वोटिंग हुई थी। ऐसे में इस बार चुनाव आयोग का लक्ष्य मतदान प्रतिशत में सुधार करना है। वहीं राजनीतिक दलों ने भी मतदाताओं को घरों से बूथ तक लाने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस मेरा बूथ-मेरा गौरव तो भाजपा बूथ पालक कार्यक्रम के तहत मतदान कराने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ये निगम का चुनाव नहीं है, बल्कि दिल्ली में पिछले कुछ सालों से जो भ्रष्टाचार हो रहा है, उसको जवाब देने का समय है। चुनाव प्रचार में लगातार काम करने के बाद विभिन्न कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद गुप्ता ने शनिवार को कहा कि चुनाव चाहे विधानसभा का हो या निगम का, इसमें हिस्सा लेना बहुत ही जरूरी है। ये लोकतंत्र का महापर्व है, लिहाजा बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर निकल कर इस महापर्व में हिस्सा लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिलाध्यक्षों से बात कर कहा है कि पार्टी के कार्यकर्ता रविवार की सुबह 7.30 बजे तक मतदान केंद्र पर वोटर सहायता टेबल लगा लें और सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रात: 8 से अंतिम क्षण 5.15 बजे तक घर घर दस्तक देकर लोगों को वोट डालने को प्रोत्साहित करें। सभी बूथ पालक, मंडल जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी पूरा दिन अपने अपने बूथ पर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करें।




वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि मतदान के लिए पूरी तैयारियां कर ली गई है। शनिसार को पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व निगम पार्षदों ने प्रत्याशियों के साथ चर्चा करके यह तय किया गया है मतदान केन्द्र पर लगने वाली टेबलों पर 15-15 कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम बनाई गई जो मतदाताओं की मदद के लिए मौजूद रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी 11 बजे से पहले अपना व अपने परिवार का मतदान करवा लें ताकि बाद में वे बुर्जुग, बीमार मतदाताओं को मतदान करने के लिए मदद कर सकें। कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए लोगों को प्रोत्सहान कर रहे हैं। जितना अधिक कार्यकर्ता मतदान कराऐंगे उतना अधिक लाभ कांग्रेस को होगा।

निष्पक्ष मतदान कराने के लिए कांग्रेस पार्टी ने रणनीति बना ली है ताकि विपक्षी दल चुनाव में गड़बड़ी न कर सकें। उन्होंने कहा कि 13 हजार से अधिक बूथों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ-मेरा गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया है जो मतदान के दिन अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाऐंगे।

प्रत्येक बूथ पर बारी-बारी 8-10 कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है, जो एक के बाद एक अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। भारद्वाज के मुताबिक प्रदेश कार्यालय में कंट्रोल रुम भी पूरी तैनाती के साथ काम करेगा, जो मतदान में आने वाली शिकायतों का निवारण करेंगे। विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं की तैनाती की जाऐगी जो उसके अंतर्गत आने वाले वार्ड की परेशानियों का हल करेंगे। जिला स्तर पर कंट्रोल रुम काम कर रहा है जो मतदान के दिन कल कांग्रेस प्रत्याशियों को आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए चुनाव आयोग के साथ समन्वय व सम्पर्क में रहेंगे।




दिल्ली नगर निगम चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी है। बूथ स्थलों पर ईवीएम पहुंच चुकी है। मतदान केंद्रों को सुरक्षाकर्मियों ने घेर लिया है।

# केजरीवाल ने लगाई घोटालों की झड़ी : अनुराग

- कोरोना काल में श्रमिकों को किया पलायन के लिए मजबूर, अब उन्हीं के नाम पर घोटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मतदान से एक दिन पहले फिर से आम आदमी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल सरकार के एक नए श्रमिक घोटाले का हवाला देते हुए कहा कि गत आठ साल में केजरीवाल ने दिल्ली वालों को भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल दिया है। साथ नए से नए भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया है।

अनुराग ठाकुर ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल सरकार एक ऐसी सरकार है जिसके किसी एक काम में नहीं बल्कि उसके हर काम में घोटाला है। डीटीसी बस खरीद घोटाला, स्कूलों में नए क्लास रूम, शराब घोटाला, हवाला घोटाला, विज्ञापन घोटाला और इन सबसे ज्यादा शर्मनाक श्रमिक सहायता फंड घोटाला जिसमें अरविंद केजरीवाल ने श्रमिकों के हक के हजारों करोड़ रुपये डकार गए। दो वक्त की रोटी कमाने के लिए मतदूर कितनी कड़ी मेहनत करते हैं और केजरीवाल भ्रष्टाचार करके, उनके हक का पैसा मारके खुद माला-माल हो रहे हैं।

ठाकुर के अनुसार, श्रमिक घोटाला एक बेहद शर्मनाक घोटाला है। केजरीवाल सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान दिल्ली में काम कर रहे उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बंगाल समेत अन्य राज्यों के श्रमिको को न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं दी और महामारी के बीच उन्हें पलायन करने को मजबूर किया। वहीं दूसरी ओर आज सामने आ रहा है कि कोविड काल के बाद इन्हीं श्रमिकों के नाम पर ब ?ा घोटाला किया है और जो दो लाख श्रमिक पंजीकृत कर उन्हें सहायता बांटी गई, उनमें से आधे से अधिक जांच में फर्जी पाए गए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने कार्यकाल में एक भी यूनिवर्सिटी तो नहीं बनाई लेकिन एक रेपिस्ट को थेरेपिस्ट बनाने का गजब फॉर्मूला सामने रखा।

एक कैदी जेलर की भूमिका में कैसे आ सकता है, यह उन्होंने सत्येन्द्र जैन से करके दिखवा दिया। यह खेद का विषय है कि वह अपने एक ऐसे मंत्री जिसकी जमानत याचिका न्यायालयों ने बार-बार खारिज की हैं, को इमानदारी का प्रमाण पत्र बांट रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी कामों को छोड़िए केजरीवाल ने तो चुनाव टिकट बांटने को भी एक घोटाला बना दिया है। एमसीडी चुनाव हो या फिर इससे पहले के विधानसभा चुनाव हो, पंजाब, गुजरात, हिमाचल के विधानसभा चुनाव हो, हर चुनाव का टिकट इन्होंने बांटा नहीं बल्कि बेचा है जिसके कई वीडियो भी सामने आए हैं।

# बिजनेस ब्लास्टर पर 30 करोड़ रुपये तो विज्ञापन पर 52 करोड़ खर्च का आरोप

- छात्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के मकसद से कक्षा 9 से 12वीं के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार पर विज्ञापन पर बड़ी धनराशि खर्च करने का आरोप लगे हैं। सरकार ने बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम के लिए आवंटित राशि का एक बड़ा हिस्सा उसके प्रचार-प्रसार कर खर्च कर दिया है। एलजी ऑफिस के मुताबिक, सरकार की बहुप्रचारित बिजनेस ब्लास्टर योजना के तहत लाभार्थियों को 30 करोड़ रुपए का लाभ मिलना था, लेकिन इस योजना के विज्ञापन पर 52 करोड़ खर्च किए गए है।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट करिकुलम पर केजरीवाल सरकार की एक आंतरिक रिपोर्ट में कहा कि छात्रों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के मकसद से कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा के लिए बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस परियोजना के लिए साल 2021-2022 में कुल 60 करोड़ आवंटित किए गए थे, जिसमें से स्कूलों को 56.14 करोड़ रुपए दिए गए। इस्तेमाल नहीं होने के कारण इस राशि में से स्कूलों ने 26 करोड़ वापस कर दिए थे। यानि कि इस योजना के मद में महज 30 करोड रुपए ही खर्च किए। वहीं, रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ने इस योजना के लिए विज्ञापनों पर 52.52 करोड़ रुपए खर्च किए. जोकि नवंबर 2021 से जनवरी 2022 तक केवल 2 महीनों के दौरान टीवी चैनलों पर के प्रसारण हुए।

## केजरीवाल सरकार की योजना फ्लाप : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** भाजपा इसको लेकर आम आदमी पार्टी पर हमलावार हो गई है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम पर आई दिल्ली सरकार की रिपोर्ट को सरकारी खजाने पर एक और डाका बताया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को उद्यमी बनाने की योजना में करीब 30 करोड़ रुपए खर्च किए गए लेकिन योजना के प्रचार पर 56 करोड़ से ज्यादा का खर्चा किया गया। बिधूड़ी ने मांग की है कि यह राशि आम आदमी पार्टी से वसूल की जाए।

## विहिप ने जेएनयू में ब्राह्मण विरोधी नारे लिखने वालों को बताया कायर

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में ब्राह्मण विरोधी नारे लिखने वालों को शनिवार को कायर वामपंथी करार दिया और कहा कि इस तरह की गतिविधियां विश्वविद्यालय परिसरों में शांति एवं समरसता में खलल डालने में कभी सफल नहीं होगी। विहिप ने कहा कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रवाद और समरसता का विचार अपनाया है, जिसे इस तरह के नारों से कमजोर नहीं किया जा सकता।

विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने एक वीडियो जारी कर कहा कि वह आश्वस्त हैं कि जेएनयू प्रशासन और दिल्ली पुलिस इस घटना की जांच करेगी तथा उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। बृहस्पतिवार को जेएनयू परिसर में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज भवन की कई दीवारों पर ब्राह्मण विरोधी नारे लिखे पाए गए थे, जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गई थी।

## राजधानी की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण लगातार खराब बनी हुई है। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान मौसम के औसम से एक डिग्री अधिक 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से एक डिग्री कम 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहर में शनिवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 370 (बहुत खराब) दर्ज किया गया।

# लॉरेंस बिश्नोई की एनआईए हिरासत 4 दिन बढ़ी

- आरोपी को वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत में पेश किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की एनआईए हिरासत शनिवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आरोप लगाया कि भारत और विदेश से संचालित एक अपराध सिंडीकेट के सदस्यों ने दिल्ली तथा देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिहाज से धन जमा करने एवं नौजवानों की भर्ती के लिए साजिश रची थी। एनआईए ने आरोप लगाया कि बिश्नोई समेत आरोपियों ने देश के लोगों के दिमाग में आतंकवाद का डर पैदा करने की मंशा से चुन-चुनकर प्रतिष्ठित लोगों की हत्या करने समेत जघन्य अपराधों की साजिश रची थी। बिश्नोई की 10 दिन की एनआईए हिरासत समाप्त होने पर उसे वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने उससे हिरासत में पूछताछ की अवधि बढ़ा दी।

एनआईए ने उसकी हिरासत 10 दिन और बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अदालत से कहा कि मामले में आरोपी आतंकवादी गिरोह व्यापक रूप से लोगों को आतंकित करने के लिहाज से इन अपराधों को प्रचारित और प्रसारित करने के लिए साइबर क्षेत्र एवं सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे थे।

# आबकारी नीति पर मनीष सिसोदिया को भाजपा की नसीहत


- उप मुख्यमंत्री को कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा : संबित पात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को दावा किया कि आम आदमी पार्टी ने आबकारी नीति का इस्तेमाल रिश्वत के लेन-देन के लिए किया था और इसे तैयार करने में शामिल रहे उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कानूनी कार्वाई का सामना करना होगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री सिसोदिया यह झूठ फैलाने के लिए संवाददाता सम्मेलनों के माध्यम से कहानियां गढ़ रहे हैं कि आबकारी नीति लागू करने में कोई घोटाला नहीं हुआ और सिसोदिया बेगुनाह हैं। पात्रा ने आबकारी घोटाले के आरोपी अमित अरोड़ा के खिलाफ हाल में एक अदालत में प्रस्तुत प्रवर्तन निदेशालय के रिमांड नोट का जिक्र करते हुए मीडिया से बातचीत में कहा, सिसोदिया के खिलाफ जांच चल रही है और उनके खिलाफ आरोप बहुत गंभीर हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के मामले में इस साल अगस्त में सिसोदिया और कई अन्य लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था। केजरीवाल सरकार ने आबकारी नीति के मामले में उप राज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश किए जाने के बाद नवंबर 2021 में लागू की गई इस नीति को समाप्त कर दिया था। पात्रा ने आरोप लगाया कि आप ने रिश्वत के लेन-देन के लिए आबकारी नीति बनाई थी।

## दिल्ली को कचरे के ढेर में बदला : डिप्टी सीएम



**नई दिल्ली।** मतदान से एक दिन पहले उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने शनिवार को आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली को कचरे के ढेर में बदल दिया है। साथ ही कहा कि एमसीडी चुनाव में लोग आम आदमी पार्टी को ही चुनेंगे। सिसोदिया ने दावा किया कि भाजपा 15 साल तक एमसीडी में सत्ता में थी जिसके कारण दिल्ली कूड़े के ढेर की राजधानी बन गई है। इसके बाद उन्होंने कहा कि लोग दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एमसीडी में अरविंद केजरीवाल को ही चुनेंगे। चुनाव के पहले मनीष सिसोदिया भाजपा से सीधा टक्कर ले रहे है। सिसोदिया ने आरोप भी लगाया था कि उपराज्यपाल और मुख्य सचिव भी भाजपा को चुनाव जिताने में मदद कर रहे हैं।

# 'न्याय के सिरों पर बुलडोजर चले तो कोर्ट आंख नहीं मूंद सकती'

- धर्मार्थ अस्पताल का पट्टानामा रद्द करने के आदेश पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब दिनदहाड़े न्याय के सिरों पर बुलडोजर चल रहा हो, तो लोकतंत्र की अंतरात्मा के रक्षक होने के नाते अदालत आंख नहीं मूंद सकती।

उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी सार्वजनिक भूमि पर बने धर्मार्थ अस्पताल का पट्टानामा रद्द करने के आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह न्याय का उपहास है कि सार्वजनिक भूमि पर एक धर्मार्थ अस्पताल चलाने और ठोस अनुसंधान और उपचार सुविधाएं प्रदान करने जैसे नेक काम में योगदान देने वाली संस्था को उसकी संपत्ति का पट्टानामा रद्द करने जैसी कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने कहा, कानून, जिसे कल्याण सुनिश्चित करने का एक साधन होना चाहिए, उसे मौजूदा मामले में अत्याचार के एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एक संवैधानिक अदालत और लोकतंत्र की अंतरात्मा की रखवाली होने के नाते, यह अदालत उस समय आंख नहीं मूंद सकती जब दिन के उजाले में न्याय प्रणाली और उसके सिरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा हो।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यह संस्था राज्य के कल्याणकारी कार्यों को लागू करने का काम कर रही है और इसके कारण इसके साथ होने वाला अनुचित उत्पीड़न कानून के शासन का अभिशाप होगा। उच्च न्यायालय ने खोसला मेडिकल इंस्टीट्यूट की एक अपील पर सुनवाई करने के दौरान यह बात कही।

# गंगा-जमुनी तहजीब का महोत्सव है जश्न-ए-रेख्ता : जावेद अख्तर

- कवियों, लेखकों और कलाकारों की शानदार प्रस्तुति दी सभी का मन मोहा, आज होगा समापन

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**




तीन साल के अंतराल के बाद शुक्रवार को यहां उर्दू और गंगा जमुनी तहजीब के महोत्सव जश्न-ए-रेख्ता की शुरुआत हुई, जिसमें कवियों, लेखकों और कलाकारों की शानदार प्रस्तुति हुई। जश्न-ए-रेख्ता के 7वें संस्करण का उद्घाटन रेख्ता फाउंडेशन के संस्थापक संजीव सराफ और शायर-गीतकार जावेद अख्तर ने यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में किया। तीन दिन तक चलने वाला समारोह रविवार को खत्म हो जाएगा। उद्घाटन सत्र में अख्तर ने कहा कि महोत्सव में शामिल होने वाले सभी लोग उर्दू साहित्य की सुंदरता और सांस्कृतिक एकता के प्रमाण हैं। लोकप्रिय शायर ने कहा कि उर्दू विशुद्ध रूप से हिंदुस्तानी भाषा है और यह भारत, इसके लोगों और कभी भारतीय रहे पाकिस्तानी लोगों, के अलावा कहीं और नहीं बोली जाती है। अख्तर ने कहा, यह इस देश की भाषा है। इसलिए यह सोचना गलत है कि यह कहीं और से आई है। अख्तर ने कहा कि उर्दू आम लोगों की भाषा होने की वजह से बगैर किसी संरक्षण के अब तक बची हुई है। उन्होंने कहा, यदि आप किसी के साथ संवाद करना चाहते हैं, तो आपको दूसरे व्यक्ति को समझाने के लिए अन्य भाषाओं के शब्द लेने होंगे। मैं पूरी तरह से शुद्ध भाषा के विचार के खिलाफ हूं। हिन्दी के रूप में उर्दू की एक जुड़वा बहन है। जब दोनों भाषाओं को जोड़ दिया जाता है, तो उनकी शब्दावली काफी विशाल हो जाती है। तीन दिन के इस महोत्सव में 150 से अधिक कलाकार हिस्सा लेंगे। इस दौरान गजल, सूफी संगीत, कव्वाली, दास्तानगोई, सामूहिक चर्चा, मुशायरा और कविता पाठ होंगे। सराफ ने उर्दू की नामचीन शख्सियतों गुलजार देहलवी, शम्सुर रहमान फारुकी और गोपीचंद नारंग को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कोविड-19 से अपनी जान गंवाई और कहा कि मुश्किल समय का सामना करने के बावजूद लोगों ने चुनौती स्वीकार की तथा बड़ी एकजुटता और ताकत दिखाई। सराफ ने कहा, कोविड-19 महामारी के कारण सामान्य जीवन में कई बाधाएं आईं, जिसके कारण महोत्सव भी दिसंबर 2019 के बाद नहीं हो सका। हालांकि, लोगों ने कठिन परिस्थिति को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया तथा बड़ी एकजुटता और ताकत दिखाई। उन्होंने कहा, हम सभी को भारतीय संस्कृति और एकता के इस उत्सव में शामिल होने और इसे अविस्मरणीय अनुभव बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं। सराफ ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य उर्दू भाषा, संगीत, कला, संस्कृति और इसकी भारतीय जड़ों के माध्यम से विभिन्न वर्गों के लोगों को एकजुट करना है। कविता और साहित्यिक उत्सव के विभिन्न सत्र में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, शैलेश लोढ़ा, दीया मिर्जा, नजीब जंग, मुजफ्फर अली, अनीसुर रहमान समेत अन्य नामचीन हस्तियां हिस्सा लेंगी।

# छात्रों की मांगों के आगे झुका जामिया प्रशासन, अनशन खत्म

- प्रवेश संबंधित गड़बड़ी समेत अन्य समस्याओं को लेकर नाराज थे छात्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जामिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में प्रवेश संबंधित गड़बड़ी समेत अन्य शैक्षणिक समस्याओं को लेकर छात्र पिछले दो दिन से धरने पर बैठे थे। जिसे विवि प्रशासन अनसुना कर रहा था। इससे नाराज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र शनिवार की सुबह से अनशन पर बैठे थे जिस पर जामिया प्रशासन संज्ञान लेते हुए भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के प्रतिनिधि मंडल से बात कर उनकी मांगो को माना जिसके बाद छात्रों ने भूख हड़ताल को तोड़ा।

सूत्रों के अनुसार 21 नवंबर को कश्मीरी छात्र एहसान अली का जामिया प्रशासन की लापरवाही के कारण दाखिले में हुए गड़बड़ी के विरोध में अभाविप ने धरना प्रदर्शन की शुरुआत किया था।

कश्मीरी छात्र एहसान अली को दाखिला इसलिए नहीं दे रहे थे क्योंकि उसकी फीस विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण समय पर जमा नहीं हो पाई थी। अभाविप ने जामिया में दाखिले का स्कोर कार्ड नहीं बताने का विरोध भी किया था तथा एडमिशन स्कोर कार्ड दिखाने की मांग कर रहे थे।

# लघु भारत बन चुका है मिलेनियम सिटी गुरुग्राम : मूलचंद शर्मा

## एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम देता है दूसरे प्रदेशों की सांस्कृतिक जानकारियां : नवीन गोयल

## भाजपा कार्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत मनाया असम स्थापना दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** भारत श्रेष्ठ भारत के तहत गुरुकमल भाजपा कार्यालय में असम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। एक तरह गुरुग्राम असमिया रंग में रंगा नजर आया। वहां का खान-पान, वहां की वेशभूषा और वहां के सांस्कृतिक गुरु द्रोण की धरती पर हुए तो यहां आसाम का नजारा दिखा।

समारोह में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि, अध्यक्षता पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा गोपीचंद गहलोत, विशिष्ट अतिथि के रूप में असम व नागालैंड के राज्यपाल के ओएसडी अतुल सिंघल और एनआरआई सैल भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रमुख संदीप देशवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक नवीन गोयल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सदस्य होने के नाते सभी अतिथियों व असम एसोसिएशन के सदस्यों का आभार जताया। अपने संबोधन में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम वर्तमान में लघु भारत बन चुका है। यहां पर सभी प्रदेशों व सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रह रहे हैं। अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों का गुरुग्राम के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की बुलंदियों को छू रहा है। सबका साथ सबका विकास के तहत भाजपा के 8 साल के शासनकाल में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक, हरियाणवीं एक के तहत पूरे हरियाणा में समान रूप से विकास कराया जा रहा है। सड़कों के बारे में बोलते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है जिससे आवागमन व व्यापार सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा वही करके दिखाया है। इस मौके पर पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत जो कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा द्वारा की गई है, वह काफी सराहनीय है। इससे अन्य प्रदेशों की संस्कृति और उनके खान-पान से यहां के लोग भी रूबरू होते हैं और आपसी भाईचारा बढ़ता है।

कार्यक्रम के संयोजक एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सदस्य नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमें दुनिया की भलाई पर ध्यान देना है। हमने एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य की थीम रखी है, इससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। हम हमेशा कहते हैं कि सबका कल्याण हो, सबको शांति मिले और सबको मंगल मिले। गोयल ने कहा कि इसी तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी आठ साल के साशनकाल में सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए काम किया है।

नवीन गोयल ने कहा कि असम स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य असम की संस्कृति और वहां के खान पान को जानने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में आए लोगों ने भी असम की संस्कृति को जाना और वहां के खान पान को भी समझा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने असम की संस्कृति की बेहतरीन प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने काफी सराहना की। इससे पहले उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाया था, जिससे वहां के लोगों ने इस शुरुआत की प्रशंसा की थी।

इस अवसर पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, असम एसोसिएशन गुरुग्राम के महासचिव ध्रुवपद दत्ता, अध्यक्ष जुगल किशोर मेहता, उपाध्यक्ष प्रशांत बरुआ, असोमिया वेलफेयर सोसायटी गुरुग्राम के अध्यक्ष पल्लब कुमार फुकन, सचिव त्रिदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोरंजन शर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।


गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय में असम दिवस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

# गीता महोत्सव के दूसरे दिन गूंजा शंखनाथ व स्वस्तिवाचन


गीता महोत्सव के दूसरे दिन स्टॉल्स का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गीता** जयंती महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत शंखनाद व स्वस्तिवाचन के साथ की गई। आजादी के अमृत महोत्सव व गीता थीम के साथ पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता द्वारा गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन का आगाज किया गया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग व जिला प्रशासन गुरुग्राम की संयुक्त भागीदारी के साथ आयोजित किए जा रहे गीता जयंती महोत्सव में आज वीणा राजमोहन तथा उनकी टीम ने गीता के सार पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति दी वही नुसरत खान ने भारत देश की महिमा का गुणगान अपनी प्रस्तुति में किया।

गीता महोत्सव की ओवरऑल इंचार्ज जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने गीता जयंती महोत्सव में लगाई गई स्टाल का अवलोकन करते हुए स्टाल संचालकों से उनकी स्टाल के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उनके साथ कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ गीता के श्लोक व मंत्रोचारण के साथ किया गया। आयोजित महोत्सव में आमजन द्वारा भी बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। गीता जयंती महोत्सव-2022 पूर्ण रूप से गीता के 18 अध्यायों व उनकी शिक्षाओं पर आधारित है, जिसमें आमजन को गीता पर आधारित बेहतरीन प्रस्तुति देखने को मिल रही है।

### इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुतियां

**गीता** महोत्सव में वीणा राजमोहन व उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से पूरे वातावरण को आध्यात्म व भारतीय संस्कृति से सराबोर कर दिया। उन्होंने गीता के सार पर अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने गीता के संदेश को बहुत ही सरल तरीके से समझाया।

इस प्रस्तुति में मानव जीवन के लिए गीता के महत्व, मोह माया से दूर रहना, नारी का सम्मान करना तथा मानवता का संदेश देने सहित गीता के मुख्य अंशों को दर्शाया गया था। इसके अलावा महोत्सव में सालवान पब्लिक स्कूल की छात्रा माही तेवतिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसी प्रकार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिकली के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें गीता जयंती महोत्सव के लिए लोगों को खुले दिल से निमंत्रण दिया गया। इसी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

# जिला पार्षद मनोज यादव ने गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की

**गुरुग्राम।** वार्ड-4 के नवनिर्वाचित जिला पार्षद मनोज यादव व साढराणा गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल पहुंचकर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने जिला पार्षद मनोज यादव का स्वागत किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि जिस तरह से मोदी मनोहर की सरकार पिछले 8 सालों से सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है।

उसी तरह आप भी अपने क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के कार्य करें। सेवा का भाव हमारा दायित्व और धर्म होना चाहिए। गांव का विकास शहर के बराबर हो उस लक्ष्य पर काम करें। नवनिर्वाचित जिला पार्षद मनोज यादव ने जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ को आश्वासन दिया कि वह भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के साथ हैं। इस दौरान जिला महामंत्री मनीष गाडौली, जिला उपाध्यक्ष हरबीर अधाना, कार्यालय मंत्री यादराम जोया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


गुरुग्राम में भाजपा जिला अध्यक्ष से मुलाकात करते जिला पार्षद मनोज यादव व अन्य।

# दिव्यांगजनों को समाज में बराबरी का मौका मिले : ओमप्रकाश यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि समाज की सामान्य विचारधारा है, जिसमें हम सभी दिव्यांगता को शारीरिक अक्षमता से जोड़ कर देखते हैं। यह जरूरी नहीं है कि सभी दिव्यांगजनों को अपनी जरूरतों को पूरा करने और जीवन जीने के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़े। वे शनिवार को सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन को सार्थक पहल के लिए शुरुआत में दूसरों की मदद की आवश्यकता होती है। यदि उन्हें मार्गदर्शन मिले और समाज में बराबरी का मौका मिले तो वे एक आत्मनिर्भर जीवन जी सकते हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं उनको शिक्षित कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए हरियाणा सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके कल्याण के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है। इसके साथ ही केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेश में ऐसी अनेक योजनाएं चला रही हैं, जिनके माध्यम से हम अपने दिव्यांग जनों को शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। राज्यमंत्री ने अपने संबोधन से पूर्व महाविद्यालय में विभागों व निजी संस्थानों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।


गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित करते मंत्री ओमप्रकाश यादव।

# समिति सदस्यों को एसडीएम और पंच-सरपंचों को ग्राम संरक्षक ने दिलाई शपथ


शनिवार को बीडीपीओ कार्यालय में समिति सदस्य को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

**सोहना।** खंड के 35 सरपंच और 296 पंचों को ग्राम पंचायतों में तथा एसडीएम ने बीडीपीओ कार्यालय 14 समिति सदस्यों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री के आह्वान पर जनप्रतिनिधियों को बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराने को संदेश दिया गया।

शनिवार को खंड की ग्राम पंचायतों में ग्राम संरक्षक के तत्वावधान में खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों में सुबह 11 बजे 35 सरपंच और 296 पंचों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर किया गया। जहां पर ग्रामीण भी भारी संख्या में मौजूद रहे। वहीं खंड के 14 समिति सदस्यों को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बीडीपीओ कार्यालय में बारी-बारी से बुलाकर शपथ दिलाई। जिसमें 6 महिला समिति सदस्या थी। 14 समिति सदस्यों में एक समिति सदस्य का चुनाव निर्विरोध हुआ था। शपथ ग्रहण समारोह को संबोंधित करते हुए एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने सभी समिति सदस्य और पंच तथा सरपंचों को बिना किसी भेदभाव और चुनावी रंजिश को भुलाते हुए विकास कार्य करने पर जोर दिया।

# बिजली निगम ने ब्याज माफी योजना 31 दिसम्बर तक और बढ़ाई

## आखिरी दिन 160 उपभोक्ताओं ने लाभ उठाते हुए 21 लाख रुपये बकाया बिल जमा किए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बिजली** निगम ने अपने दूसरे चरण में उपभोक्ताओं के लिए ब्याज माफी योजना को एक माह के लिए और बढ़ा दिया है। उपभोक्ता योजना के तहत 31 दिसम्बर तक ब्याज माफी योजना के तहत अपना बकाया बिल का भुगतान कर सकेंगे।

पहले चरण में योजना को एक सितम्बर से 30 नवंबर तक रखा था। जिसके आखिरी दिन 160 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए 21 लाख रुपये बकाया बिल जमा किए। जिसमें 9 लाख रुपये उपभोक्ताओं को ब्याज माफ का लाभ मिला है। बिजली निगम ने बिजली बिल बकायादारों को ब्याज माफी योजना का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समय सीमा बढ़ा दी है। अब यह योजना दूसरे चरण में शुरु करते हुए 31 दिसम्बर 2022 तक रहेगी।

पहले चरण में उपभोक्ताओं द्वारा बीते तीन माह तक अधिक ध्यान न देते हुए लाभ नहीं ले सके हैं। उपभोक्ताओं पर निगम का एक सितम्बर तक करीब 12 करोड़ रुपये का बकाया बिल था। पहले चरण में चली करीब तीन माह ब्याज माफी की इस योजना के तहत निगम को करीब 71 लाख रुपये की वसूली हुई है। जिसमें से पहले चरण के आखिरी दिन 30 नवंबर को 160 बकायदार उपभोक्ताओं ने इसका लाभ लेने के उद्देश्य से सायं 5 बजे तक बिल जमा कराएं थे। वहीं निगम ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के उद्देश्य से अपना कार्यालय सायं 7 बजे तक खोलकर रखा। आखिरी दिन निगम को 21 लाख रुपये की आय हुई। निगम द्वारा 160 उपभोक्ताओं को करीब 9 लाख रुपये का ब्याज माफ किया था।


बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में बिजली जमा करते उपभोक्ता।

### योजना अवधि बढ़ने के साथ उपभोक्ता दिखे सुस्त

**जैसे** ही एक दिसम्बर को निगम द्वारा उक्त योजना को 31 दिसम्बरत तक बढ़ाने की घोषणा की है। वैसे ही अपना बकाया बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या एसडीओ कार्यालय में कम हो गई है। उपभोक्ता कछुआ गति से ब्याज माफी योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से बिल जमा करने पहुंच रहे है।

“ **निगम** अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस ब्याज माफी योजना का लाभ देने के उद्देश्य से यह कर रहा है। जिसको लेकर ग्राम पंचायतों में मुनादी भी कराई जाएगी। ताकि समय रहते उपभोक्ता इसका पूरा लाभ उठाएं। इससे उपभोक्ता के साथ-साथ निगम को भी उसकी बकाया राशि की वसूली होगी।

**लियाकत अली**
**( एसडीओ बिजली निगम )**

# संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिलेगा समर्थन : हुड्डा



**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर क्षेत्र में गतिविधि तेज हो गई है। राहुल गांधी 21 दिसम्बर की रात को सोहना के बल्लभगढ़ मोड़ के समीप ठहरेंगे। शुक्रवार को दीपेन्द्र हुड्डा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर मौका मुआयाना किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, राव दानसिंह, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान चौधरीए मनीष गौढ़ समेत अन्य नेता मौजूद थे। दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि हरियाणा में राहुल गांधी को पूरा समर्थन मिलेगा। उनकी यात्रा को लेकर हरियाणा में सत्ता परिवर्तन का लोग मन बनाने लगे है। राहुल गांधी की यात्रा को भारी समर्थन मिलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणावासी अब भाजपा सरकार से बीते 8 वर्षों में परख चुके हैं। यदि हरियाणा और देश का कल्याण करने वाली एक मात्र कांग्रेस पार्टी है। राहुल गांधी की इस यात्रा से राज्य की ही नहीं केन्द्र की सरकार तो पहले दिन से मिलने लगा जनसमूह को देख हिलने लगी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा में राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया जाएगा, क्योंकि यहां से उनकी यात्रा हरियाणा में प्रवेश करेगी।

### युवा महोत्सव में दूसरे दिन लोक संगीत पर सामूहिक नृत्य



**सोहना।** युवा महोत्सव में दूसरे दिन कला और संस्कृति का संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपनी कला का बेहत्तरीन प्रदर्शन करके तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। एकल और सामुहिक डांस पर दर्शक दीर्घा में बैठे युवाओं ने जमकर आनंद लिया। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में शनिवार को युवाओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए वाही-वाही बटौरी। छात्रों ने हरियाणवी रागनियों पर एकल डांस करते हुए दर्शकदीर्घा में बैठने वालों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं सामुहिक डांस में पंजाबी, गुजराती, हरियाणा के लोकगीतों की धूम रही। आर्ट एण्ड कला के क्षेत्र में प्रतिभागियों ने समाचार पत्रों की कटिंग से शानदार मनमोहन वाली कलाकृतियां बनाई। दूसरे दिन 23 प्रतियोगिताएं हुईं। जिनमें सोलो डांस, क्लासिकल डांस, मिमिक्री, लोक गीत, वाद-विवाद आदि शामिल रही। युवाओं में कला का हुनर विद्यार्थी देश के निर्माता हैं। जो देश को उन्नति की ओर ले जाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में निखार लाती हैं। जिनसे अनुशासन व सयंम की भावना जागृत होती है। युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी कला का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### 19 वर्षीय युवती घर से संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** हरियाहेड़ा से संदिग्ध हालत में लापता हुई युवती के पिता ने थाना में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने घामडौज में किराए के मकान में रहने वाले युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। हरियाहेड़ा निवासी ने बताया कि वह गुरुग्राम में बस चलाता है। उसकी 19 वर्षीय बेटी घर पर ही रहती थी। शुक्रवार की दोपहर बाद समय करीब 2 बजे बिना किसी को कुछ बताएं घर से बाहर चली गई। काफी देर वापस न आने पर युवती को तलाशा गया। लेकिन देर शाम पता चला कि घामडौज में किराए के मकान में रहने वाला प्रेम नामक युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। भोंडसी पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए फरार युवक व लापता युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# दमदमा झील किनारे डीटीपी विभाग का फिर चला पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दमदमा** झील और अरावली पहाड़ी के बीच जिला नगर योजनाकार विभाग का पिला पंजा फिर चला। करीब 8 एकड़ जमीन पर बने 3 से 4 फार्म हाउसों को एनजीटी के आदेश पर ध्वस्त किया गया। बीते एक सप्ताह में डीटीपी विभाग की टीम ने चार अन्य फार्म हाउसों को नेस्तनाबूद किया था।

दमदमा झील और अरावली पहाड़ी के साथ-साथ लगती वन विभाग की धारा 4/5 के नियमों को ताक पर रखकर बनाए फार्म हाउसों को एनजीटी ने ध्वस्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। जिला नगर योजनाकार विभाग ने एनजीटी के आदेशों को पालना करते हुए शनिवार को एक बार फिर जेसीबी से अवैध रूप से बने फार्म हाउसों को ध्वस्त किया। डीटीपी विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। जिससे देख अवैध रुप से फार्म हाउस मालिक किसी प्रकार का विरोध जताने का साहस तक नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते डीटीपी विभाग द्वारा चलाई गई दो जेसीबी से 3 से 4 फार्म हाउसों को पूरी तरफ से ध्वस्त किया। इन फार्म हाउसों के अंदर पिछले 10 वर्ष से कोई नया निर्माण नहीं मिला। इससे पूर्व किए गए निर्माण पत्थरों से बने थे।


शनिवार को दमदमा झील के साथ बने अवैध फार्म को ध्वस्त करता डीटीपी विभाग का पीला पंजा।

### वन्य प्राणियों का रहना होगा आसान

**मालूम** रहे कि दमदमा झील से लेकर जिला फरीदाबाद के गांव मांगर से लेकर सोहना के गांव हरचंदपुर तक लगती अरावली पहाड़ी में वन्य प्राणियों की जनसंख्या बढ़ने लगी है। जिसमें मुख्य रूप से तेंदुओं की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। दमदमा झील में साल भर पानी होने से वन्य प्राणियों को जलाशयों की कमी नहीं हो रही है। लेकिन झील के साथ-साथ आवासीय गतिविधियां होने के कारण वन्य प्राणियों के जीवन में बाधा बनता जा रहा है। वहीं दूसरी और अवैध निर्माण के खिलाफ एनजीटी ने कड़े कदम उठाने से अवैध निर्माणों का खात्मा किया जा रहा है।

# जी पर क्रिकेट की वापसी की घोषणा करने के लिए सहवाग और जी की साझेदारी हुई

## नए कैम्पेन में आईएलटी 20 के उद्घाटन सत्र की घोषणा की गई

## ये 10 जी चैनल्स एवं इसके ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर लाईव टेलीकास्ट होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**खेल** प्रसारण में वापसी करते हुए जी ने जनवरी, 2023 में यूएई में शुरू हो रहे आईएलटी 20 के उद्घाटन सत्र की घोषणा करने के लिए एक आकर्षक नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान में वीरेंद्र सहवाग रोमांचक टी20 एक्शन की झलक प्रस्तुत करेंगे। इस कैम्पेन फिल्म में सहवाग के व्यक्तित्व के अनुरूप आईएलटी 20 लीग में प्रत्याशा उत्पन्न करने के दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

फिल्म की शुरुआत में नजफगढ़ के नवाब पूल के पास आराम करते हुए दिखाई देते हैं, जब कलाकार ब्रिजेंद्र काला अभिनीत उनका सेक्रेटरी उन्हें बताता है कि जी सिनेमा ने उन्हें एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए बुलाया है। जी सिनेमा एक प्रतिष्ठित मूवी डेस्टिनेशन होने के नाते आरआरआर, सूर्यवंशी, राधे जैसी फिल्मों का पर्याय है, पूर्व विश्व कप विजेता को विश्वास हो जाता है कि यह कॉल फिल्म में किसी भूमिका के लिए है। वह बताने लगते हैं कि किस प्रकार वो हमेशा से जानते थे कि उनका चेहरा मूवीज में आने के लिए परफेक्ट है, तभी काला उन्हें बताते हैं कि ज़ी ने उन्हें जिस प्रोजेक्ट के लिए बुलाया है, वह नई क्रिकेट लीग के लिए है, यह सुनकर वह चकित रह जाते हैं। जी के सीएमओ-कंटेंटएसबीयूज़ी, कार्तिक महादेव ने कहा, ''हम जी पर क्रिकेट की वापसी के साथ खेलप्रेमियों से जुड़ने का अवसर पाकर उत्साहित हैं। हम विभिन्न भाषाओं में जी मूवी प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर टी20 क्रिकेट फैंस को बेहतरीन अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। हमारा ब्रांड उस जोश को समझता है, जो मूवी की फैनडम लेकर आता है, यह काफी रोमांचक है कि मूवी और क्रिकेट फैनडम की दो दुनिया जी मूवी चैनल्स पर एक साथ आ रही हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह लीग 3 भाषाओं में हमारे 10 मूवी चैनल्स पर प्रसारित होगी, जिसे मूवी के 419 मिलियन दर्शक और हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म जी5 के दर्शक देखेंगे। इस नई लीग के लिए हमने विस्तृत और विभिन्न चरणों में कैम्पेन की योजना बनाई है। हम सहवाग द्वारा लीग की घोषणा को लेकर बहुत उत्साहित हैं, वो इसके लिए स्वाभाविक रूप से बिल्कुल उपयुक्त हैं। कैम्पेन फिल्म का लिंक है:http://bitly.ws/&n|z




टिकी-टका के संस्थापक और क्रिएटिव हेड, जिगर फर्नांडिस ने कहा, ''क्रिकेट उस प्लेटफॉर्म पर लौट रहा है, जो मूवीज, मस्ती और मैजिक का पर्याय है। इस पर क्रिकेट और सिनेमा मनोरंजक रूप में आए। क्रिकेट के नए गंतव्य के रूप में जी सिनेमा के बारे में जागरुकता बढ़ाया जाना जरूरी था। सहवाग सर के साथ इस तरह खेल होना और मजाक करना अच्छा था। वह कैमरा के सामने स्वाभाविक रहते हैं।

# दिव्यांगजनों को तीन दिन दे रहे प्रमाणपत्र बनवाने की सुविधा

कविता। फरीदाबाद

**दिव्यांगों** को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब अधिक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है, क्योंकि विशेष योग्यता रखने वाले लोगों के लिए अब प्रमाण पत्र बीके सिविल अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन बनाए जा रहे हैं। जिसके तहत विशेष योग्यता रखने वाले लोगों को केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा, इसके बाद अगले दिन कागज दिखाने पर आगे का प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रमाणपत्र जारी करके दिए जा रहे है। अब तक जिले में 2010 से अब तक करीब 11500 विशेष योग्यता

### जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक 115 बनाए जा चुके हैं प्रमाणपत्र




वाले लोगों के प्रमाण प्रत्र बन चुके हैं। ऑनलाइन प्रमाण पत्र की सुविधा वर्ष 2020-21 में शुरू की गई थी।

जानकारी के मुताबिक विशेष व्यक्तियों के लिए राज्य सरकार की तरफ से अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, लेकिन सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए विशेष व्यक्तियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। जिन व्यक्तियों के पास पहले से प्रमाण पत्र मौजूद है। उन्हें भी समय-समय पर इन प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे, क्योंकि सप्ताह में मात्र एक ही दिन प्रमाण पत्र प्रत्येक बुधवार को जारी किए जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है, ऑनलाइन प्रणाली के तहत प्रमाण पत्र सप्ताह में तीन दिन बनाए जा रहे हैं। जिसमें विशेष व्यक्तियों को ऑनलाइन फार्म भरकर, विभाग में आकर प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शुरू करवाने के बाद प्रमाण पत्र बन जाता है। जिसके कारण वर्ष 2010 से अब इस साल अब तक करीब 11500 प्रमाण पत्र जारी किए जा सके हैं।

**ऐसे होता है काम :** दिव्यांगों को स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर आवेदन करने होंगे। जांच अधिकारी अपनी रिपोर्ट भी ऑनलाइन लगाएंगे।

इसके बाद ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी हो सकेगा। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद चिकित्सक से समय लेकर यहां तैनात कर्मचारी गोपाल लाभार्थी को फोन करके बुला लेते हैं। जिसके बाद दिव्यांग चिकित्सक के पास पहुंचकर जांच करवाऐंगे और उन्हें प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया जाता है।

# सभी धर्मों का सार है श्रीमद् भागवत गीता : मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

### श्रीमद् भागवत गीता में लुप्त होती हुई संस्कृति के प्रचार के बदौलत भारत विश्व गुरु देश बना : रावत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 स्थित कन्वेशन हाल में आयेजित गीता जंयती के अवसर पर संबोधित करते केन्द्रीय राज्यय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में प्राचीन भारतीय संस्कारों के प्रचार-प्रसार से भारत देश विश्वगुरु बना है। गीता मनुष्य को जीवन जीने की राह दिखाती है। यदि हम गीता के संदेशों को अपने दैनिक जीवन में धार लें तो यह मनुष्य के जीवन बेहतरी की ओर लेकर जाती है।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर शनिवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि कन्वेंशन हाल में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का दूसरे दिन भी शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ किया गया। इसके बाद उन्होंने गीता प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों व सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर बारीकी से अवलोकन किया।

अपने संबोधन में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा हरियाणा की पवित्र भूमि जहां भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को गीता का उपदेश दिया आज पूरी दुनिया के लिए एक सिख के लिए जानी जाती है। हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिन्होंने गीता महोत्सव को शुरू-शुरू करने में बहुत बड़ा योगदान दिया। इसको मनाने की पीछे का बड़ा उद्देश्य यहीं है कि हम अपने इतिहास को ना बोले भूलें। श्रीमद्भागवत गीता व्यक्ति को जीवन जीने की कला सिखाती है और यह धर्मों का सार भी है। मानव जाति के कल्याण के लिए गीता का ज्ञान बहुत जरुरी है। यह हमारे लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रही है। अंधकार से प्रकाश में जाने का माध्यम श्रीमद्भागवत गीता ही है। गीता का ज्ञान अजर, अमर और सास्त्विक है जो हर युग में जीवंत भी है। गीता में सबसे ज्यादा कर्म करने पर बल दिया गया है। जिस पर हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पूरी तरह से फोकस है। आने वाले 25 साल देश के लिए अमृत काल हैं और इन 25 सालों में सभी देशवासियों को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए इस देश को सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। जब देश आजादी का 100 वा वर्ष मनाएगा तब हमारा देश दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश होगा ऐसा प्रधानमंत्री मोदी जी ने लाल किले से देशवासियों को आह्वान किया है उन्होंने भी गीता के संदेश को लाल किले से दुनिया के सामने पेश किया है। बिना कर्म किए भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रों में शामिल हो जाएं यह संभव नहीं। उसके लिए सभी देशवासियों को कर्म करना होगा अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा यही तो गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को संदेश दिया है। अपनी उन्नति और समाज और देश की उन्नति यह तीनों उन्नति कर्मों में समाई हुई है। अपना समाज और राष्ट्र का विकास करना है तो हम सबको कर्म करना चाहिए। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा है एक मेरी माँ है जिसने मुझे जन्म दिया और दूसरी मां श्रीमद् भागवत गीता है। मेरी जन्म देने वाली मां तो अब इस दुनिया में नहीं लेकिन मुए कुछ मांगना होता है तो में श्रीमद् भागवत गीता की शरण में जाता हूं।

## 35 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या




बीके अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े मृतक के परिजन। इनसेट में मृतक की फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के गांव किडावली में बीती रात दो लोगों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान मृतक घर के बाहर कुत्ते को लेकर टहल रहे थे। मृतक व्यक्ति दिल्ली के जैतपुर के रहने वाले हैं और पिछले छह महीने से किडावली गांव में अपने खेतों में मकान बनाकर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से दिल्ली के जैतपुर में रहने वाले 59 वर्षीय जोगिन्द्र सिंह की जमीन यहां के गांव किडावली में स्थित है। पिछले करीब छह महीने से वे किडावली गांव में अपने खेतों में मकान बनाकर रहे थे। मृतक के बेटे बिट्टू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनके पिता जोगिन्द्र सिंह ने कई साल पहले किडावली गांव में खेतीबाड़ी करने के लिए चार एकड़ जमीन खरीदी थी, लेकिन अब वे अपनी इस जमीन को बेचना चाहते थे। वर्ष 2018 में उन्होंने इस जमीन को जैतपुर निवासी अख्तर को बेचने के लिए चार करोड़ 25 लाख रुपये में सौदा तय किया था। अख्तर ने 35 लाख रुपये दे दिये थे। शेष रकम 22 महीने में देने का करार किया था। लेकिन अख्तर ने तय समय में भुगतान नहीं किया। जिसके कारण यह सौदा रद्द हो गया था। जिसके कारण अख्तर ने अपने मन में रंजिश पाल ली थी। बीती रात करीब 12:40 जोगिन्द्र सिंह अपने कुत्ते को लेकर घर के बाहर टहल रहे थे। उसी दौरान अख्तर ने अपने साथी कालू के साथ मिलकर जोगिन्द्र को गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।

## लूटपाट की नीयत से की गई थी कौराली गांव में हत्या

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश व उनकी टीम ने 4 दिन पहले कोराली रोड पर की गई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में लूटपाट करने के इरादे से हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रशांत उर्फ जैकी है जो फरीदाबाद की जुन्हेड़ा गांव का रहने वाला है। आरोपी की उम्र करीब 25 वर्ष है और वह नशा करने का आदी है तथा नशे की आपूर्ति के लिए लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने 27-28 नवंबर की रात साइकिल सवार कोराली निवासी रविंद्र नाम के एक व्यक्ति के साथ लूटपाट के इरादे से उस पर हमला किया परंतु विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से वार करके रविंद्र की हत्या कर दी। इस मामले में सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। मामले में तिगांव थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम में आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही थी और सीसीटीवी फुटेज तथा गुप्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त की जा रही थी। आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 ने आरोपी को कल गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशेड़ी है और किसी प्रकार का काम धंधा नहीं करता तथा लोगों के साथ लूटपाट करके ही नशे की आपूर्ति करता है। मृतक रविंद्र कोराली गांव का रहने वाला था जो फरीदाबाद के सेक्टर 68 में चाय की दुकान करता था।

# 3484 परीक्षार्थियों में से 2778 ने उपस्थित होकर दी परीक्षा

### पासपोर्ट के कारण हुई परेशानी, सुरक्षाकर्मी ने मांगा आधार कार्ड

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि अध्यापक पात्रता परीक्षा में जिला सभी प्रशिक्षण संस्थान/कोचिंग सेन्टर बन्द रहे। परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों पर धारा-144 होगी लागू रही।

परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों की शनिवार को इवनिंग सत्र में 79.73 प्रतिशत रही उपस्थिति रही। शनिवार को सायंकालीन सत्र में 3484 परीक्षार्थियों मे से 2778 ने उपस्थित होकर परीक्षा दी है। आज 4 दिसम्बर रविवार को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा होगी। परीक्षा को लेकर एसडीएम पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं उनहेंने बताया कि शनिवार को नेत्रहीन



एनआईटी के डीएवी स्कूल में एचटीइटी की परीक्षा के दौरान चेकिंग करते हुए।

विद्यार्थियों को 20 मिनट अतिरिक्त समय दिया गया। महिलाओं के लिए बिन्दी, मांग सिंदूर व मंगलसुत्र डालने की परीक्षा केन्द्रों पर छूट रही। इस दौरान एक परीक्षार्थी को पासपार्ट लाना भारी पड़ गया।

चार दिसम्बर को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर पूरी है। एचटेट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की डयूटियां निर्धारित करते हुए एसडीएम बडखल पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि चार दिसम्बर को सुबह 10 बजे से साढ़े 12 व सांय सत्र में तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक छात्र-छात्रा का आई स्केन किया जाएगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर बायोमैट्रिक हाजिरी तथा जैमर की व्यवस्था की गई। इस परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रकार की तैयारियां पूर्ण की गई है।

## महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश तथा एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने सोशल मीडिया पर महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी को संगरूर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जीवन ज्योत है जो संगरूर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ एनआईटी थाने में आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने एनआईटी एरिया की रहने वाली एक महिला को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजे थे। पुलिस को दी अपनी शिकायत में महिला ने बताया कि आरोपी पिछले 5-6 महीने से उसे इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रहा है और उसे अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रखा है। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। साइबर तकनीक के आधार पर आरोपी के संगरूर में होने का पता चला जिसके पश्चात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता की अगुवाई में गठित की गई।

# जिला में छोटी सरकार को दिलवाई गई विधिवत शपथ




सेक्टर-12 लघु सचिवालय में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते जिला परिषद के सदस्य।



गांव जाजरू में शपथ लेते सरपंच अजय व अन्य सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** में छोटी सरकार को दिलवाई विधिवत शपथ गई। जिला परिषद जिला परिषद सदस्यों का शपथ ग्रहण जिला के लघु सचिवालय में आयोजित किया गया। वहीं पंचायत समिति के सदस्यों सदस्यों को तीनों ब्लाकों में एसडीएम द्वारा शपथ दिलवाई गई।

पंच व सरपंचों को ग्राम स्तर पर पंचायत एवं विकास विभाग के डायरेक्टर संजय जून, डीडीपीओ राकेश मोर, बीडीपीओ अजीत सिंह तथा अन्य ग्राम पंचायतों के संरक्षक अधिकारियों ने शपथ दिलवाई। डीसी विक्रम सिंह ने शनिवार को लघु

### जिला पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ

सचिवालय में नवनिर्वाचित सभी 10 जिला परिषद के सदस्यों को शपथ दिलवाई। उन्होंने वार्ड नंबर 1 से हरिंदर सिंह, वार्ड नंबर 2 से समीना, वार्ड नंबर 3 से अब्बास खान, वार्ड नंबर 4 से विजय सिंह,वार्ड नंबर 5 से श्वेत स्नेहा, नंबर 6 से डॉली शर्मा, वार्ड नंबर 7 से धर्म चौधरी, वार्ड नंबर 8 से रेखा, वार्ड नंबर 9 से अनिल और वार्ड नंबर 10 से रेखा को परिषद सदस्य के तौर पर शपथ ग्रहण समारोह में शपथ दिलवाई।

**शपथ ग्रहण समारोह :** एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने पंचायत समिति चुनाव में तिगांव ब्लॉक के सदस्यों के तौर पर वार्ड 1 से ओमप्रकाश, वार्ड 2 से प्रवीण कुमार, वार्ड 3 से शशि, वार्ड 4 से जय भगवान, वार्ड 5 से पूनम, वार्ड 6 से वर्षा, वार्ड 7 से इलियास, वार्ड 8 से इन्द्रेश, वार्ड 9 से कुलदीप सिंह, वार्ड 10 से सरोज बाला, वार्ड 11 से कृष्ण कुमार, वार्ड 12 से मीनू कुमारी, वार्ड 13 से पवन, वार्ड 14 से सुनील कुमार, वार्ड 15 से अनिता अधाना और वार्ड 16 से जसवंत सिंह शपथ दिलवाई।

**बल्लभगढ खण्ड में :** एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने बल्लभगढ़ ब्लॉक में पंचायत समिति सदस्य के तौर पर वार्ड एक से असीम, वार्ड 2 से रचना, वार्ड 3 से रविंद्र सिंह ,वार्ड 4 से पूनम, वार्ड 5 से प्रवीण, वार्ड 6 से प्रीति, वार्ड 7 से सनोवर, वार्ड 8 से डोली रानी, वार्ड 9 से यशपाल, वार्ड 10 से चंद्रपाल, वार्ड 11 से कंचन, वार्ड 12 से काजल, वार्ड 13 से शिवचरण, वार्ड 14 से उमेश रावत, वार्ड 15 से वर्षा, वार्ड 16 से योगेश कुमार व वार्ड 17 से खुशबू , वार्ड 18 से पिंकी, वार्ड 19 से दिनेश कुमार, वार्ड 20 से हरप्रीत कौर, वार्ड 21 से शिवम, वार्ड 22 से सोनम, वार्ड 23 से लवकेश, वार्ड 24 से सुमेश कुमार, वार्ड 25 से राधा रानी, वार्ड 26 से निशू, वार्ड 27 से विनय चौधरी और वार्ड 28 से ज्योति को शपथ दिलवाई।

## भिवानी रैली में पहुंच कर ताकत दिखाएं कार्यकर्ता : दुष्यंत

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला शनिवार को जिला फरीदाबाद में आगामी 9 दिसंबर को भिवानी में होने वाली जननायक जनता पार्टी के 5 वे स्थापना की रैली का निमंत्रण देने फरीदाबाद पहुंचे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 5 वर्ष पहले बनी पार्टी का स्थापना दिवस भिवानी मेला ग्राउंड में मनाया जाएगा।

उन्होंने कहां की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला का कहना है कि फरीदाबाद के वर्कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और संगठन की ताकत को दिखाने का काम करें। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले बनाई जननायक जनता पार्टी को तोड़ने के लिए बहुत ताकतों का प्रयोग किया लेकिन एकता और संगठन मजबूत होने के कारण सफलता नहीं मिली मजबूत संगठन के बूते ही आज पार्टी सहयोगी दल की भूमिका से प्रदेश की सत्ता में भागीदार है। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले माह तक 1,80,000 से नीचे की आय वाले



परिवार को बीपीएल की श्रेणी में जोड़ने का काम प्रदेश सरकार करेगी और हरियाणा प्रदेश मात्र एक ऐसा प्रदेश है, जहां 27 लाख परिवारों को मुफ्त इलाज देने का काम हरियाणा सरकार ने किया है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। भिवानी में इकट्ठा होकर रिकॉर्ड बनाने का काम आप करे। उन्होंने कहा कि आगामी एक-दो माह के अंदर ही निगम चुनाव की घोषणा होगी चुनाव लड़ने के इच्छुक साथी अपने ज्यादा से ज्यादा साथियों को पांचवे स्थापना दिवस पर लेकर पहुंचने का काम करें। इसके अलावा हाल में संपन्न हुए जिला पार्षद चुनाव में जीते वार्ड नंबर 2 से इमरान खान और वार्ड 3 से जीते अब्बास खान ने उप मुख्यमंत्री को गुलदस्ता देकर मुलाकात की।

# संक्षिप्त समाचार

## बच्ची से छेड़छाड़ करने का एक आरोपी गिरफ्तार किया



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता तथा डायल 112 की टीम ने 4 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आमिर खान है जो मेवात के उटावड़ का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें आरोपी ने एक 4 वर्षीय छोटी बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। आरोपी फरीदाबाद में डीजे बजाने वाले लोगों के पास सहायक का काम करता है और फरीदाबाद में अपने किसी रिश्तेदार के पास रहता है। आरोपी 1-2 दिसंबर की रात सेक्टर 31 एरिया में किसी फंक्शन में डीजे के साथ गया हुआ था, जहां पर उसे छोटी बच्ची दिखाई थी। आरोपी ने लड़की के साथ गलत हरकत करने की नियत से उसे टॉफी देकर बहला लिया और उसे लेकर वहां से थोड़ी दूर चला गया जहां पर उसने लड़की के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की परंतु लड़की के चिल्लाने पर व आसपास के लोगों को देखकर वहां से भाग गया। इसके पश्चात वहां पर मौजूद लोगों ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी तथा डीजे मालिक व अन्य लोगों की मदद से आरोपी को थोड़ी देर पश्चात ही काबू कर लिया गया। डायल 112 की टीम ने आरोपी को महिला थाना सेंट्रल के हवाले किया जहां आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया।

## गीता के श्लोकों से आनंदमयी हुई फरीदाबाद की धरा

**फरीदाबाद।** केंद्रीय उर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के ढाई हजार विद्यार्थियों ने सेक्टर 12 स्तिथ कन्वेंशन सेंटर के ग्राउंड में गीता महोत्सव के अवसर पर पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता के 18 श्लोकों का उच्चारण किया। तीन दिवसीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, भाषण, संवाद, चित्रकला आदि कराई जा रही है। तीन दिवसीय गीता महोत्सव में आज दूसरे दिन जिले के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के ढाई हजार विद्यार्थियों द्वारा पवित्र ग्रंथ गीता के 18 श्लोकों का उच्चारण किया गया। गीता जयंती के दिन श्रीमद् भागवत गीता का पाठ संपूर्ण देश में किया जाता है। श्रीमद् भागवत गीता में 18 अध्याय हैं। जिनमें छह कर्म योग, छह ज्ञान योग और आखिर के छह अध्याय भक्ति योग पर आधारित हैं। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नयनपाल रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपायुक्त विक्रम सिंह, एडीसी अपराजिता, हरियाणा रेडक्रॉस चेयरमैन सुषमा गुप्ता, नगर निगम नगर निगम की जॉइंट कमिश्नर डॉ शिखा, सीटीएम अमित मान, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ,जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## कंप्यूटर लिटरेसी को बढ़ावा दे रहा है रोटरी क्लब

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन के चार्टर्ड प्रधान जेपी मल्होत्रा ने रोटेरियन अमरजीत लाम्बा के साथ रोटरी क्लब फरीदाबाद मिड टाउन द्वारा जीव कल्याण संस्थान परिसर में चल रहे कंप्यूटर स्किल रोटरी लिटरेसी सेंटर का दौरा किया। सेंटर में 10 से 65 वर्ष के लोगों के 10 विद्यार्थियों के 8 बैच चल रहे हैं। इन बैच में विद्यार्थियों को जहां कंप्यूटर वर्किंग की बेसिक जानकारी प्रदान की जा रही है, वहीं विद्यार्थियों को नये परिवेश के अनुरूप कंप्यूटर शिक्षा के लिये प्रेरित व जागरूक किया जा रहा है। रोटरी कंप्यूटर लिटरेसी सैंटर का आरंभ रोटेरियन अशोक कंटूर द्वारा 13 नवम्बर को किया गया था। चार लाख से अधिक लागत वाले इस सैंटर की स्थापना रोटरी क्लब फरीदाबाद मिड टाउन ने की है। रोटरी क्लब फरीदाबाद मिड टाउन के प्रधान श्री विजय राघवन और जीव कल्याण संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि इस सैंटर में कंप्यूटर स्किल संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि समाज के सभी वर्गों को कंप्यूटर तकनीक से जोड़ा जा सके। उल्लेखनीय है रोटरी फरीदाबाद मिड टाउन द्वारा थैलासीमिया केयर सैंटर, ब्लड डोनेशन वैन, कैंसर डिडक्शन व मीमोग्राफी बस, सिंगर स्विंग स्किल सैंटर जारी हैं जबकि रोटरी कंप्यूटर लिटरेसी सैंटर को इसी श्रृंखला की एक कड़ी बनाया गया है। सैंटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें महिलाएं व पुरूष भले वह किसी भी आयु की हों, को कंप्यूटर शिक्षा से प्रशिक्षित किया जाए। रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन के प्रधान विजय आर राघवन, अमरजीत सिंह लाम्बा, सतीश गोंसाई, जेपी मल्होत्रा, मुनीष कुमार शर्मा, नरेश शर्मा, दिनेश जांगिड़, उपेंद्र सिंह, इंद्रपॉल, अशोक गुप्ता, सतीश गुप्ता, जितेंद्र सिंह ग्रोवर, डा अरूण गुप्ता इस मुहिम में तत्परता से कार्यरत हैं। जीव कल्याण के महासचिव प्रहलाद गर्ग ने बताया कि कंप्यूटर स्किल के लिये कुल आठ ग्रुप बनाए गए हैं, जिनमें प्रति ग्रुप में दस ट्रेनी शामिल किए गए हैं जोकि प्रतिदिन एक घंटे की कक्षा में शामिल होते हैं जबकि सप्ताह में छह दिन कक्षाएं लगाई जाती हैं। सेंटर में कंप्यूटर की बेसिक नॉलेज प्रदान की जा रही है जो कि वर्तमान परिवेश में सभी वर्गों के लिये आवश्यक है।

## वाहनों के धुएं से बढ़ रहा प्रदूषण, नियंत्रण आवश्यक




**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे के अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और स्काउट्स गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रदूषण से होने वाली क्षति को देखते हुए प्रत्येक वर्ष दो दिसंबर को नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे के रूप में मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य पॉल्यूशन से छुटकारा पाने के उपायों पर चर्चा करना होता है। प्रदूषण से मात्र दिल्ली या एनसीआर या भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व परेशान है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रदूषण के तीन रूप हैं प्रथम एयर पॉल्यूशन, द्वितीय साउंड पॉल्यूशन और तृतीय वॉटर पॉल्यूशन। ये तीनों ही हमारे शरीर को अनेकों बीमारियां दे रहे हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, प्राध्यापक राजीव लाल, प्राध्यापक दीपक और रविंद्र ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए पेटिंग बनाने वाली छात्राओं का अभिनंदन किया और प्रदूषण कम करने के सार्थक प्रयास जैसे पौधारोपण, अधिक से अधिक साइकिल चलाना, पॉलिथीन व प्लास्टिक का बहिष्कार आदि के लिए गंभीरता से कार्य करने के लिए अपील की।

## दिव्यांग दिवस पर लोगों को किया जागरुक

**फरीदाबाद।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में सोसायटी फॉर एडवांस स्टडी इन रिहेबिलिटीटेशन की तरफ से नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक किया। इस दौरान वहां प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों ने विशेष योग्यता रखने वालों को किस तरह से शहर में प्रताड़ित किया जाता है और किस तरह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं उस दौरान विशेष योग्यता वाले लोगों को किस तरह से आगे बढ़ाने का काम किया जाए। इस विषय पर जागरूक किया। इस मौके पर सेंटरके शिक्षक उपेन्द्र पाल ने बताया कि उनका सेंटर दयालबाग में पिछले 12 वर्षो से चल रहा है। जिसमें वह प्राईमरी और सेकेंडरी शिक्षक बनाने का अवसर विद्यार्थियों को प्राप्त करते है। यह शिक्षक विशेष योग्यता वाले बच्चों को पढ़ने में मदद करते हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व शिकायतों की भरमार



शिकायतें सुनते मुख्य विकास अधिकारी व एसडीएम

संवाददाता। घाटमपुर

**तहसील** के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से संबन्धित शिकायतों की भरमार रही, पुलिस से संबन्धित शिकायतें भी डेढ़ दर्जन के करीब आयीं।

रोस्टर के तहत समाधान दिवस में जिलाधिकारी को आना था पर वो नही आये जिसके चलते उनकी जगह पंहुचे मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार और एसडीएम अमित कुमार ओमर ने संयुक्त रुप से शिकायते सुनी तथा आधीनस्तों को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अन्दर निस्तारण का आदेश दिया है। समाधान दिवस में घाटमपुर के मोहक्षा कदरा ( हाफिजपुरा ) से पंहुचे जमील पुत्र अब्दुल वहीद ने उप जिलाधिकारी अमित कुमार ओमर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गैर आबाद गाँव आलादादपुर में उसकी जमीन दो गाटा संख्या में कुल रकबा- 05260 है जिसे आछी मोहाल पश्चिमी कस्बा घाटमपुर निवासी नौशाद अहमद को मिट्टी खनन के लिये उठाया था, मिट्टी खनन में 4 फुट गहराई मिट्टी उठाने की शर्त थी और खनन के बाद खेत को समतल करके वापस देने की बात भी थी, लेकिन नौशाद ने 4 फुट गहराई की जगह 6 फुट गहराई तक मिट्टी उठायी है। एडीएम ने कोतवाली प्रभारी को जाँच कर आवश्यक कार्यवाही का आदेश दिया है। बिकास खण्ड पतारा के ग्राम पंचायत बारा दौलतपुर के प्रधान कृष्ण चंद्र ने मुख्य बिकास आधिकारी सुधीर कुमार को बताया कि राजस्व अभिलेखों में उनकी ग्राम पंचायत बारा दौलतपुर के जूनियर हाई स्कूल ( उच्च प्राथमिक विद्यालय ) के नाम 18 बीधा कृषि भूमि दर्ज है पर हार साल इस भूमि को जिला पंचायत लीज पर उठाती है जबकि जमीन विद्यालय के नाम दर्ज है ग्राम प्रधान ने ये भी बताया कि वर्तमान में विद्यालय मार्डन विद्यालय घोषित है, मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत से रिपोर्ट माँगी है। इसी प्रकार विकास खण्ड घाटमपुर के ग्राम पंचायत इस्माइलपुर कदीम के ग्राम प्रधान महेंद्र कुमार ने आबादी के पास खुले देशी शराब ठेके को हाये जाने की शिकायत दर्ज करायी है ग्राम प्रधान ने मुख्य बिकास अधिकारी को बताया कि शराब ठेका के पास प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित है तथा देर शांम तक अराजक तत्वों का जमवाड़ा बना रहता है। जब कि इसके पहले शराब ठेका दूसरी जगह संचालित था। मुख्य बिकाश अधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी से संम्पर्क करने का आदेश दिया है। उप जिलाधिकारी अमित कुमार ओमर ने बताया कि दिवस में कुल 78 शिकायतें आयी हैं जिसमें राजस्व की सबसे ज्यादा 45 हैं जबकि 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है, दिवस में जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह, डिप्टी डाइरेक्टर कृषि ( डी०डी० ) चौधरी अरुण कुमार के अलावा तहसीलदार एस०पी० सिंह, बीडियो पतारा प्रवीना शुक्ला, एसीपी दिनेश शुक्ला, चिकित्साधीक्षक डा० कैलाश चंद्रा तथा राजकीय बीज भंण्डर के प्रभारी विवेक सिंह के अलावा नलकूप, पी०डब्लू०डी०, नगर पालिका और समाज कल्याण बिाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# तिलोई तहसील में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। तिलोई, अमेठी



**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायेंए शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग 22ए पुलिस विभाग 29 तथा विकास विभाग 8 से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे.मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सकें। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। समाधान दिवस में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने मत्स्य पालकों के लंबित पट्टे तथा किसानों द्वारा धान विक्रय किए जाने को लेकर खतौनी सत्यापन के लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक डाण् इलामारन ए उपजिलाधिकारी न्यायिक राम केवल त्रिपाठीए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् विमलेंदु शेखरए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबेए तहसीलदार तिलोई पवन शर्माए जायस नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रवींद्र मोहनए वन रेन्ज अधिकारी ज़हीर मिर्ज़ाए खण्ड शिक्षाधिकारी नूतन जयसवाल सहित समस्त जिला व तहसील तथा ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म दिन अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया

**बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना ने सात वरिष्ठ अधिवक्ताओं को फूल माला व शाल से किया सम्मानित**

संवाददाता। मुसाफिरखाना, अमेठी



**स्थानीय** बार एसोसिएशन के सभागार में शनिवार देश के प्रथम राष्ट्रपति स्व0 डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया।

शनिवार स्थानीय बार एसोसिएशन के सभागार में संघ के अध्यक्ष गुरु प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में अधिवक्ता दिवस का आयोजन हुआ।सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।इसके बाद बार एसोसिएशन के पांच वरिष्ठ अधिवक्ता सोमप्रकाश मिश्र व जगदीश प्रसाद सरोज व रामप्रसाद सरोज व रमाशंकर मिश्रएव विजयकुमार सिंह तथा बार एसोसिएशन सुलतानपुर से आये अतिथि गण पूर्व अध्यक्ष अरूण कुमार उपाध्याय व पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र चतुर्वेदी को फूल मालाओ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।सुलतानपुर से पधारे अरूण कुमार उपाध्याय व वीरेन्द्र चतुर्वेदी तथा बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना के अधिवक्ता सतीश कुमार सिंहएपूर्व अध्यक्ष के0के0सिहंएवरिष्ठ अधिवक्ता देवप्रकाश शर्मा सहित कवि भोलानाथ पाठक भम्रर ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के विचारों व व्यक्तित्व पर अपने विचार रखते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वावन किया।सचिव संजय कुमार शुक्ल ने अधिवक्ताओं को एकजुट रहने का आह्ववान किया।इस मौके पर अधिवक्ता कृष्णा नंद मिश्राएअंजनी मिश्राएकुमुद श्रीवास्तवएश्रद्धा सिंहएप्रमोद श्रीवास्तवएसहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मतदेय स्थलों पर मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष कैम्प का होगा आयोजन

**कानपुर देहात।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01ण्01ण्2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 09ण्11ण्2022 से 08ण्12ण्2022 तक जन सामान्य से दावे ध् आपत्तियां प्राप्त किए जायेंगे। मतदाताओं की सुविधा हेतु दिनांक 04ण्12ण्2022 ;रविवारद्ध को समस्त पदाभिहित स्थलों ;मतदेय स्थलों पर मतदाताओं के पंजीकरण हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है जिसमें जन सामान्य से दावे और आपत्तियां यथा फार्म.6ए 7ए 8 व 6 बी भी प्राप्त किये जायेंगे। उक्त विशेष अभियान दिवस पर समस्त बी0 एल0 ओ0 ध्पदाभिहित अधिकारी अपने.अपने निर्धारित मतदेय स्थल पर उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। बीण्एलण्ओण् की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण किया जायेगा। अतः ऐसे सभी पात्र व्यक्ति जो 01 जनवरीए 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हैं परन्तु उनके नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से छूट गये हैं उनसे अपील है कि दिनांक 04ण्12ण्2022 ;रविवारद्ध को अपने मतदेय स्थल पर जाकर निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज कराने ध् अपमार्जन कराने ध् संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रारूप भरकर जमा कर सकते हैं।

# बालिकाओं को सशक्त व मुखर बनाना मीना मंच का मुख्य उद्देश्य: बीएसए



**डीह, रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा स्वावलंबन एवं सम्मान के लिए पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मीना मंच के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देश पर पूरे जनपद में सभी विद्यालयों एवं केजीबीवी में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का अभियान संचालित किया जा रहा है। बी.एस. ए ने बताया कि बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम काफी प्रभावशाली साबित हुआ है। जनपद में बालिका शिक्षा को प्रभावी एवं बालिकाओं के जीवन कौशल विकास हेतु संचालित मीना मंच कार्यक्रम के प्रभारी एस.एस पाण्डेय द्वारा आज विकास क्षेत्र डीह के प्राथमिक विद्यालय पूरे कुंजल के मीना मंच कक्ष में आयोजित मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचकर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया उन्होंने कहा कि हम भी किसी से कम नहीं कोई हरा दे दम नहीं देखना है मेरी उड़ान को तो ऊंचा कर दो आसमान को स्लोगन के साथ सभी हेल्पलाइन नंबर के बारे में विधिवत जानकारी दी ।इस अवसर पर ए आर पी महेश नारायण पाण्डेय, प्रधानाध्यापक सुनील कुमार मौर्य. सहायक अध्यापक अमित कुमार दुबे एवं राकेश कुमार तथा शिक्षामित्र सत्यवती उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन मीना मंच सुगमकर्ता रुबीना खातून द्वारा किया गया।

## दुष्कर्म के मामले को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**श्रावस्ती।** भिनगा विकास खण्ड सिरसिया क्षेत्र के एक गांव मे हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने अब तूल पकड़ना शुरू कर दिया है आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता अपने साथ गांव की दर्जनों महिलाओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर धरने पर बैठ गई जिसके बाद जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद महिलाओं ने एसपी कार्यालय महुंच कर आरोपियों के जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। मामला जनपद श्रावस्ती के सिरसिया थाना क्षेत्र का है जहां एक गांव निवासी दलित महिला 21 नवंबर की शाम को विभूतिनाथ गेट के पास सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ी मिली जिसे राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी सिरसिया लाकर भर्ती कराया इलाज के बाद होश में आने के पर महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह सामान की खरीददारी करने के लिए बेचईपुरवा बाजार आई थी जहां से वापस लौटते समय रास्ते में ग्राम पाठखौली निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह तथा दिलीप सिंह ने उसे जबरन अपनी चार पहिया वाहन में बैठा लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया बाद में बेहोशी के हालत में उसे सड़क के किनारे फेक कर भाग गए। महिला की नामजद तहरीर पर सिरसिया थाने में दोनों आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्मए मारपीटए एससी एसटी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# प्रधान ने जबरन ताला तोड़ विद्यालय में किया कब्जा

**फ्तेहपुर।** इसे मनमानी कहें, दबंगी कहें या फिर अपने कामों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति संवेदनहीन हो चुके लोगों की करतूत कि शिक्षा के मंदिर में जब प्रधानाध्यापक ने रामलीला कराने के लिए विद्यालय परिसर देने से मना कर दिया तो ग्राम प्रधान ने जबरन विद्यालय का ताला तोड़ दिया। इतना ही नहीं विद्यालय में जिस तरह से नृत्यांगनाओं ने फूहड नृत्य किया उसे देखने के लिए गांव के लोगों का मजमा लगा रहा। मामला अमौली खंड शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग का है।

हर वर्ष लगने वाले गांव के मेले में विद्यालय की चाबी ग्राम प्रधान ने प्रधानाध्यापक से मांगी तो शासनादेश का हवाला देकर उसने चाबी देने से मना कर दिया। मना करने के बावजूद विद्यालय का ही नहीं बल्कि कमरों के भी ताला तोड़कर विद्यालय में कब्जा कर लिया गया। गत 28 नव. को अवकाश होने के बावजूद विद्यालय का ताला तोड़ दिया गया और वहां 4 दिनों से रामलीला व मेले का किया जा रहा है। जिससे पढ़ाई प्रभावित है और बच्चों की परीक्षा होने के बावजूद उन्हें स्कूल तक लाने में शिक्षकों को मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि है कि पंजीकृत 300 बच्चों में बमुश्किल से घर-घर दस्तक देने के बावजूद 25-30 बच्चे ही विद्यालय पहुंच रहे हैं। रामलीला के दौरान फूहड़ नृत्य किया जा रहा है। अश्लीलता के सारे रिकॉर्ड टूटे हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्त ने थानाध्यक्ष जाफरगंज को विद्यालय का ताला तोड़कर कब्जा किए जाने की मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है। साथ ही साथ उच्चाधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया है। खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल का कहना है कि वह अवकाश पर हैं लेकिन मामले की जानकारी हुई है। उन्होंने बेसिक शिक्षाधिकारी को संबंधित मामले की जानकारी दे दी है।

# दिव्यांग दिवस पर एनटीपीसी ने किया ट्राई साइकिल का वितरण



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर ट्राई साइकिल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें सुमित्रा देवी जैसे आसपास के गांवों के अन्य लोगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। प्रियदर्शनी महिला क्लब की अध्यक्ष मनीषा समैयार व अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने इस अवसर पर दिव्यांग जनों से बात कर उनकी अपेक्षाओं को सुना और समझा।श्री समैयार ने कहा कि मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे दिव्यांग कर्मियों की क्षमताएं ही उनकी पहचान हैं।उन्होंने विद्युत क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के संकल्प से जुड़ते हुए एनटीपीसी में निरंतर अपना योगदान देने का प्रयास किया है। हमें गर्व है कि आप सब एनटीपीसी का हिस्सा हैं।इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) गौतम कुमार जाना, महाप्रबंधक (मानव संसाधन व सुरक्षा अकादमी) अनिल कुमार डैंग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) सत्यवान गुप्ता, उप महाप्रबंधक (सिविल) राजेश शर्मा, प्रबंधक (सिविल) मयंक गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) मेघा घई ने किया।

# आदेशों के बाद भी नहीं हट रहा अतिक्रमण

**बस्ती।** अवैध अतिक्रमण हआने के मामले में अधिकारी डीएम के बार-बार आदेष और निर्देष पर ध्यान नहीं दे रहे है। सवाल उठ रहा है, कि आखिर डीएम को बार-बार आदेष देने की आवष्यकता क्यों पड़ रही है, क्या अधिकारी डीएम की मंषा को एक बार में नहीं समझ पा रहे है। डीएम की नाराजगी जायज मानी जा रही है। डीएम प्रियंका निरंजन ने बार-बार अवैध अतिक्रमण करने वाले या चकमार्गो को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्ति को चिन्हित करके उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। वे संपूर्ण समाधान दिवस तहसील भानपुर में अधिकारियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज भी तहसील दिवस में चकमार्ग पर अतिक्रमण एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामले आए हैं। राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर ऐसे सभी 15 मामलों का आज ही निस्तारण कर रिपोर्ट दें। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति तथा उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण का निर्देश दिया।तहसील दिवस के बाद डीएम ने तहसील कैंपस में स्थित नगर पंचायत भानपुर कार्यालय का निरीक्षण किया तथा अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि जुलाई माह के बाद कैशबुक, स्टॉक रजिस्टर, संपत्ति रजिस्टर मेनटेन नहीं किया गया है। लिपिक ने यहां पर जून में कार्यभार ग्रहण किया है और उसने कोई कार्य नहीं किया। जिलाधिकारी ने इनको कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। डीएम ने राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग में प्राप्त धनराशि और उसके सापेक्ष व्यय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी रजिस्टर पूरी तरह से दर्ज किए जाएं। उनके द्वारा पुन: इस कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। ईओ नगर पंचायत ऋचा सिंह ने बताया कि चार सफाई कर्मियों को सफाई नायक के रूप में काम लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 15 वार्ड का यह नगर पंचायत है और 5 सफाई नायक पर्याप्त है। चार सफाई कर्मियों से भी सफाई का कार्य लिया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि एमआरएफ सेंटर का कार्य तत्काल शुरू कराया जाए। नगर पंचायत भवन में भी मरम्मत की आवश्यकता है, इसका शीलन ठीक कराया जाए। उन्होंने स्टोर रूम का निरीक्षण किया, साथ ही पूर्व में खरीदे गए लगभग 6000 डस्टबिन में से अवशेष डस्टबिन के स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि इसको तत्काल लोगों में वितरित कराया जाए। जिलाधिकारी ने रामनगर ब्लाक के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरस्कार से सम्मानित ग्राम पंचायत मनौली उर्फ हिंदू नगर, लघु गौशाला का निरीक्षण किया। पिछले 2 महीने से बार-बार कहने के बावजूद गौशाला व्यवस्थित ना किए जाने पर उन्होंने ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिन के अंदर गौशाला व्यवस्थित नहीं की जाती है, तो ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया जाएगा। उन्होंने गौशाला के अंदर मात्र दस पशु पाए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गौशाला में कम से कम 50 पशु रखे जाएं, चारों तरफ बाउंड्रीवाल बनाई जाए। वर्तमान में एक टीनसेड के नीचे ही चारों तरफ पॉलिथीन बांधकर पशुओं को रखा जा रहा है। डीएम ने इस स्थिति पर बेहद नाराजगी व्यक्त किया तथा बीडीओ को निर्देशित किया कि 15 दिन के भीतर कार्य करा कर अवगत कराएं। इस अवसर पर उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया, वृक्षारोपण किया तथा गौशाला के सामने चारागाह की भूमि पर नैपियर घास रोपित किया ताकि भविष्य में गायों को चारा मिलता रहे। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह, तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किये गए शिक्षक बृजेश



**रायबरेली।** जिला बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई के अंतर्गत विकास खंड डीह में कार्यरत विशेष शिक्षक बृजेश यादव को अटल आडोटोरियम डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय सभागार लखनऊ में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सुशोभित किया गया। मुख्य अतिथि मा. नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा शालए मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षक के सम्मानित होने की जानकारी मिलने पर जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी मनीष मिश्रा, डीह के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्रा, वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश, शिवकेश तिवारी, राजेश शुक्लाए दिनेश सिंह, रामनरेश यादव, विजय त्रिपाठी, ओमानंद श्रीवास्तव, रंजीत शाह, दिलीप गुप्ता, सूर्यप्रसाद शर्मा दुर्गाशंकर वर्मा, अनूप मौर्या, आशा मिश्रा, नवीन पाण्डेय, महेश मोदनवाल, मजहरुद्दीन अहमद, कुसुम सिंह सहित प्रदेश भर के कई साथी शिक्षकों ने बधाई दी।

## जिलाधिकारी ने दिव्यांग बच्चों का किया उत्साहवर्धन

**कानपुर देहात।** जनपद में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर समग्र शिक्षा के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी अकबरपुर परिसर में आयोजित हुआए इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी नेहा जैन ने प्रतिभाग कियाए जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांग बच्चों के आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदर गीतों एवं उनकी कुशलता को प्रदर्शित करती कलाओं को देखा तथा आंखों से दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पदार्थों को हाथ से छूकर बताने के साथ.साथ दिव्यांग बच्चो द्वारा ही रंगोली सजाने आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गएए जिसमें उन्होंने भाव विभोर होकर दिव्यांग बच्ची फ़िज़ा द्वारा बनाई गई रंगोली से उनके मध्य में स्वयं जाकर उनके लिए गीत का भी गायन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने आंखों से दिव्यांग अंगद द्वारा स्वयं ढोलक सुंदर धुन के साथ गीत प्रस्तुत कियाए वहीं एक और बालिका नैना भदौरिया ने भी गीत सुनाया जबकि कुछ बच्चों ने संयुक्त नृत्य भी प्रस्तुत किया जिसकी जिलाधिकारी ने सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत भी कियाए इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडे लेखाधिकारी बेसिक सहित विभिन्न विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित दिखे।

## मैनपुरी से भारी मतों से जीतेंगी डिंपल: जगनायक

**फतेहपुर।** मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव लड रही डिंपल यादव को समाज की सभी जातियों और वर्गों का भारी समर्थन मिल रहा है। इसलिये इस सीट पर समाजवादी पार्टी की भारी अंतर से जीत तय है। यह बात मैनपुरी में दो दिन तक चुनाव प्रचार करके लौटे वरिष्ठ समाजवादी नेता जगनायक सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि सैफई में नेताजी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि के बाद अपनी टीम के साथ किशनी और करहल विधानसभा क्षेत्र के कुर्रा, बरा, लोकपुर, चतुरीपुर समेत विभिन्न गाँवो में जनसंपर्क किया। इस दरमियान कटरा समान कस्बे में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बड़ी सभा में शामिल हुए। कहा कि भाजपा जितना गड़बड़ करने की कोशिश कर रही हैं, उतना ही डिंपल को जनता का समर्थन मिल रहा है। जसवंतनगर विधानसभा में जनसभा से पता चला कि सबसे बड़ी जीत जसवंतनगर से ही होगी। शिवपाल सिंह की सुरक्षा घटाए जाने के सवाल पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार की घटिया हरकत है। दरअसल अखिलेश और शिवपाल सिंह के साथ आ जाने से भाजपा घबरा गई है। उसे अब अपनी हार साफनजर आ रही है। इसलिये डराने के लिये ये कदम उठाया है, मगर इससे शिवपाल सिंह घबराने वाले नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी और मजबूत होकर उभरेगी।

## पालिका अध्यक्ष नौ तो नगर पंचायत अध्यक्ष ढाई लाख तक खर्च करेगें

**बस्ती।** वार्डवार आरक्षण के बाद नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए गाइड लाइन जारी कर दी गई है। पर्चा खरीद से लेकर चुनाव लड़ने की सीमा तक निर्धारित कर दिया गया है। सामान्य नगर पालिका अध्यक्ष का पर्चा षुल्क 500 रुपया, जमानत राषि आठ हजार और यह चुनाव प्रचार में नौ लाख रुपया तक खर्च कर सकते है। वहीं एससी एवं ओबीसी वर्ग के अध्यक्ष 250 रुपये में पर्चा खरीद सकेगें, इनकी जमानत राषि चार हजार और इनका भी चुनाव खर्च सीमा नौ लाख रखी गई है। इसी तरह सामान्य नगर पंचायत अध्यक्ष की जमानत राषि पांच हजार, पर्चा 250 रुपया और चुनाव व्यय की सीमा नौ लाख है।इसी तरह अगर कोई सामान्य सदस्य नगर पालिका का चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे पर्चा खरीदने के लिए दो सौ रुपया देना होगा, जमानत राषि दो हजार और चुनाव खर्च दो लाख तक का है। पर्चा दाखिला के समय प्रत्याषी को एक साल से अधिक के बकाएदार न होने, जहां से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां का मतदाता, जमानत राषि जमा करने की रसीद, अगर कोई आरक्षित है, तो जाति प्रमाण-पत्र, आपराधिक न होने और संपत्ति का व्यौरा देना होगा।

## प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतरत्न डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**रायबरेली।** देश के प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतरत्न डा.राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती के मौके पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्र्यापण कर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राजेन्द्र बाबू जी द्वारा देष के लिए किए गये योगदान को हमेषा याद रखा जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि नमक आन्दोलन व भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान उन्हें जेल मे यातनांए भी सहनी पड़ी, 'बाजू जी' का सम्पूर्ण जीवन देष के प्रति सर्मपित रहा।

## जिलास्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

**अमेठी।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2022.23 हेतु विभिन्न योजनाओं में किये गये आवेदनों के चयन किये जाने के लिये जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं यथा.तालाब निर्माणए वृहद आरएएसए लघु फीड मिल एवं जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, मोटरसाइकिल विद आइस बाक्सए साइकिल विद आइस बाक्स के प्रस्तावों को समिति के समक्ष रखा गया। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं को बैंक सहमति पत्र न मिलने के कारण निरस्त कर दिया गया है उन्हें पुनः परियोजनाओं में सम्मिलित किये जाने हेतु मौका दिया जाये। इसके लिये जिला बैंक प्रबन्धक से बैंक का समन्वय स्थापित कर सहमति पत्र आवेदनकर्ताओं को उपलब्ध कराया जाय तथा उन्हें इसी वर्ष की परियोजनाओं में सम्मिलित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, परियोजना निदेशक डीआरडी, आशुतोष दुबे, सहायक निदेशक मत्स्य, मत्स्य निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## धान क्रय केन्द्र भिनगा का डीएम ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने शनिवार को विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत ब्लाक गोदाम हरिहरपुररानी धान क्रय केंद्र भिनगा का औचक निरीक्षण कर धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि इस क्रय केन्द्र पर 1300.000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है जबकि 2 दिसम्बर 2022 तक 29 किसानों से 133.560 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी धान अभी तक खरीदा जा चुका है उसे तत्काल मीलों को भेजा जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर खरीद पंजिका, बोरों की व्यवस्था, ई.उपार्जन हेतु लैपटाप, आई.पैड, इलेक्ट्रानिक कांटा, विनोइंग फैन पंखा, छलना पावर डस्टर एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। नमी मापक यंत्र संचालित न पाये जाने पर उसे तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि ऋय केन्द्रों पर किसानों के लिए सरकार के मंशानुसार किसानों के बैठने के लिए छाया, पेयजल तथा केन्द्र पर अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जाएंए ताकि धान खरीद केन्द्रों पर किसानों को कोई दिक्कत न होने पावे। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि किसानों से धान खरीदने में यदि किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा को निर्देश दिया कि वे निरन्तर धान ऋय केन्द्रों का मानिटरिंग करके सभी व्यवस्थाएं हमेशा सुनिश्चित रखवायें ताकि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये।

## मांगों को लेकर अड़े अधिवक्ता, 46वें दिन हड़ताल जारी

**खागा (फ्तेहपुर)।** बढ़े सर्किल रेट को लेकर वकीलों द्वारा किए जा रहे ऋमिक अनशन प्रशासन की अनदेखी से समाप्त होने का नाम नही ले रहा है। अधिवक्ताओं की हड़ताल 46वें दिन जारी रही। 11 अधिवक्ता शनिवार को ऋमिक अनशन मे बैठे रहे। अधिवक्ताओं ने एस डी एम खागा और सब रजिस्टार खागा के खिलाफनारेबाजी की। ऋमिक अनशन मे 15वें दिन हिमांशु विश्वकर्मा, चंद्रभान सिंह, मोहम्मद लतीफ, बलवंत सिंह, रामनारायण सिंह, अनंत सिंह, इंदल सिंह, जितेंद्र राज सिंह, स्टांप वेंडर एवं लेखक सहित 11अधिवक्ता बैठे रहे। एडवोकेट हनुमान सिंह ने कहा कि प्रशासन वकीलों से वादाखिलाफी कर रहा है। जब तक प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन नही दिया जाता है तब तक प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रामशखा द्विवेदी ने कहा कि अफसरों द्वारा मनमाने तरीके से सर्किट रेट की बढ़ोत्तरी करने से आम आदमी परेशान होगा। इसलिए जनहित को देखते हुए बढ़े हुए सर्किल रेट वापस लिए जाए। इस मौके पर संयोजक अशोक गुप्ता, सह संयोजक मोतीलाल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, शकील सिद्दीकी, इसराइल फारूकी, लक्ष्मीशंकर अवस्थी, रामसखा द्विवेदी, धीरेंद्र गुप्ता, अखिलेश अग्रहरि, मीडिया प्रभारी एस डी शुक्ला (भोले), रामप्रताप सिंह यादव, राहुल तिवारी, अविनाश यादव, मलखान सिंह, पंकज गुप्ता, आशीष दीक्षित, महेश सिंह, संदीप सिंह, सुमन सिंह राठौर, रानू पांडेय, अंकित द्विवेदी, अजय सिंह, कपिल यादव, ब्रजेश शुक्ला, राहुल तिवारी, अनिल सिंह, संदीप श्रीवास्तव, पुष्प नारायण शुक्ला, जितेंद्र यादव, आशीष शुक्ला, राजेश मौर्य, राम राखन सिंह, संजय सिंह एड. मौजूद रहे।




## बिन चाबी के मंत्री

सूबे के एक मंत्री के पास दो प्रमुख विभागों का जिम्मा है लेकिन इन दोनों ही विभाग की चाबी उनके पास होकर के भी नहीं रहती है। एक विभाग जो कि पूरे प्रदेश को रोशन करता है तो दूसरा भाग जो पूरे प्रदेश की साफ सफाई का जिम्मा संभालता है मगर मंत्री जी अपने इन दोनों विभागों में दूसरे के हस्तक्षेप से चाह कर भी दखलअंदाजी बंद नहीं कर पा रहे हैं। अभी चुनाव को लेकर विभिन्न सीटों के आरक्षण का मसला था लेकिन मंत्री जी अपने हिसाब से कुछ नहीं कर पाए। जो दिशा निर्देश केंद्रीय नेतृत्व से यूपी की कई निकाय सीटों के आरक्षण को लेकर दिया गया मंत्री जी ने उसे सहर्ष स्वीकार करके अपनी सहमति प्रदान कर दी। सीटों के आरक्षण के निर्धारण को लेकर मंत्री जी बस अपनी भूमिका महज एक रबड़ स्टैंप के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। अभी भी एक दो सीटों को लेकर आरक्षण फंसा हुआ है जिसमें मंत्री जी को जो निर्देश मिलेगा वह वही करेंगे। दरअसल इससे पहले मंत्री महोदय नौकरशाह थे और अब जनप्रतिनिधि हो गए हैं। दोनों की अलग अलग भूमिका होती है ऐसे में अब कौन सा आरक्षण सीट के लिए मुनासिब होगा यह तय करना अकेले मंत्री जी के बस की बात नहीं रह गई है। प्रदेश संगठन से लेकर केंद्रीय नेतृत्व इस चुनाव में हर सीट पर बारीकी से नजर रख रहा है इसलिए मंत्री जी आरक्षण के फेर में फंस गए हैं।



## सूने खड़े पोल

नगर निगम ने 40-40 स्ट्रीट लाइटें एक वर्ष पहले प्रत्येक वार्डों में देने के लिए कहा था। शहर की महापौर ने वार्डों का अंधियारा दूर करने के लिए नगर निगम सदन में देने की घोषणा भी की थी लेकिन नहीं मिलीं। बेचारी! महिला पार्षद लाइटें मांगती रह गयीं, कहते कहते थक गयीं पर लालफीताशाही के आगे सब बेमतलब रह गया। चुनावी वर्ष होने के कारण सदन और कार्यकारिणी में लोक लुभावन प्रस्ताव तो पास कर दिए गए लेकिन कई प्रस्ताव सिर्फ सदन की कार्यवाही तक ही सीमित रह गये। भाजपा, कांग्रेस और सपा पार्षदों ने खत लिखकर मांग की पर अफसर नहीं पिघले। स्ट्रीट लाइटें लगाने वाली संस्था ईईएसल पर कार्रवाई की मांग की।... पार्षदों ने सदन में भी शोर शराबा कर इस मुद्दे को उठाया लेकिन बाहर आकर सब भूल गए। अब तो दोबारा चुन जाने पर ही स्ट्रीट लाइटें मिल सकें। तब तक खाली खड़े पोलों को स्ट्रीट लाइटों का इंतजार रहेगा।

## हिला दिया अंगद का पांव

भगवा सरकार की आंख के तारे माने जाने वाले और लंबे समय से प्रदेश के एक महत्वपूर्ण कमिश्नरेट में लंबे समय से अंगद सरीखे पांव जमाकर रखने वाले एडीजी साहब एक महिला आईपीएस के सामने धराशाई हो गए। नतीजतन उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी और अब मुख्यालय से अटैच कर दिए गए। खाकी महकमे में पिछले दिनों हुए इस परिवर्तन से छोटे से लेकर बड़े तक हर अधिकारी हैरान और हतप्रभ है। किसी को यह समझ में नहीं आ रहा कि एडीजी साहब को अपदस्थ करके आखिरकार किस प्रकार एक महिला आईपीएस पदारूढ़ होने में सफल रहीं। इसको लेकर महकमे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। एडीजी साहब को भगवा सरकार के मुखिया का काफी करीबी माना जाता है। यही वजह है कि एक बार कमिश्नरेट में तैनात होने के बाद अभी तक उन्हें कोई नहीं हिला पाया था। महकमे के ही जानकारों के बीच एक चर्चा यह भी है कि एडीजी साहब का पांव उखड़ने में अहम रोल महिला आईपीएस के पति का है जो खाकी की नौकरी को छोड़कर खादी धारण कर चुके हैं और वर्तमान में भगवा दल से ही विधायक हैं। जिस प्रकार एडीजी साहब बड़े महाराज के खास हैं वहीं महिला आईपीएस के पति के भगवा दल के शीर्ष नेतृत्व से नजदीकी संबंध हैं। उनके यही संबंध में एडीजी साहब पर भारी पड़े और उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया गया।

## चाचा का नया ठौर



खुद का ठिकाना नहीं और औरों का घर बसाने चले हैं। विपक्ष में होने के बावजूद भी भगवा सरकार की कृपा से मजबूत कामकाज चल रहा है। प्रगतिशील होने के लिए बड़ी इमारत में कार्यालय खोल दिया गया। समाजवादी सरकार के दौरान गोमती रिवरफ्रंट से लेकर सहकारिता में मजबूत दमखम रखने वाले चाचा आजकल अपने भतीजे को 'छोटे नेता जी' बनाने में लगे हैं। चाचा शायद यह भूल गए हैं कि सरकार किसकी चल रही है। कहा जाता है कि यहां अपराध करने वालों के लिए ठौर नहीं है। वैसे चाचा का तो अपराध से दूर दूर तक का नाता नहीं है। चाचा समाजवादी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। सही मायने में तो उन्हें मिनी मुख्यमंत्री भी कहा जाता था। उस दौरान उन्होंने बहुत से काम किए। आरोपों से घिरे भी। बचे भी और अब तक बचते भी चले आ रहे हैं। इधर पता नहीं कौन सी ऊर्जा उनके भीतर आ गई है कि वह बहुत बड़े वाक योद्धा बन गए हैं। जो कभी इन्हीं को अपमानित किया करते थे आज उन्हीं लोगों को स्थापित करने में लगे हैं जबकि आलम यह है कि बीते छह सालों से न खुद कुछ बन पाए और न ही बेटे को बना पाए।

### बीजेपी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

# मैनपुरी में सपा के अराजक तत्वों पर रोक लगाई जाए: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** ने ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के अराजक तत्वों पर रोक लगाने के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। शनिवार को पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में अराजक तत्वों के नामों की सूची सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में भाजपा द्वारा चुनाव आयोग को सौंपी गई अति संवेदनशील बूथों की सूची पर तत्काल कड़ी सुरक्षा तथा अराजकतत्वों को बूथ कैपचरिंग करने से रोकने की भी मांग की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि समाजवादी पार्टी द्वारा मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में चुनाव आचार संहिता का उल्घंघन किया गया है। लोकसभा उपचुनाव का प्रचार कार्य आज समाप्त हो गया लेकिन मतदान के पूर्व मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में अब भी समाजवादी पार्टी के अराजकतत्वों के द्वारा मतदाताओं को डराया धमकाया जा रहा है। पूर्व में भी इसके खिलाफ पार्टी ने 30 नवम्बर को स्थानीय प्रशासन एवं चुनाव आयोग को भी अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन इसके बाद भी सपा के संरक्षण अराजकतत्व मतदाताओं को डरा धमका रहे है। समाजवादी पार्टी के ये अराजकतत्व मैनपुरी लोकसभा के करहल, किशनी और जसवंत नगर विधानसभा क्षेत्र में खुलेआम हथियार और गाडियों के काफिले से गांव.गांव जाकर मतदाताओं को डरा धमका रहे है। प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने पत्र के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि समाजवादी पार्टी मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में लगातार चुनाव आचार संहिता का उल्घंघन कर रही है। समाजवादी पार्टी की ओर से मतदाताओं को साड़ियों का वितरण किया गया। स्कूलों में बच्चों को स्वेटर बांटे जा रहे हैं। वाहनों के बड़े काफिलों के साथ समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी और उनके समर्थक घूम रहे है। बिना अनुमति के रोड़ ब्लाक कर जनसभायें की गई। इसकी शिकायत चुनाव आयोग को 30 नवम्बर को भी की गई थी। लेकिन सपा के अराजकतत्वों की अराजकता लगातार बढ़ रही है। ग्राम जरिया थाना कुर्रा के पास सपा समर्थक सुरेन्द्र यादव द्वारा नगद पैसा बांटा जा रहा है। खुलेआम शराब का वितरण करके मतदाताओं को प्रभावित किया जा रहा है। श्री राठौर ने पत्र के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ध्यान दिलाते हुए लिखा की विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान करहल में समाजवादी पार्टी के अराजकतत्वों ने बड़े पैमाने पर मतदान केन्द्रों पर उत्पात मचाया था और मतदान की प्रक्रिया बाधित करने का काम किया था। विधानसभा मैनपुरी में चुनाव आयोग द्वारा सपा के लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इस उपचुनाव के दौरान भी सपा के अराजकतत्वों द्वारा खुलेआम गुंडागर्दी की जा रही है। जसवंतनगर, करहल और किशनी में आम मतदाताओं को खुलेआम साइकिल पर वोट डालने का दबाव बना रहे हैं। लोगों को धमकी दी जा रही है कि अगर आप ने सपा प्रत्याशी को वोट नहीं दिया तो आप को गांव में नहीं रहने दिया जाएगा। पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से सपा के सूची बद्ध लोगों को मतदान के दिन उपद्रव करने से रोकने के लिए पार्टी द्वारा सौंपी गई सूची के आधार पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सपा ने की रामपुर के एसपी, सिओ सिटी व दो थाना प्रभारियों को हटाने की मांग

- राजेंद्र चौधरी ने मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, मानक से अधिक संख्या में तैनात अर्द्धसैनिक व पुलिस बल को भी हटाने की मांग रखी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने मुख्य चुनाव आयुक्त, नई दिल्ली को सम्बोधित ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को देकर मांग की है कि रामपुर विधान सभा उप निर्वाचन में पुलिस अधीक्षक अशोक शुक्ला, सीओ सिटी अनुज पहलवान, पुलिस कोतवाली प्रभारी गजेन्द्र त्यागी व पुलिस थानाध्यक्ष सुरेन्द्र पचौरी को तत्काल प्रभाव से जनपद रामपुर से बाहर स्थानान्तरित कर दिया जाए व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के विपरीत व मानक के विरूद्ध



अत्यधिक अर्द्धसैनिक व पुलिस बल को जनपद रामपुर से बाहर किया जाए। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की मांग है कि मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शत प्रतिशत मतदाता पर्ची बटवाई जाए। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हो रहे उत्पीड़न की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। भाजपा द्वारा बनवाए जा रहे फर्जी आधार कार्ड के आधार पर मतदान के दिन फर्जी मतदान करने की साजिश को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए व सैनिक, अद्धसैनिक बलो की निगरानी में चुनाव कराया जाए। चौधरी ने उपरोक्त सभी शिकायतों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करके त्वरित कार्रवाई किए जाने की मांग की है, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। चौधरी के साथ प्रतिनिधिमंडल में केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र और राधेश्याम सिंह भी शामिल थे।

## सीएम योगी के प्रयासों को सोशल मीडिया का समर्थन, टॉप ट्रेंड बना स्वच्छ यूपी-सशक्त यूपी

**लखनऊ।** प्रदेश को स्वच्छ और सशक्त प्रदेश बनाने में जुटी योगी सरकार की इस मुहिम को सोशल मीडिया पर भी जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर स्वच्छ यूपी सशक्त यूपी टॉप ट्रेंडिंग में शुमार हो गया। इस हैशटैग के जरिए ट्विटर यूजर्स ने योगी सरकार द्वारा प्रदेश में स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे तमाम अभियानों की प्रशंसा की तो प्रदेश को सशक्त बनाने के लिए बेहतर कानून व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को भी सराहा। नतीजतन कुछ ही देर में यह हैशटैग ट्विटर के इंडिया ट्रेंड्स में नंबर एक पायदान पर पहुंच गया और 4 घंटे तक टॉप ट्रेंडिंग टॉपिक में शुमार रहा। इस दौरान स्वच्छ यूपी सशक्त यूपी को टैग करते हुए 15.2 हजार से ज्यादा ट्वीट और रिट्वीट किए गए। 31.2 हजार इंगेजमेंट के साथ इस हैशटैग ट्रेंड की पोटेंशिअल रीच का आंकड़ा 19.86 करोड़ लोगों तक रहा। सीएम ऑफिस की ओर से भी इस हैशटैग पर ट्वीट किए गए। इन ट्वीट्स में प्रदेश में स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों और प्रदेश को सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रयासों से अवगत कराया गया।

## परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए है कि कोहरे के दृष्टिगत सुरक्षा के मानक दुरुस्त रखे जाएं

- कोहरे के दृष्टिगत बसों में सुरक्षा के मानक दुरुस्त रखे जाएं: दयाशंकर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए है कि यात्रियों को सुरक्षित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए शरद ऋतु में कोहरे के दृष्टिगत नियंत्रित, सुरक्षित बसों के संचालन के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें बसों में निर्धारित क्वालिटी के रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे हुए हों, सभी बसों की विद्युत वायरिंग की दशा ठीक हो, हेडलाइट, बैक लाइट, टेल लाइट, साइड इन्डीक्टर लाइट एवं हार्न सही दशा में कार्यरत हो।

सिंह ने कहा है कि सभी बसों में आलवेदर बल्ब लगे हुए हो एवं कार्यरत हों। सभी बसो में वाइपर सही दशा में कार्य कर रहे हों एवं बसों के वाइपर आगे ब्लेड की लम्बाई सही हो शीशा भली-भांति साफ रहे, सभी बसों के सभी खिड़कियों पर शीशे सही दशा एवं सही साइज के लगे हो तथा शीशे बंद करने एवं खोलने पर यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। दयाशंकर ने कहा कि सुरक्षित बस संचालन के लिए वाहनों में एसएलडी अवश्य कार्यरत हो, रियर व्यू मिरर लगा हो तथा स्टेयरिंग एवं ब्रेक सिस्टम का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि बसों के आउटशेडिंग के समय एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों पर चालकों को कोहरे में सुरक्षित संचालन के लिए सावधान रहने के वास्ते जागरूक किया जाए। ऐसे बस स्टेशन जहां पर पूरी रात बसों का आवागमन होता है, रात्रि पाली के लिए सुपरवाइजर की तैनाती की जाए, जिन्हें कोहरे की स्थिति के दृष्टिगत बसों का संचालन यथावश्यक स्थगित अथवा विलम्बित करने के लिए अधिकृत किया जाए।

# कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्षों के प्रभार क्षेत्र वाले जिलों में प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा की रूप रेखा तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के निर्देश पर प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्षों के अपने-अपने प्रभार क्षेत्र के जिलों में उनके नेतृत्व में निकाली जाएगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा माह जनवरी 2023 के प्रथम सप्ताह के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अपने-अपने प्रभार क्षेत्र के जनपदों में भारत जोड़ो यात्रा के प्रचार-प्रसार व समर्थन के लिए शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा पूर्व मंत्री नकुल दुबे के प्रभार क्षेत्र के जनपद लखनऊ से 11 दिसंबर 2022 को शुरू होगी जो 12 दिसंबर को जनपद बाराबंकी, 13 दिसंबर को जनपद श्रावस्ती, 14 दिसंबर को जनपद बलरामपुर, 15 दिसंबर को जनपद गोण्डा, 16 दिसंबर को जनपद बहराइच, 17 दिसंबर को जनपद रायबरेली, 18 दिसंबर को जनपद उन्नाव, 19 दिसंबर को जनपद लखीमपुर खीरी, 20 दिसंबर को जनपद सीतापुर से होते हुए 21 दिसंबर 2022 को जनपद हरदाई में समाप्त होगी। प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय राय के प्रभार क्षेत्र के जनपद प्रयागराज से 11 दिसंबर 2022 को शुरू होने वाली प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा 12 दिसंबर को जनपद कौशाम्बी, 13 दिसंबर को जनपद प्रतापगढ़, 14 दिसंबर को जनपद अमेठी, 15 दिसंबर को जनपद सुल्तापुर, 16 दिसंबर को जनपद जौनपुर, 17 दिसंबर को जनपद भदोही, 18 दिसंबर को जनपद मिर्जापुर, 19 दिसंबर को जनपद सोनभद्र, 20 दिसंबर को जनपद चन्दौली, 21 दिसंबर को जनपद गाजीपुर से होने वाली यात्रा का 22 दिसंबर 2022 को जनपद वाराणसी में समापन होगा। प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष विधायक वीरेन्द्र चौधरी के प्रभार क्षेत्र के जनपद कुशीनगर से 9 दिसंबर 2022 को शुरू होगी और 10 दिसंबर को जनपद देवरिया, 11 दिसंबर को जनपद बलिया, 12 दिसंबर को जनपद मऊ, 13 दिसंबर को जनपद आजमगढ़, 14 दिसंबर को जनपद अम्बेडकर नगर, 15 दिसंबर को जनपद अयोध्या, 16 दिसंबर को जनपद बस्ती, 17 दिसंबर को जनपद सिद्धार्थनगर, 18 दिसंबर को जनपद महराजगंज दिनांक 19 दिसंबर को जनपद गोरखुपर से होते हुए 20 दिसंबर को जनपद संतकबीर नगर में समाप्त होगी। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इसी क्रम में प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित के प्रभार क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर से 8 दिसंबर 2022 को शुरू होगी और 9 दिसंबर को जनपद पीलीभत, 10 दिसंबर को जनपद बरेली, 11 दिसंबर को जनपद बदायूं, 12 दिसंबर को जनपद कासगंज, 13 दिसंबर को जनपद फर्रुखाबाद, 14 दिसंबर को जनपद एटा, 15 दिसंबर को जनपद मैनपुरी, 16 दिसंबर को जनपद फिरोजाबाद, 17 दिसंबर को जनपद आगरा, 18 दिसंबर को जनपद हाथरस, 19 दिसंबर को जनपद अलीगढ़ से होते हुए 20 दिसंबर जनपद मथुरा में होगा।

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई डॉ. राजेंद्र प्रसाद व खुदीराम बोस की जयंती

लखनऊ। यूपी कांग्रेस मुख्यालय में भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सचिव अनिल यादव, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, सेवादल कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय ने स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों की कार्यशैलियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने भारतीय स्वाधीनता के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई।

## रालोद प्रत्याशी ने की आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**लखनऊ।** खतौली विधानसभ सीट पर हो रहे उपचुनाव में राष्ट्रीय लोक दल के प्रत्याशशी मदन गोपाल उर्फ मदन भैय्या ने निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और राज्यमंत्री संजीव बलियान पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाया है। निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में मदन भैय्या ने कहा है कि भूपेंद्र सिंह और संजीव बलियान 150 गाड़ियों के काफिले के साथ खतौली विधानसभा क्षेत्र में घूम रहे हैं। शनिवार को शाम सात बजे इन्हें ग्राम जघेंडी में देखा गया। जहां यह लोग चुनाव प्रभावित कर रहे थे। इसके बाद इनका काफिला दूसरे गांवों में चला गया। मदन भैय्या ने कहा है कि प्रचार बंद होने के बाद इनका इस तरह घूमना आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और राज्यमंत्री संजीव बलियान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# डेवलपर्स को रंगदारी के लिए धमकाने वाले दो ईनामी अपराधी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रायबरेली** के डेवलपर्स से पांच लाख की रंगदारी मांगने और न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले दो ईनामी अपराधियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए मुकेश कुमार निवासी पुरे ठकुराईन, पोस्ट जतुआटप्पा विझवन, थाना महराजगंज, रायबरेली और राघवेन्द्र सिंह उर्फ शुभम सिंह निवासी ग्राम हसनापुर, थाना हरचन्द्रपुर, रायबरेली के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए।

एसटीएफ की विभिन्न इकाइयां ईनामी अपराधियों के संबंध में छानबीन कर रहीं थीं। इस दौरान ज्ञात हुआ कि रायबरेली जिले थाना मिल एरिया पर दर्ज आईपीसी की धारा 386, 506 के मुकदमे में वांछित 25-25 हजार के पुरस्कार घोषित अपराधी मुकेश यादव व राघवेन्द्र सिंह हरदासपुर थाना क्षेत्र मिल एरिया, में मौजूद हैं और जो कही भागने की फिराक में है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस को साथ लेकर हरदासपुर नहर पुलिया से दोनों अपराधियों गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि 15 नवंबर 2022 को मेसर्स एके टाउनशीप डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक आशीष कुमार निवासी अशोक नगर, सकरा, रायबरेली को रास्ते में रोककर उन्हें पांच लाख की रंगदारी के लिए धमकाया था।

## पीडब्लूडी की दोनों कार्यदायी संस्थाओं के एमडी हटाए गए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की कार्यदायी संस्थाएं राजकीय निर्माण निगम और सेतु निर्माण निगम में बड़े परिवर्तन किए गए हैं। इन दोनों एजेंसियों के पुराने प्रबंध निदेशक हटाकर नए को नियुक्ति दी गई है। इसके अलावा बरेली में भी पीडब्ल्यूडी का एक बड़ा विकेट गिरा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मंत्री जितिन प्रसाद की ओर से और बड़े निर्णय लिए जाएंगे। जिससे विभाग में आमूलचूल परिवर्तन नजर आएंगे। जानकारी के अनुसार निर्माण निगम के एमडी संजय तिवारी और सेतु निगम के एमडी संजीव भारद्वारज को उनके पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा बरेली के चीफ इंजीनियर एमएम निसार को हटाकर मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। योगेश पवार को निर्माण निगम और राकेश सिंह को निर्माण निगम का नया एमडी बनाया गया है।

## कानपुर मामले में आप सांसद ने की कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** आद आदमी पार्टी के सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने कहा है कि कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में एक असहाय पटरी दुकानदार को पुलिस वालों ने उठाकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया, जहां एक तेज रफ्तार मेमो ट्रेन ने व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारी, जिसमें वह अपने दोनों पैर खो बैठा। संजय सिंह ने ट्वीट के माध्यम से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी के राज में गरीब होना अपराध हो गया है। अमीरों के सामने घुटने टेकने वाली सरकार में गरीबों का पैर कटवा दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से पीड़ित का अच्छे से अच्छा इलाज कराने और परिवार को उचित मुआवजा देने के साथ ही गुंडागर्दी करने वाले पुलिस वालों को नौकरी से तत्काल बर्खास्त किया जाए। आप सांसद संजय सिंह के निर्देश पर पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और सांसद संजय सिंह की तरफ से 50 हजार रुपउ की सहायता राशि दी। प्रतिनिधिमंडल ने हर संभव मदद का भरोसा भी दिया।

# अयोध्या में बन रहे राम मंदिर तक बेहतरीन सड़कें देने जा रही योगी सरकार

- जन्मभूमि तक जाने वाले मार्गों के चौड़ीकरण के लिए एक हजार करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रामनगरी** अयोध्या कभी तंग सड़कों और बदहाल रास्तों के लिए जानी जाती थी लेकिन जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके कायाकल्प का संकल्प लिया है तब से अयोध्या चमक रही है। अयोध्या के रास्ते चौड़े हो चुके हैं आवागमन सुगम हो चुका है। विदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले भक्तों के लिए प्रदेश सरकार ने शानदार कनेक्टिविटी प्रदान की और अब योगी सरकार का लक्ष्य यहां बन रहे भव्य राम मंदिर तक अलग-अलग स्थानों से डायरेक्ट रोड कनेक्टिविटी प्रदान करने का है। इसके तहत सरकार ने लगभग एक हजार करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृत किया है। इन परियोजनाओं में रोड कनेक्टिविटी के लिए भूमि अधिग्रहण, भवन और दुकान स्वामियों की पुनर्स्थापना एवं निर्माण शामिल है। इससे रामजन्मभूमि तक जाने वाले सभी रास्ते चौड़े किए जाएंगे और इनका सौंदर्यीकरण किया जाएगा ताकि भगवान राम के बाल स्वरूप का दर्शन करने आने वाले भक्तों को राममय वातावरण प्रदान किया जा सके।

श्रद्धालुओं की सहूलियत का ध्यान रखते हुए सुग्रीव किले से श्रीराम जन्म भूमि मंदिर मार्ग तक लगभग आधा किमी 0.566 किमी का फोर लेन तैयार किया जा रहा है जिसका नाम जन्म भूमि पथ रखा गया है। इसके निर्माण में जमीन खरीदने से लेकर अन्य निर्माण में 83.33 करोड़ का खर्च आ रहा है जिसको मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में हरी झंडी दे दी है। वहीं जमीन खरीदने के लिए 3.90 करोड़ और निर्माण कार्य के लिए 27.17 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। वर्तमान में 39 प्रतिशत काम हो चुका है जिसमें जल निगम की ओर से सीवर-वाटर सप्लाई के लिए पाईप लाइन का काम तेजी से चल रहा है। वहीं आरसीसी नाली और यूटीलिटी डक्ट का काम भी हो रहा है। इसी तरह श्रृंगार हाट से श्री राम जन्म भूमि मंदिर मार्ग तक .742 किमी का फोर लेन तैयार किया जा रहा है। इसका मार्ग का नाम भक्ति पथ रखा गया है। इसके चौड़ीकरण के लिए जमीन खरीदने समेत अन्य निर्माण कार्य के लिए 62.79 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है जिसके सापेक्ष 32.10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। ऐसे में निर्माण मार्ग में आने वाली 350 दुकानों का मुआवजा दिया जा चुका है। वहीं चौड़ीकरण के लिए 290 दुकानों को ध्वस्त किया जा चुका है शेष पर कार्रवाई चल रही है। यह मार्ग 13 मीटर चौड़ा किया जा रहा है जिसमें 5.50 मीटर चौड़ाई सीसी रोड की भी शामिल है।

राम भक्तों को श्रीराम जन्म भूमि मंदिर तक पहुंचाने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए सहादतगंज से नया घाट मार्ग 12.940 किमी का फोर लेन तैयार किया जा रहा है जिसका नाम राम पथ रखा गया है। इस मार्ग के चौड़ीकरण में जमीन खरीदने से लेकर अन्य निर्माण कार्य के लिए 797.69 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 290 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। राम पथ के लिए 40765 वर्ग मीटर भूमि की जरूरत है जिसके मुकाबले 4773 वर्ग मीटर भूमि का अर्जन कर लिया गया है।

## क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद राकेश झा निलम्बित यूपीसीडा मुख्यालय से किए गए सम्बद्ध

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र गाजियाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई किए जाने का आदेश जारी किया। औद्योगिक क्षेत्र हापुड़ में संचालित रूही इंडस्ट्रीज में आठ जून 2022 को हुए विस्फोट में 13 श्रमिकों की झुलसने के कारण मृत्यु होने और करीब 20 श्रमिकों के घायल होने के मामले में उच्चाधिकारियों की अवहेलना करते हुए कार्यों में लापरवाही बरते जाने एवं अनुशासनहीनता के आरोप में क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद राकेश झा के खिलाफ निलम्बन और विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। निलम्बन के साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा को यूपीसीडा मुख्यालय कानपुर से सम्बद्ध किए जाने का भी आदेश मंत्री नन्दी ने जारी किया है। मंत्री नन्दी ने बताया कि आठ जून 2022 को शेखपुरा खिचरा थाना धौलाना यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 के प्लाट संख्या एफ-128 में मौके पर संचालित रूही इंडस्ट्रीज में दोपहर करीब तीन बजे आग लगने और विस्फोट होने की घटना घटित हुई थी। जिसमें 13 श्रमिकों की मृत्यु हो गई थी। वहीं करीब 20 श्रमिक गम्भीर रूप से घायल हुए थे। इस दुर्घटना में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी सहायक प्रबंधक सिविल धीरज मिश्रा को निलम्बित किया जा चुका है। इस घटना के सम्बंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से यह कहा गया कि क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद राकेश झा द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए कार्यों में लापरवाही बरती गई जो अनुशासनहीनता का द्योतक एवं प्राधिकरण की सेवा नियमावली 2018 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है।

# योगी सरकार के गड्ढा मुक्त अभियान को जिला पंचायत ही लगा रहा पलीता

**संवाददाता। सीतापुर**

- **मरम्मत के एक सप्ताह भीतर उखड़ने लगी सड़क की बजड़ी**
- **हरगांव विधानसभा क्षेत्र में सड़क पर हुआ है मरम्मत कार्य, सेलूमऊ नरोत्तमपुर मार्ग से पचेहरा गांव तक जाती है सड़क**

**योगी सरकार** के गड्ढा मुक्त सड़कों के अभियान को सीतापुर का जिला पंचायत ही पलीता लगा रहा है। आलम यह है कि जिला पंचायत द्वारा मरम्मत कराई गई सड़क की बजड़ी एक सप्ताह के भीतर ही उखड़ने लगी है। सड़कों का निर्माण कराने और मरम्मत करवाने वालों का रवैया अगर ऐसा ही रहा तब तो कभी भी सड़कें गड्ढा मुक्त हो ही नहीं पाएंगी। आलम यह है कि इसकी सूचना जिला पंचायत में दिए जाने के बावजूद जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही न किया जाना अपने आप में सवाल खड़ा कर रहा है और तो और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी ऐसे मामलों में कोई दखल नहीं दे रहे है। इससे तो यही जाहिर होता है कि कहीं न कहीं ऐसे मामलों में उनकी भी संलिप्तता है। आपको बता दें कि विकास खण्ड हरगांव क्षेत्र में एक सड़क की मरम्मत कराई गई जिसकी बजड़ी एक सप्ताह में ही उखड़ने लगी है। यह सड़क कारागार राज्यमंत्री एवं हरगांव विधायक सुरेश राही के क्षेत्र अन्तर्गत आती हैं। उखड़ती बजड़ी को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि मरम्मत के नाम पर सिर्फखाना पूर्ति की गई है। सड़क पर पैर रखड़ते ही बजड़ी इस तरह बिखरती है मानों डामर का प्रयोग किया ही नहीं गया है। विकासखंड हरगांव क्षेत्र के सेलूमऊ नरोत्तमपुर मार्ग से पचेहरा गांव तक जाने वाले इस सड़क पर लेपन और मरम्मत का काम जिला पंचायत की तरफ पंचम राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत कराया गया है। मरम्मत कराने के साथ ही यहां जिला पंचायत की तरफ से शिला पट्टिका भी लगा दी गई है और उसका लोकापर्ण भी कर दिया गया। हालांकि पटिका पर इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है कि इस सड़क के मरम्मत पर कितनी धनराशि खर्च की गई है। सड़क की उखड़ रही बजड़ी इस बात की तस्दीक कर रही है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। बहरहाल एक सप्ताह के भीतर बजड़ी उखड़ने की जानकारी जब भाजपा से झरेखापुर मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा को हुई है तो उन्होंने जिला पंचायत के अवर अभियंता सहीम अहमद से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद शनिवार को अवर अभियंता सहीम अहमद मौके पर पहुंचे और शिकायत के संबंध में सत्यापन किया। अवर अभियंता सहीम अहमद ने बताया कि मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर सड़क की जांच की गई है। जल्द ही फिर से लेपन कार्य कराया जाएगा।

# उर्वरक पाने के लिए भटक रहे किसान

**संवाददाता। सीतापुर**

- **रात के अंधेरे में महंगे दामों पर बेची जा रही खाद**

**सीतापुर के** गांजरी इलाके के किसानों का प्रकृति के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी बराबर इम्तिहान ले रहे हैं। पहले तो असमय आई बाढ़ ने किसानों की फसल चौपट कर दी। उसके बाद जब किसानों के खेतों से पानी सूख गया है उनको गेहूं की बुवाई करनी है तो समय से खाद नहीं मिल पा रही है। किसान साधन सहकारी समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन वहां पर ताला झूलता मिलता है। मामला विकासखंड रेउसा की साधन सहकारी समिति थौरा गंगापुरवा का है। जहां के किसानों का कहना है कि-समिति पर डीएपी खाद तो उपलब्ध हो गयी है। लेकिन यहां तैनात सचिव राजू खाद का वितरण नहीं कर रहे हैं और रात के अंधेरे में महंगे दामों में डीएपी की बिक्री कर रहे हैं। गरीब किसान दिन भर समिति के बाहर इंतजार करते हैं। लेकिन उनको खाद नहीं मिल पाती है। मामले में सचिव राजू से कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, मगर फोन स्विच ऑफ बताता रहा। ए. आर. कोआपरेटिव नवीन कुमार शुक्ला ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि उक्त केंद्र पर 240 बोरी खाद पहुंची है, करीब 700 किसानों को खाद की जरूरत है, इसलिए पुलिस की व्यवस्था के बाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात में वितरण का आरोप गलत है, किसी भी केन्द्र पर कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है।

## क्विक न्यूज

### 23 मेघावी कन्याओं को ई मोबाइल टेबलेट वितरण करेगी रोटरी क्लब बरेली साउथ

**बरेली।** रोटरी क्लब बरेली साउथ की एक सभा श्री कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में अध्यक्षता में हुई। जिसमें रोटरी इंटरनेशनल द्वारा कक्षा 9 की छात्राओं की प्रतियोगिता के बाद विजय छात्राओं के नामों की घोषणा की गई। कपिल अग्रवाल ने बताया की मंडलअध्यक्ष पवन अग्रवाल के द्वारा पूरे डिस्ट्रिक्ट में कक्षा 9 की छात्राओं की प्रतियोगिता की विजता छात्राओं को एक टेबलेट पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।कम्युनिटी सर्विस डायरेक्टर रोहित जिंदल ने बताया की रोटरी क्लब बरेली साउथ द्वारा 4 दिसंबर 2022 को रोटरी भवन चौपला रोड पर सुबह 11रू00 बजे से 23 मेघावी कन्याओं को ई मोबाइल टेबलेट वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। यह टैबलेट का वितरण डिस्ट्रिक्ट 3110 मंडल अध्यक्ष पवन अग्रवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसमें पूरे मंडल में 635 टेबलेट का वितरण किया जा रहा है। सचिव मनोज अग्रवाल ने बताया की टेबलेट वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली श्री अखिलेश कुमार चौरसिया जी रहेंगे। सभा में डॉक्टर आई एस तोमर, डॉक्टर रवि मेहरा, रवि प्रकाश अग्रवाल, चंद्र प्रकाश, राजीव बूबना, विमल मेहरोत्रा, अमित मल्होत्रा, डॉ विनोद पागरानी, संजय अग्रवाल, ध्रुव तिलक, अजय जसोरिया ,पंकज टंडन, अप्पूर्व गुप्ता, संदीप मेहरा, पंकज टंडन, चरण कमल सिंह, दिनेश खंडेलवाल, हिमांशु कौशिक मौजूद रहे।

### पेंटर ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**बरेली।** मानसिक रूप से तनावग्रस्त चले रहे एक पेंटर ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी पेंटर विजय पुत्र जय किशन कि आज सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है उसे कल सुबह बेहोशी की हालत में पत्नी गौरी प्यारी और बहन छाया में भर्ती कराया था जिला अस्पताल में मौजूद पत्नी ने बताया कि विजय पेंटिंग का काम करता था और लगभग 2 हफ्ते पूर्व मृतक की मां सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी उसने मां के इलाज में लगभग 80000 रुपए खर्च किए थे उसने कुछ लोगों से भी पैसा उधार लिया था पैसा देने वाले उस पर पैसा वापस करने का दबाव डाल रहे थे जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान हो गया और कल सुबह उसने घर में रखा कीटनाशक खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर पत्नी और बहन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां आज सुबह उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मृतक एक बच्चे का पिता था

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण घायल

**बरेली।** इको वेन और बोलेरो कार के बीच हुई टक्कर में बिलोरी सवार एक ग्रामीण घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।आंवला थाना क्षेत्र के भुर्जी टोला निवासी 35 वर्षीय नरेश पुत्र धनीराम को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि नरेश कल शाम को अपने साढ़ू गुड्डू के साथ बोलेरो कार में बैठकर सिरौली थाना क्षेत्र के गांव मनोना स्थित खाटू श्याम मंदिर जाने के लिए घर से चला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद सामने से आ रही थी ईको बैन उनकी कार से टकरा गई बोलेरो चालक ने अचानक ब्रेक लगाए जिससे सीट पर बैठा नरेश खिड़की शीशे से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर पहुंचे घरवाले उसे पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए और फिर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है

### आवारा सांड ने ग्रामीण पर किया जानलेवा हमला

**बरेली।** जंगल में जाने के लिए घर से निकले एक बुजुर्ग पर घर के बाहर खड़े आवारा सांड ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भुता थाना क्षेत्र के गांव अमृता निवासी 65 वर्षीय विद्या राम पुत्र बाबूराम को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि विद्याराम रोजाना की तरह आज सुबह तड़के सो कर उठने के बाद जंगल में जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन एक आवारा सांड उनके घर के दरवाजे पर ही खड़ा था जैसे ही वह घर से दरवाजे से बाहर निकले सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए लोगों पर उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग और घरवाले मौके पर पहुंचे और सांड को भगा दिया लेकिन तब तक विद्याराम गंभीर रूप से घायल हो चुके थे घरवाले उन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल लाये।

# वरासत के लिए लेखपाल ने ली मुंह मांगी रकम, आडियो वायरल !

- **रुपए लेने के बाद भी लेखपाल ने नहीं की वरासत, वरासत के लिए लेखपाल ने लिए 2500 रूपए**
- **शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, मामला तहसील महमूदाबाद के ब्लाक रामपुर मथुरा का**

**संवाददाता। सीतापुर**

**सीतापुर में** भ्रष्टाचार की जड़ें गहराती जा रही है। आलम यह है कि वरासत के लिए क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मुंह मांगी रकम ले ली जाती है। रकम पाने के बाद भी कई कई दिनों तक फरियादी को दौड़ाया और टरकाया जाता है। ऐसा ही एक आडियो इन दिनों तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आडियो विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र का बताया जाता है। जहां वरासत के नाम पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा किसान से 2500 रूपए ले लिए गए और फिर भी वरासत नहीं की गई। मनबढ़ लेखपाल की शिकायत स्थानीय विधायक और संबंधित तहसील महमूदाबाद के उपजिलाधिकारी से भी की गई, लेकिन कार्रवाई शून्य रही। बताया जाता है कि इसके बाद ग्राम पंचायत भागीपुर के भुक्तभोगी किसान अनिल वर्मा ने गांव के त्रिभुवन वर्मा से अपना दुखड़ा रोया। शनिवार को मामले में एक बार फिर जब एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेश कुमार त्रिपाठी से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने रटा रटाया जवाब देते हुए कहा कि जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

# कोटेदार और पूर्व प्रधान प्रतिनिधि की धारदार हथियारों से हत्या

**संवाददाता। सीतापुर**

- **साथ सोए नौकर को नहीं हो सका भान, एक ही कमरे में सोए थे मृतक लल्ला सिंह और नौकर कल्लू**
- **नौकर को पता ही नहीं चला, सुबह होने के बाद दी परिजनों को जानकारी**
- **पुलिस को नौकर पर शक, कल्लू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू**

**सीतापुर में** एक कोटेदार और पूर्व प्रधान प्रतिनिधि की धारदार हथियारों से सिर और चेहरा कूचकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। कोटेदार का शव गांव के बाहर बने कमरे में पड़ा मिला। साथ सोए नौकर ने सुबह शव देखकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। हत्या की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद और कोतवाल विजेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना स्थल से एक हथौड़ा मिला है लेकिन इस हथौड़े में खून के कोई निशान नहीं पाए गए है। पुलिस को शक है कि इस हत्याकांड को कोटेदार की करीबी को मिलाकर अंजाम दिया गया है। हत्या के पीछे पैसे का लेनदेन हो सकता है। पुलिस को प्रथम दृष्टया कोटेदार के साथ सोए नौकर पर ही संदेह है, जिसको हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। महमूदाबाद कोतवाली इलाके के गांव गुलौली की सुबह की शुरूआत सनसनी के साथ हुई। गांव के कोटेदार और पूर्व प्रधान के प्रतिनिधि 53 वर्षीय लल्ला सिंह की अज्ञात हमलावरों ने उनके ही घर के कमरे में धारदार हथियार से हत्या कर दी और फरार हो गए। साथ में सोए बाराबंकी जनपद के थाना बड्डूपुर के खिजना निवासी कल्लू वर्मा को इसकी भनक भी नहीं लगी। कल्लू के मुताबिक सुबह करीब सात बजे उसे जानकारी हो पाई तब उसने परिजनों को जानकारी दी, जबकि लल्ला सिंह अपने नौकर कल्लू के साथ गांव के बाहर बने कमरे में जमीन पर बिस्तर बिछाकर सोए थे। इस हत्याकांड का एक अहम पहलू यह भी है कि घटना स्थल एक हथौड़ा मिला है, लेकिन इस हथौड़े में खून के कोई निशान नहीं पाए गए है। मौके पर पहुंचे एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कोटेदार की हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए अधिनस्थों को निर्देश दिए। पुलिस ने कोटेदार के नौकर कल्लू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आपको बता दें कि मृतक लल्ला सिंह की पत्नी नीलम सिंह गांव की पूर्व प्रधान रह चुकी है, हत्या के पीछे पैसों का लेनदेन होना माना जा रहा है। मृतक की पुत्री कीर्ती ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हत्या रात में की गई है, लेकिन जानकारी सुबह हुई है। मौके पर पहुंचकर फील्ड यूनिट के साथ घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि कुछ लोगों से पैसे को लेकर विवाद चल रहा था, जिनपर आशंका परिजनों ने जताई है, साथ ही जिस कमरे में हत्या को अंजाम दिया गया उसी में मृतक और नौकर सोया था, यह भी एक अहम पहलू है, फिलहाल पुलिस अलग-अलग एंगल तफ्तीश कर रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

# मूक बधिर विद्यालय को दी मदद



**लखीमपुर-खीरी।** विश्व दिव्यांग दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित आदर्श मूक बधिर विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर अपने संगठन रिटायर्ड इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन रजि. (रीवा) द्वारा दो बच्चों को रजाई-गद्दा व अन्य सभी के लिए बर्तन सहयोग स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चो एवं ताइकवांडों टीम के बच्चोंद्वारा मनभावन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिन्हें भी रीवा के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन रीवा के मुख्य संयोजक चंद्र शेखर मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीर पाल, विद्यालय के प्रबंधक प्रवीण प्रकाश बरनवाल, प्रधानाचार्य राम दुलारे वर्मा, रीवा संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि प्रकाश त्रिपाठी, महामंत्री ईश दत्त मिश्र, प्रबोध शुक्ला, सुनील कुमार तोमर, प्रमोद शर्मा, अनिल तिवारी, राम मोहन गुप्त, प्रमोद दीक्षित सहित भारी संख्या में विद्यालय के बच्चे, परिवारजन व स्टाफ उपस्थित रहे।

# मासिक बैठक आयोजित

**मोहम्मदी खीरी।** उप्र सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद इकाई की मासिक बैठक शाहजहांपुर रोड गल्ला गोदाम पर संपन्न हुई मुख्य अतिथि के रूप मे जिला संरक्षक विजय कान्त द्विवेदी एवं तहसील अध्यक्ष जागेश्वर दयाल की उपस्थित मे हुई जिस्मे मोहम्मदी तहसील के सभी उचित दर विक्रेता शामिल हुए जिसमें कई विषयों पर चर्चा की गई एवं कई प्रस्ताव पास हुए एवं आगे के कार्य के लिए रणनीति बनाई गई तथा उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के जिला अध्यक्ष के चुनाव के बारे में चर्चा की गई जिस्मे जिला अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख 4-12-2022 को होना बताया गया बैठक मे मोहम्मदी ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष लल्लन सिंह कोषाध्यक्ष अनीश द्विवेदी संगठन मंत्री नीरज वर्मा ,गुच्छन खाँ , सुभाष गुप्ता आरिफ खान शैलेंद्र कुमार वर्मा अफरोज खान तहसील महासचिव मोईन खान शिव दर्शन इरफान सुभाष चंद्र सुधीर कुमार वर्मा तथा नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार जी मौजूद रहे।

# अब मानसिक रोगियों की जिले में ही होगी मानसिक विकलांगता की जांच

- **लखनऊ मेडिकल कॉलेज जाने से मिलेगा छुटकारा**
- **जिले में नैदानिक मनोवैज्ञानिक की हुई तैनाती मानसिक रोगियों को मिली बड़ी राहत**

**लखीमपुर-खीरी।** मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें जिले में ही न सिर्फ मानसिक रोगों से जुड़ी समस्याओं का परामर्श मिल सकेगा, बल्कि उनकी समस्त प्रकार की मानसिक जांचें भी जनपद में ही हो सकेंगी। इतना ही नहीं जिन मानसिक रोगियों को विकलांगता प्रमाण पत्र लेने के लिए मानसिक बुद्धिमत्ता की जांच कराने लखनऊ के मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता था। अब उन्हें भी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज जाने की मुश्किल से भी छुटकारा मिल सकेगा। अब मानसिक समस्याओं से ग्रसित लोगों को समस्त प्रकार की जांचें, परामर्श आसानी से जिले में ही उपलब्ध हो सकेगा।

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि पूर्व में जो लाभार्थी मानसिक विकलांग प्रमाण पत्र के लिए मानसिक बुध्दिमत्ता की जांच हेतु किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ भेजे जाते थे, अब उनकी समस्त प्रकार की मानसिक जांच जनपद में ही हो पायेगी। उन्होंने बताया कि काफी समय से रिक्त चल रहे नैदानिक मनोवैज्ञानिक के रिक्त पद पर सरकार द्वारा पोस्टिंग कर दी गई है। अब मानसिक परामर्श के साथ-साथ मानसिक जांच भी जनपद में उपलब्ध है। अब मरीजों को लखनऊ जाने की आवश्यकता नहीं है। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा आगामी माह में ब्लॉक स्तर पर स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर वृहद मानसिक स्वास्थय मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मानसिक रोगों से ग्रसित मरीजों की अब जनपद में ही जांच सेवा उपलब्ध हो गई है।

## जिले में मैदानी मनोवैज्ञानिक की हुई पोस्टिंग

मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि जिले में खाली चल रहे नैदानिक मनोवैज्ञानिक पद पर नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ की तैनाती हो गई है। जिसके चलते मानसिक रोगियों की अधिकांश समस्याओं का निदान जिला अस्पताल से ही मिल सकेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं



**लखीमपुर खीरी।** प्रथम शनिवार को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा तहसील निघासन पर उपस्थित रहकर 'संपूर्ण समाधान दिवस' की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील संपूर्ण दिवस तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ,जिसमे कुल 57 शिकायती पत्र आऐ,मौके पर 06 शिकायती पत्र का समाधान किया गया,जिसमे राजस्व विभाग की 38,पुलिस 10,बिकास की 03,विद्युत की 2,नगर पालिका 02 सहित अन्य विभाग की एक एक शिकायतें आयीं, इस समाधान दिवस विकास खंड अधिकारी धर्मेश पांडे ,अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## गुजरात में...

कम 62.53 प्रतिशत मतदान हुआ था। यह राज्य के औसत 75.6 प्रतिशत से 13 प्रतिशत कम है। हालांकि हिमाचल प्रदेश में 2017 (74.17 प्रतिशत) की तुलना में 2022 में कुल मिलाकर मतदान प्रतिशत में मामूली वृद्धि हुई, फिर भी शहरी केंद्रों में मतदाता उदासीन ही दिखे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि पहले चरण के मतदान में गुजरात के कई निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई, लेकिन सूरत, राजकोट और जामनगर जैसे प्रमुख जिलों में मतदान के प्रति उदासीनता से समग्र मतदान कम हो गया। इस उदासीनता को दूर करने की जरूरत है। ग्रामीण और शहरी निर्वाचन क्षेत्रों के बीच मतदान में अंतर दिखाई दिया। नर्मदा जिले के देदियापाड़ा के ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र (82.71 प्रतिशत) और गांधीधाम की शहरी सीट (47.86 प्रतिशत) के बीच यह अंतर 34.85 प्रतिशत तक रहा। दूसरा सबसे कम मतदान सूरत के करंज निर्वाचन क्षेत्र में हुआ, जो 2017 में 55.91 प्रतिशत से 5.37 प्रतिशत अंक कम था।

## दिल्ली पूरी...

से भी निगरानी की जाएगी। दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों में मतदान के लिए पुलिस का संवेदनशील बूथों पर तनाव की आशंका को रोकने तथा उम्मीदवारों को अवैध तरीकों से मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करने से रोकने पर होगा। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि सुरक्षा बलों को निष्पक्ष आचरण प्रदर्शित करने, उपद्रवियों के खिलाफ सतर्क रहने और आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुलिस के विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) जोन-2 सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि सभी संवेदनशील मतदान केंद्रों का सर्वेक्षण कराया जा चुका है। जोन-एक में विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि पिछले छह-आठ सप्ताह से एमसीडी चुनाव पर पुलिस की नजर है।

## पहली बार...

चार हजार 301 है। वहीं 95 हजार 458 मतदाता पहली बार मतदान में हिस्सा लेंगे। यह चुनाव 13 हजार 638 मतदान केंद्रों पर होगा। इसमें 68 माडल पोलिंग स्टेशन और 48 पिंक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## हिंद महासागर...

आईएसी-1 का आर्डर फिर दिया जाए। नौसेना दिवस से एक दिन पूर्व पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन के एक बेड़े की प्रस्तावित खरीद का विषय प्रक्रिया में है और नौसेना अनगिनत सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर क्षमता वृद्धि करने की राह पर है। नौसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि औपनिवेशिक अतीत से पीछा छुड़ाने की कवायद जारी है क्योंकि हम इस विचार का दृढ़ता से समर्थन करते हैं कि हमें गुलामी की मानसिकता से छुटकारा पाना है। उन्होंने कहा कि नौसेना आईएसी-2 पर जोर दे रही है। इस पर 50,000 करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है। भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमान वाहक आईएनएस विक्रांत (आईएसी-1) को सितंबर में नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इस विमानवाहक पोत पर करीब 23,000 करोड़ रुपए का खर्च आया था। नौसेना समुद्र में चीन की बढ़ती ताकत तथा हिंद महासागर में उसके बढ़ते दबदबे से निपटने के लिए तीन विमान वाहक पोत हासिल करने की हिमायत कर रही है। फिलहाल भारत के पास दो विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत हैं। आईएनएस विक्रमादित्य रूसी मूल का है।

## लापिद की...

विदेशी सदस्यों ने अब कहा है कि लापिद ने जो कहा है, उनकी राय भी वही है। शनिवार को ज्यूरी के साथी सदस्य जिन्को गोटोह ने कश्मीर फाइल्स पर लापिद के रुख के लिए ज्यूरी के सभी विदेशी सदस्यों के समर्थन को व्यक्त करते हुए एक बयान ट्वीट किया। हालांकि भारतीय जूरी सदस्य सुदीप्तो सेन ने जूरी प्रमुख लापिद के दावों से अलग राय रखी। हालांकि हैंडल को ट्विटर द्वारा सत्यापित नहीं किया गया है, लापिद ने द वायर से पुष्टि की है कि ट्विटर अकाउंट द्वारा दिया गया बयान प्रामाणिक है और जूरी सदस्यों ने उसे एक प्रति ईमेल की थी। बयान में कहा गया है कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में जूरी के अध्यक्ष नादव लापिद ने जूरी सदस्यों की ओर से एक बयान दिया, जिसमें कहा गया था कि हम सभी 15वीं फिल्म द कश्मीर फाइल्स को देखकर परेशान और हैरान थे।

## लक्ष्य सेन...

लिए लक्ष्य के माता-पिता के साथ साठगांठ की। उनके खिलाफ अगर ये आरोप सिद्ध हो जाते हैं तो हाल ही में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित इस खिलाड़ी को अपने कई रिकॉर्ड को छोड़ना पड़ सकता है। विमल ने इन आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा, यह बहुत कष्ट दायक है। यह सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का तरीका है। लक्ष्य ने अच्छा प्रदर्शन किया है और ब्रेक के बाद फिर से अभ्यास शुरू कर दिया है। यह उसके लिए मानसिक रूप से बहुत परेशान करने वाला है। विश्व रैंकिंग में फिलहाल छठे स्थान पर काबिज लक्ष्य को बुधवार को राष्ट्रपति भवन में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने 2021 में हमवतन किदांबी श्रीकांत से हारने के बाद विश्व चैंपियनशिप का कांस्य जीता। वह इस साल ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता भी रहे और उन्होंने साल की शुरुआत में भारत की ऐतिहासिक थॉमस कप जीत में अहम भूमिका निभाई।

## पथराव, आगजनी...

अन्य मामलों में आरोपी है और वह दंगे के पीछे की बड़ी साजिश के सिलसिले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपों का सामना कर रहा है। ये विषय अदालत में लंबित हैं। करावल नगर थाने ने दंगा फैलाने, आपराधिक साजिश रचने समेत भारतीय दंड संहिता के कई प्रावधानों, शस्त्र कानून और सरकारी संपत्ति नुकसान रोकथाम अधिनियम की धाराओं के तहत इन दोनों आरोपियों तथा अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में, इस मामले की जांच अपराध शाखा को हस्तांतरित कर दी गई थी।

## राजस्थान कांग्रेस...

पसंद के नेताओं की तस्वीरों के साथ बैनर तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि सभी प्रचार सामग्री सिर्फ तीन चीज प्रमुखता से दर्शाई गई हैं-राहुल गांधी की तस्वीरें, पार्टी का नाम और उसका चिह्न। गुर्जर ने कहा कि सभी पार्टी नेता और कार्यकर्ता राजस्थान में राहुल गांधी के स्वागत को लेकर उत्सुक हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के सदस्य सुरेश गुर्जर ने भी पार्टी में गुटबाजी और किसी विशेष खेमे के वर्चस्व से इनकार किया। सुरेश गुर्जर भी पायलट के वफादार माने जाते हैं। उन्होंने राजस्थान का पिछला विधानसभा चुनाव खानपुर सीट से लड़ा था। सुरेश गुर्जर ने कहा कि गहलोत और पायलट, दोनों ही उनके नेता हैं और यात्रा से जुड़ी सभी प्रचार सामग्री में उनकी तस्वीरें प्रमुखता से दर्शाई गई हैं। भारत जोड़ो यात्रा रविवार शाम को मध्य प्रदेश से राजस्थान के झालावाड़ में दाखिल होगी। राहुल गांधी सोमवार सुबह काली तलाई इलाके से यात्रा के राजस्थान चरण की शुरुआत करेंगे।

## यात्रा में...

के बाद सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट कीं। आदेश के अनुसार कन्नोजे ने 24 नवंबर को एक राजनीतिक दल द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन किया। इस बीच, राज्य कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने एक ट्वीट में कहा, शिवराज सिंह चौहान सरकार ने कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में भाग लेने की अनुमति दी है, लेकिन एक आदिवासी राजेश कन्नोजे को एक गैर-राजनीतिक रैली के दौरान राहुल गांधी को तीर-कामन देने के लिए निलंबित कर दिया है।

## दोषियों की...

सुनाई गई मौत की सजा को कम करके उम्रकैद में तब्दील कर दिया था, लेकिन इसने अन्य 20 दोषियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था। उच्चतम न्यायालय ने 11 नवंबर को एक दोषी को दी गई अग्रिम जमानत की अवधि को बढ़ाकर 31 मार्च, 2023 तक कर दिया था। गत 13 मई को शीर्ष अदालत ने उसे छह माह की अग्रिम जमानत इस आधार दी थी कि उसकी पत्नी कैंसर से जूझ रही है और उसकी बेटियां दिव्यांग हैं।

## तमिलनाडु सरकार...

में डालता है। पीठ ने मंदिर में मोबाइल पर पाबंदी लागू करने का निर्देश देते हुए कुछ उदाहरण भी दिए। इसने कहा कि केरल में गुरुवायुर स्थित श्री कृष्ण मंदिर, मदुरै के मीनाक्षी अम्मन मंदिर और आंध्र प्रदेश में तिरुपति स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाकर इस पर सफलतापूर्वक अमल किया गया है।

# तहसील समाधान दिवस में 38 फरियादियों ने सौंपे प्रार्थना पत्र, पांच का हुआ निस्तारण

संवाददाता। राजपुर( चित्रकूट)


समस्या बताती पीड़ित महिलाएं।

**तहसील सभागार** में अपर जिलाधिकारी न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव व उपजिलाधिकारी प्रमोद झा की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के मुद्दे छाए रहे। अधिकारियों ने 38 फरियादियों की समस्याएं सुनी।जिसमें से पांच की समस्याओं का त्वरित निदान किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र गोसाँईपुरवा की आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र सोतीपुरवा द्वितीय की आंगनबाड़ी कार्यकत्री रामदुलारी के ऊपर पोषाहार न देने का आरोप लगाते हुए क्षमा, प्रभा, सीमा, रानू, रंजीता, चिम्मी, कामनी आदि महिलाओं ने तहसील दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया।जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा गर्भधात्री एवं 0 से 5 वर्ष के नवनिहाल बच्चों को दिये जाने वाले पोषाहार के वितरण में जमकर धांधली की जा रही है। माँगने पर कहती है तुम्हारे मोहल्ले में संचालित कृष्णा समूह के माध्यम से पोषाहार का वितरण किया जाता है।जबकि न तो आंगनबाड़ी ही पोषाहार देती है और न ही कृष्णा समूह की अध्यक्ष रेखा देवी, राजा बेटी ही पोषाहार का वितरण करती हैं। सभी महिलाओं ने उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ से माँग किया है कि हमारे नवनिहाल व दिव्यांग बच्चों को शासन से प्रदत्त पोषाहार दिलाया जाए। वहीं ग्राम पंचायत चनहट के गौरक्षक छोटेलाल पुत्र बसन्ता ने आरोप लगाया है कि मार्च और अप्रैल 2022 में उसने गौशाला में गौरक्षक के रूप में कार्य किया था, लेकिन प्रधान द्वारा दो माह का मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जबकि मुझे परिवार चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मानदेय दिलाए जाने की माँग की है।

तहसील दिवस समापन के बाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ द्वारा बिगत तहसील दिवस की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप 72घण्टे के अंदर शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ किए जाने का आदेश है। शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में वादी और प्रतिवादी दोनों की उपस्थिति में निस्तारण का कार्य किया जाए और किसी भी प्रकार का भेदभाव न बरतने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।इस मौके पर तहसीलदार संजय अग्रहरि, नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, नायब तहसीलदार संजय सिंह, सहायक चकबन्दी अधिकारी महेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक संजय पाण्डेय, अतुल मिश्रा, अरविंद सिंह, रामसिंह, दयाराम, लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामनिवास शुक्ला, सत्यप्रकाश पाण्डेय, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, कपिलमुनि पाण्डेय, अवधेश द्विवेदी, रामखेलावन यादव, रामसुमिर मिश्रा आदि फरियादी मौजूद रहे।

# अपर निदेशक ने खुद की सौ से अधिक महिलाओं की नसबंदी

संवाददाता। चित्रकूट

**सामुदायिक स्वास्थ्य** केंद्र पहाड़ी पर आयोजित शिविर में अपर निदेशक स्वास्थ्य चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ विजयपति द्विवेदी ने स्वयं 134 महिलाओं की नसबंदी की है। नसबंदी पखवाड़े के तहत सेवा प्रदायगी चरण चल रहा है। इस पखवाड़े में अभी तक लगभग साढ़े तीन सौ महिलाओं की नसबंदी हो चुकी हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भूपेश द्विवेदी ने बताया पखवाड़े में तीन सौ से अधिक महिलाओं की नसबंदी हुई है। उन्होंने बताया कि अपर निदेशक ने खुद सौ से अधिक महिलाओं की नसबंदी की है।

परिवार नियोजन के नोडल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के चौरिहा ने बताया कि इस समय नसबंदी पखवाड़ा चल रहा है। नसबंदी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में आयोजित नसबंदी शिविर में अपर निदेशक स्वास्थ्य चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ विजय पति द्विवेदी ने भी महिलाओं की नसबंदी की है। अपर निदेशक की पहल से नसबंदी में लगे विभिन्न चिकित्सकों को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े में कुल 341 महिलाओं की नसबंदी हो चुकी है। इसी प्रकार चार पुरुषों की भी नसबंदी हुई है।

परिवार पूरा होने पर कराएं नसबंदी पहाडी ब्लाक की रहने वाली रामरती ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं। आशा बहन के साथ परिवार नियोजन काउन्सलर सोनल से भेंट की। सोनल ने छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा बताते हुए परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदीके बारे में समझाया। बताया कि नसबंदी के बाद गर्भधारण की समस्या नहीं रहेगी साथ ही दोनों बच्चों की अच्छे से पढाई, लिखाई भी हो सकेगी।

## क्विक न्यूज

### आज मतदान केन्द्र पर रहेंगे अधिकारी: एसडीएम

**चित्रकूट।** एसडीएम सदर राजबहादुर ने कहा है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के हवाले से बताया है कि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। शनिवार को एसडीएम सदर राजबहादुर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन नौ नवम्बर, दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि नौ नवम्बर से आठ दिसम्बर तक होगी। विशेष अभियान 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर व चार दिसम्बर को दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर तक निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी 2023 को होगा। आयोग के निर्देश के क्रम में विशेष अभियान तिथि चार दिसम्बर को सभी पदाभिहीत अधिकारियों एवं बूथ लेबिल अधिकारी अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने को मौजूद रहेंगे।

### पांच को भाकियू करेगा आन्दोलन: राम सिंह राही

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि विद्युत विभाग की बेमियादी हड़ताल के चलते खेती बर्बाद हो रही है। सरकार और जिला प्रशासन विद्युत विभाग की समस्याओं के निस्तारण पर क्यों गम्भीर नही है। शनिवार को भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की जायज मांगों व संविदा कर्मियों की इस हड़ताल का समर्थन करते हैं। सरकार आखिर क्यों तानाशाही कर रही है। जनता के हित में जो मांगे हैं उन पर ध्यान क्यों नही दिया जा रहा। सरकार और कर्मचारियों की इस लड़ाई में किसानों की खेती बर्बाद हो रही है। इसकी जिम्मेदार सरकार है, सरकार को जल्द ही विचार करना होगा। भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि दो दिनों के अन्दर किसानों को बिजली न मिली तो पांच दिसम्बर से भाकियू आन्दोलन को बाध्य होगा। इसकी जिम्मेदारी सरकार व जिला प्रशासन की होगी। किसानों को न खाद मिल पा रही है और न बिजली। ऐसे में किसान जिला मुख्यालय में आन्दोलन को मजबूर होगा।

### किसान अपने जिंदा होने का सबूत लेकर घूम रहा है सरकारी चौखटों पर

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के खंडेह गांवमें एक युवक को मृत दिखाकर उसको किसान संबिधान निधि पाने से बंचित कर दिया गया है किसान अपने जिंदा होने का सबूत लेकर हफ्तों से सरकारी चौखटों में चक्कर लगा रहा है। । विकासखंड क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी कपिल देव को कृषि विभाग के अधिकारियों ने कागजों में मृत घोषित कर दिया है और किसान सम्मान निधि के अंतर्गत मिलने वाले सहायता राशि को बंद कर दिया है। जिसके बाद उक्त जिंदा युवा अपने सीने में मैं अभी जिंदा हूं का पंपलेट चिपका कर संबंधित अधिकारियों के चक्कर लगाने को विवश हो गया है लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों की उदासीनता इस बात को दर्शा रही है कि मौके पर कौन कितना सर्वे करता है। उक्त मामले की भनक कब लगी जब कागजों में मृत घोषित किसान तहसील परिसर में संपन्न होने वाले समाधान दिवस में सीने पर पंपलेट चिपका कर आला अधिकारियों के समक्ष अपने जिंदा होने का सबूत देता घूम रहा था। फिलहाल उक्त युवक ने जिलाधिकारी को अपने जिंदा होने का प्रमाण देकर किसान सम्मान निधि से वंचित करने वाले अधिकारियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही करने के साथ उसको मिलने वाले किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान कराए जाने की मांग की है।

### जांच में घटिया गेहूं पाये जाने पर एडीएम कोर्ट ने दो कोटेदारों के खिलाफ बीस-बीस हजार रुपये का सुनाया अर्थदंड

**हमीरपुर।** जिले में सरकारी राशन की दो दुकानों का गेहूं का नमूना फेल होने के बाद पहली मर्तवा एडीएम कोर्ट ने दोनो कोटेदारो को बीस बीस हजार रुपये का जुर्माना जमा कराया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी(एफएसओ) नंदलाल गुप्ता ने आज बताया कि मौदहा क्षेत्र के सरकारी राशन की दुकान चिल्ली, व बिवार से गेहूं का नमूना भर कर जांच के लिये प्रयोगशाला लखनऊ भिजवाया था जहां पर जांच में गेहू अधोमानक पाया गया था,गेहू में घुन व गंदगी पायी गयी थी यही गेहूं परिषदीय विद्यालयों में एमडीएम के लिये आपूर्ति की गयी थी। जांच के बाद एफएसओ ने मामले को एडीएम रमेश चंद्र की कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया था,कोर्ट ने चिल्ली के कोटेदार कमलापति, व बिवार के कोटेदार कालीचरन से बीस बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। एफएसओ ने दावा किया है कि दोनों कोटेदारों ने जुर्माने की राशि सरकार के खाते में जमा कर दी है। एफएसओ श्री गुप्ता ने बताया कि इसी प्रकार रहमानिया इंटर कालेज में संचालित मदरसे में गेहू के आटे का सैम्पल भरने के बाद जांच में फेल आया था, जिससे प्रधानाचार्य के खिलाफएडीएम कोर्ट मे मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। इधर सरकारी राशन की दुकानों में ज्यादातर खाद्य सामग्री घटिया किस्म की पायी जा रही है। यही सामग्री परिषदीय विद्यालयों में भेजा जाता है इससे बच्चो के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### बारातियों से भरी जीप और पुलिस वाहन में भिड़न्त



**चित्रकूट।** बारातियों से भरी बुलेरो जीप व पुलिस जीप में टक्कर होने से मप्र पुलिस के एक सिपाही की मृत्यु हो गई। दूसरे पक्ष से आठ लोग घायल हो गये। ये हादसा रैपुरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे भखरवार मोड के पास शनिवार को हुआ। बताया गया कि एक बारात के कुछ बाराती बुलेरो से मऊ की ओर जा रहे थे। तभी मऊ की ओर से एमपी के नयागांव थाना के एसडीओपी अपने पुलिस कर्मियों के साथ कर्वी की ओर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिडन्त हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि बुलेरो जीप के परखच्चे उड गये हैं। हादसे में एसडीओपी आशीष जैन (32) पुत्र ऋषभ जैन को घायल होने पर भर्ती कराया गया है। उनके वाहन चालक पुष्पेन्द्र सिंह (32) पुत्र लखन सिंह निवासी सुकुलपुर लालपुर इटावा की मृत्यु हो गई है। बारात से लौट रही बुलेरो में सवार रामलाल (18), राहुल (14), राकेश (30), कुलदीप (15), दीओल (16), नत्थू (65), सोनू (10) और चालक सद्दाम (35) घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज को रामनगर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। सिपाही के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। दोनों वाहनों को क्रेन से रास्ते से हटवा दिया है। फिलहाल जांच-पडताल जारी है।

# दो कारों की आमने सामने भिड़ंत में एक महिला समेत चार लोगों की हुई मौत

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

● बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे में हुआ हादसा

**राठ क्षेत्र के जखेड़ी** गाव के पास शनिवार शाम को तेज रफ्तार में दो कारो की आमने सामने भिड़न्त में एक महिला समेत चार लोगो की मौत हो गयी। दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जखेड़ी गांव के पास से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे निकला हुआ है। शनिवार को शाम फतेहपुर जनपद निवासी आशीष कुमार पुत्र रविंद्र पाल सिंह अपने साथ अंजू पुत्री कृष्ण पाल सिंह, सत्या पत्नी कृष्ण पाल सिंह व दीपक पुत्र गोरेलाल शर्मा निवासी फतेहपुर मप्र के दतिया स्थित मां पीतांबरा पीठ से दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। जखेड़ी गांव के पास से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पिलर नंबर 125 के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी कार की जोरदार भिडंत हो गई। इस मौके पर फतेहपुर निवासी आशीष कुमार और सत्या पत्नी कृष्ण पाल सिंह, रबींद्र सिंह निवासी भोरंग थाना मुरैना मध्यप्रदेश व एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। कार में सवार अंजू सिंह व दीपक मिश्रा निसासी फतेहपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कोतवाल तारासिंह पटेल ने बताया कि चार लोगों की मौत हुई है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# प्रस्तावित 12 परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। बाँदा



**सदर विधायक** प्रकाश द्विवेदी द्वारा नगर पालिका परिषद बांदा के 15वें वित्त के अन्तर्गत प्रस्तावित 03 परियोजनायें जिला परिषद चौराहे से खूटी चौराहे तक बाकरगंज चौराहे से छावनी होते हुये अमर टाकीज तिराहे तक तथा डी0ए0वी0 चौराहे से शंकर गुरू चौराहे एवं सब्जी मण्डी होते हुये छावनी चौराहे तक बी0सी0 द्वारा निर्मित रोड का लोकार्पण कर स्थानीय जनता को समर्पित किया गया तथा इसके साथ साथ सदर विधायक द्वारा 15वें वित्त के अन्तर्गत प्रस्तावित 12 परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत मोहल्ला बिजली खेडा में दो सी0सी0रोड नाली व इण्टरलाकिंग रोड मोहल्ला गायत्री नगर में एक सी0सी0 रोड व एक इण्टरलाकिंग रोड मोहल्ला जरैली कोठी में एक सी0सी0रोड मोहल्ला स्वराज कालोनी के हर्बल क्लब में इण्टरलाकिंग पाथवे व मोरम डाल कर मैदान की मरम्मतए मोहल्ला झील के पुरवा में एक सी0सी0रोड मोहल्ला शान्ति नगर में नाली गिट्टी मोरम मोहल्ला सेढू तलैया में नाली का कार्यए मोहल्ला चौसठ जोगनी में नाली का कार्य तथा मोहल्ला सिविल लाईन में जिलाधिकारी आवास के पास नाला में ढकने के कार्य का शिलान्यास किया गया। पिछले कई वर्षो से लम्बित एवं जर्जर पडे पुराने आर0टी0ओ0 आफिस से स्टेडियम एवं कमिश्नरी तक जाने वाले मार्ग का भी आज इस परियोजनाओं के अंतर्गत शिलन्यास किया गया व जल्द ही इन सभी मार्गो का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा तथा इन सभी मार्गो की लागत लगभग 2.50 करोड़ है। मा0 विधायक जी द्वारा बताया गया कि इन डामरी करण मार्गो का लोकार्पण हो जाने से आम नागरिकों को आने जाने में सुगमता होगी।सदर विधायक जी द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि जहॉ एक ओर इन सी0सी0रोडों के निर्माण से नये वार्ड जो पिछले परिसीमन में नगर पालिका परिषद बांदा में जोडे गये हैए के विकास को गति मिलेगी तथा आमजनमानस को यहॉ आने जाने में सुगमता होगी। अन्त में अधिशसी अधिकारी नगर पालिका द्वारा मा0 विधायक जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर बुधि प्रकाश अधिशासी अधिकारी नगर पलिका बांदा ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ पूर्व चेयर मैन राजकुमार राज जी श्री बुधिप्रकाश यादव जीए जिला मंत्री श्री पंकज रैकवार जी युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पुष्कर द्विवेदी जी पूर्व यूवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल सिंह अभिनव गुप्ता अंकित बासू संजीव निगम नीलू प्रकाश तिवारी देवेन्द्र सिंह सभासद राकेश गुप्ता राहुल द्विवेदी सहित समस्त नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# तहसील स्तर पर ही निपटें जनता की समस्यायें:डीएम

● जांच में घटिया गेहूं पाये जाने पर एडीएम कोर्ट ने दो कोटेदारों के खिलाफबीस बीस हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी अभिषेक** आनन्द ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील में लगे समाधान काउंटरों का निरीक्षण कर कहा कि भूमि संबंधी व अन्य मामले एक सप्ताह के भीतर शासन की मंशानुरुप निस्तारित करें।

शनिवार को तहसील मऊ सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने तहसील में लगे समाधान के विभिन्न काउंटरों को देखकर कहा कि आज जो मामले आये हैं। उनका निस्तारण एक सप्ताह में करायें। मुख्यमंत्री गुणवत्ता को लेकर बार–बार निर्देश दे रहे हैं कि समस्याओं का निदान सही ढंग से तहसील, थाना, ब्लाक स्तर पर हो जाये तो जिला मुख्यालय व शासन तक प्रार्थना पत्र नहीं पहुंच सकते। उन्होंने एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला से कहा कि तालाब, सडक व अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को तत्काल पुलिस बल के साथ हटायें। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निस्तारित करें। उन्होंने ईओ बीएन कुशवाहा को निर्देश दिये कि अन्ना पशुओं को लेकर कोई समस्या हो तो तत्काल गौशाला भिजवायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम नवदीप शुक्ला, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीपीआरओ तुलसीराम, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीए कृषि राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीपीओ मनोज कुमार, बीडीओ श्रवण गुप्ता, तहसीलदार राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट का समग्र विकास जीवन का लक्ष्य: रामबाबू गुप्ता

**चित्रकूट।** कर्वी नगर पालिका सीट के पिछडे वर्ग के प्रत्याशी के लिए आरक्षित होने पर सबसे ज्यादा आशान्वित समाजसेवी/भाजपा जिलामंत्री रामबाबू गुप्ता हैं। चर्चा है सीट के पिछडे वर्ग के आरक्षित होने पर भाजपा से समाजसेवी रामबाबू गुप्ता को ही टिकट मिलेगा, ऐसे में उनकी जीत भी तकरीबन सम्भव प्रतीत होती है। यूं तो काफी समय से कर्वी नगर पालिका सीट के सामान्य होने पर मौजूदा नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता पूरी तरह से भाजपा से टिकट मिलने के प्रति आश्वस्त हैं। इस सीट पर चुनाव लडने को तमाम प्रत्याशी दावेदार हैं। उन दावेदारों में प्रबल दावेदार महेश साहू उर्फ मद्धू साहू, शानू गुप्ता, बसपा से अतुल कुमार द्विवेदी बरिया, सुशील श्रीवास्तव, रमेश कुरील लाइन में लगे हैं। ऐसे में सीट के पिछडे वर्ग के लिए आरक्षित होने पर सिर्फदो ही दावेदार रामबाबू गुप्ता व महेश उर्फमद्धू साहू ही प्रबल दावेदारी कर सकते हैं।

# नाबालिग से हो रही शादी रुकवाई



संबाददाता। हमीरपुर

**सुमेरपुर क्षेत्र** में बीती रात नाबालिग लड़की से विवाह रचा रहे दूल्हे को वारात तत्काल वापस लेकर जानी पडी। पुलिस व प्रोवेशन विभाग के अफसरों ने बाल विवाह करार देते हुये शादी रुकवा दी।जिला प्रोवेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बिरखेरा गांव में कल देर रात चाइल्ड हेल्पलाइन से फोन पर गांव वालों ने सूचना दी कि गांव के बाबू बसोर अपनी नाबालिंग पुत्री की शादी हमीरपुर शहर निवासी 24 साल के दूल्हे विकास के साथ रचा रहा है। जानकारी होते ही विभाग के महिला कल्याण अधिकारी पुष्पा,बाल संरक्षण अधिकारी गोपाल मिश्रा,रंजना के अलावा वन स्टाप सेंटर की प्रबंधक मोनिका गुप्ता ने मौके पर जाकर लड़की के पिता से लड़की का आधार कार्ड,कोई शैक्षिक अभिलेख मांगे जिसमे वह कुछ नही दिखा पाया, सुमेरपुर पुलिस ने अन्य अधिकारियों ने शादी रुकवा कर बारात वापस लौटा दी, गांव के प्रधान ने लिखकर दिया कि जब तक लड़की के बालिंग के होने के पुख्ता प्रमाण नही मिल जाते तब तब तक शादी नही रचाई जायेगी। आज शाम पुलिस ने बताया कि शादी का कार्यक्रम पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। शादी रुकने से दोनों पक्षों में निराशा देखी जा रही है।

# सात साल पहले फर्जी अभिलेख से भर्ती हुये सेना के मामले की सीबीआई ने शुरू की जांच पड़ताल

संबाददाता। हमीरपुर

**सात साल** पहले फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर गैर जिले के 22 युवकों द्वारा सेना में नौकरी पाने वाले मामले मे कल देर रात सीबीआई ने डेरा डालने के बाद आज सीबीआई ने लेखपालों व ग्राम प्रधानों से कई घंटे तक पूछतांछ की है.

पुलिस के मुताबिक वर्ष 2016 में कुरारा ब्लाक के पतारा,भौली व सुमेरपुर ब्लाक के दो गांवों से गैर जिले के लोगो ने हमीरपुर सेना भर्ती में फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी पा ली थी मगर जब जिले में स्थान सत्यापन के लिये भेजा गया तो सारी पोल खुल गयी और पुलिस ने शासन को इस फर्जी वाड़े को अवगत कराया शासन ने इस मामले को सीबीआई के हवाले कर दिया था। तीन साल पहले सीबीआई ने यहा आकर जनसेवा केंद्रों व पुलिस से मिलकर मामले की जांच पड़ताल की थी,कल देर रात दो सदस्यीय टीम सीबीआई टीम ने जिले में पहुचकर मामले को फिर से खंगालना शुरु कर दिया है। आज आधा दर्जन लेखपालों व ग्राम प्रधानों से बारीकी से पूछताछ की है शायद कल अधिकारियों से इस मामले में पूछताछ की जायेगी। बताया जाता हैकि सात साल पहले निवास प्रमाण पत्र में डिजिटल हस्ताक्षर तहसीलदार के नही होते थे उन दिनों निवास प्रमाण पत्र बनवाने का ठेका किसी जिले को शासन ने दिया था उसी समय कम्प्यूटर आपरेटरों ने फर्जी निवास प्रमाण पत्र बना दिये थे। तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर बनादिये गये थे। हालाकि आज सीबीआई की पूछताछ में पूर्व प्रधानों व लेखपालो ने अपने हस्ताक्षर बनाने से साफइंकार कर दिया है मगर यदि इस मामले में तस्बीर साफनही हुई तो एक्सपर्ट से राय ली जायेगी। यह मामला आज फिर गर्मा गया है।

# समितियों में खाद की भारी किल्लत से पिछड़ रही गेहूँ की बुवाई,किसानों में बढ़ रहा आक्रोश

● राजापुर तहसील क्षेत्र की समितियों में खाद का टोटा खोल रहा सरकारी दावों की पोल

संवाददाता। राजापुर (चित्रकूट)



**जहाँ एक** ओर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी कराने का खोखला ढिंढोरा पीट रही है। वहीं राजापुर तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की भारी कमी के कारण किसान एक एक बोरी खाद के लिए समितियों में आधी रात से ही डेरा जमाकर खाद की आस में बैठना पड रहा है।इसके बाद भी तमाम किसानों को मासूस होकर बिना खाद लिए ही घर वापस लौटना पड रहा है।

बताते चलें कि जनपद चित्रकूट के कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा जनपद चित्रकूट में पर्याप्त मात्रा में खाद होने की बात खोखला साबित हो रही है। राजापुर तहसील क्षेत्र के कई समितियों में खाद का आवंटन न होने के कारण अन्नदाताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। साधन सहकारी समिति नांदिन कुर्मियान में मात्र 500बोरी का आवंटन किया गया है, जो ऊँट के मुँह में जीरा जैसा साबित हो रहा है। खाद आने की खबर पाकर शुक्रवार की मध्य रात्रि से ही हजारों की संख्या में किसान डेरा डालकर बैठे रहे। किसानों की भारी संख्या को देखते हुए साधन सहकारी समिति नांदिन कुर्मियान के सचिव संगम लाल ने उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ तथा प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह को अवगत कराकर उनकी उपस्थिति में ही खाद वितरण करने की बात कही थी। जिस पर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झाँ के निर्देश पर नायब तहसीलदार संजय सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी तथा प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर टोकन सिस्टम से खाद का वितरण कराया जा रहा है। इसके बावजूद किसानों का हंगामा थमने का नाम नही ले रहा है। वहीं नांदिन कुर्मियान के सन्तोष सिंह, रगौली के हीरालाल, पराकों के बद्री प्रसाद, रायपुर के रफीक खान आदि किसानों ने बताया कि गेहूँ की फसल 15नवम्बर से 15दिसम्बर के बीच बोई जाती है और डीएपी खाद का प्रयोग बोने के समय ही किया जाता है। यदि समय से खाद नहीं मिलती है तो गेहूँ की फसल पिछड़ जाने के कारण उपज और पैदावार में काफी कमी आती है। किसानों ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी राजापुर से माँग है कि राजापुर तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समिति बिहरवां, बरद्वारा, भदेहदू, सरधुआ, हरदौली, औदहा, छीबों आदि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का आवंटन किया जाए जिससे किसानों को मारामारी से राहत मिल सके और किसान समय से रबी की बुआई कर सके।

# हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिहा हुए सपा विधायक नाहिद हसन

संवाददाता। चित्रकूट

**गैंगस्टर एक्ट** के मामले में बुंदेलखंड की सबसे हाईटेक जेल चित्रकूट में बंद रहे समाजवादी पार्टी के शामली जिले के कैराना विधायक नाहिद हसन शनिवार की सुबह रिहा कर दिए गए। इसके बाद पर्यटक आवास गृह में चित्रकूट जिले के सपाईयों के साथ मुलाकात करने के बाद वह अपनी मां और बहन के साथ कैराना रवाना हो गए।

आपको बता दे कि कैराना से समाजवादी पार्टी के विधायक नाहिद हसन व उनकी मां पूर्व सांसद तबस्सुम बेगम सहित 40 लोगों पर पिछले वर्ष फरवरी में कैराना कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। 15 जनवरी को पुलिस ने विधायक को गिरफ्तार कर कैराना की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया था।जहां से उनको न्यायिक हिरासत में मुजफ्फरनगर जेल भेज दिया गया था। स्थानीय कोर्ट ने उनका जमानत प्रार्थनापत्र रद कर दिया था और सितंबर माह में विधायक को बुंदेलखंड की सुपर हाईटेक चित्रकूट जेल में स्थानांतरित किया गया था। तीन दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधायक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जमानत दे दी थी। शुक्रवार को उनके अधिवक्ताओं ने कैराना स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में दो जमानतदारों के एक–एक लाख रुपये के दो प्रपत्र जमा किए। इसके बाद शनिवार सुबह उनको रिहा कर दिया गया। शनिवार की सुबह उनकी रिहाई के वक्त उनकी मां तबस्सुम हसन और बहन इकरा हसन मौजूद थीं। सपा विधायक कुछ देर तक यूपीटी में रुके और फिर कैराना रवाना हो गए। सपा विधायक जेल से मुस्कुराते हुए तो निकले पर उन्होंने पत्रकारों से कोई बात करने से इंकार कर दिया। उनकी बहन और मां ने भी पत्रकारों से कोई बात नहीं की और उनको फोटो खींचने से भी मना किया। इतना ही नही यूपीटी में पत्रकारों के कैमरे छीनने की भी कोशिश की गई।इस मामले में सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनुज यादव का कहना है कि योगी सरकार में सपाइयों का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है। भाजपा सरकार के खिलाफबोलने वालों को जेल में ठूंसा जा रहा है। वहीं कुछ दिनों पहले जेल में अपने बेटे से मिलने आईं पूर्व सांसद तबस्सुम बेगम ने आरोप लगाया था कि उनको मिलने नहीं दिया गया। उधर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जेल में मिलने गए सदर विधायक अनिल प्रधान और अनुज यादव समेत पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने भी जेल में विधायक से मुलाकात करने के बाद आरोप लगाया था कि बीमार विधायक के साथ जेल में उत्पीड़न किया जा रहा है।

# यूरोपीय संघ के फैसले के साथ आया जी-7

## रूस से आने वाले तेल पर मूल्य सीमा लगाने

**भाषा।** वॉशिंगटन

**रूस से आने** वाले तेल पर 60 रुपए प्रति बैरल की मूल्य सीमा तय करने के फैसले में सात राष्ट्रों के समूह जी-7 और ऑस्ट्रेलिया भी यूरोपीय संघ के साथ आ गए हैं। इस कदम का उद्देश्य वैश्विक बाजारों में रूस से आने वाली तेल की आपूर्ति को जारी रखने और दाम में वृद्धि को रोकने के साथ ही यूक्रेन युद्ध के लिए धन जुटाने की राष्ट्रीय व्लादिमीर पुतिन की क्षमता को कमजोर करना है। तेल की कम कीमत तय करने के लिए सोमवार की समयसीमा निर्धारित की गई है। जी-7 में शामिल अमीर देश यह सीमा तय कर रहे हैं और इसका उद्देश्य दुनिया को रूस से आने वाले तेल की निर्बाध आपूर्ति जारी रखना है अन्यथा दुनियाभर में ऊर्जा की कीमतें आसमान छूने लगेंगी और मुद्रास्फीति फिर और बढ़ जाएगी। अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने एक बयान में कहा कि पुतिन के लिए जो राजस्व का प्राथमिक स्रोत है, इस समझौते से उस पर पाबंदी लग सकेगी तथा वैश्विक ऊर्जा आपूर्तियों में भी स्थिरता आएगी। जी-7 गठबंधन के एक संयुक्त वक्तव्य में शुक्रवार को कहा गया कि समूह अधिकतम मूल्य की उचित तरीके से समीक्षा करने और इसमें परिवर्तन करने के लिए तैयार है। रूस के कच्चे तेल के दाम हाल में 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे चले गए थे। अब यूरोपीय संघ के इसकी सीमा 60 डॉलर प्रति बैरल तय करने पर यह मौजूदा दाम के आसपास ही होगी। यह अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड के मुकाबले काफी सस्ता है जो शुक्रवार को 85.48 डॉलर प्रति बैरल था। अमेरिका ने रूसी तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा लगाने के कदम का स्वागत करते हुए कहा है कि यह एक महत्वपूर्ण उपाय है जिससे उभरते बाजारों और कम आय वाली अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचेगा और यूक्रेन में बर्बर युद्ध करने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमी पुतिन के लिए आवश्यक धन पर भी रोक लग पाएगी। जी-7 और ऑस्ट्रेलिया द्वारा यूरोपीय संघ के इस निर्णय का साथ देने के बाद, एलेन ने कहा, इस मूल्य सीमा का लाभ विशेषकर कम और मध्यम आय वाले देशों को मिलेगा जो पुतिन के युद्ध के कारण ऊर्जा तथा खाद्य कीमतों की आसमान छूती कीमतों से परेशान हैं।

## भारत के जी-20 एजेंडे को पूरा समर्थनः आईएमएफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वह भारत के जी-20 एजेंडे का पूरा समर्थन करता है, जो मौजूदा वैश्विक संकटों से संबंधित उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने की योजना पर काम कर रहा है जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की। आईएमएफ के नीति समीक्षा विभाग की निदेशक सेला पजारबासियोग्लू ने अगले सप्ताह होने वाली भारत और चीन की अपनी यात्रा से पहले संवाददाताओं से कहा, वे (भारत) अधिकसमृद्ध भविष्य के लिए एक सामूहिक एजेंडा एक साथ रख रहे हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, "वे (भारत) जारी (वैश्विक) संकटों से संबंधित उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने की की योजना तैयार कर रहे है, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। पज़ारबासियोग्लू जाहिर तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण खाद्य और ऊर्जा संकट का जिक्र कर रही थी।

उन्होंने कहा कि भारत के जी-20 एजेंडे का आईएमएफ पूरी तरह समर्थन करता है।जी-20 की भारत की अध्यक्षता की थीम वन अर्थ (एक धरती), वन फैमिली (एकपरिवार), वन फ्यूचर (एक भविष्य) है। आईएमएफ की अधिकारी ने कहा, "इसका मतलब यह है कि भारत मतभेदों को दूर करने और स्थानीय स्तर, संघीय स्तर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कहा कि इंडोनिशया के बाली में जी-20 की घोषणा को अंजाम तक पहुंचाने मे भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पज़ारबासियोग्लू ने कहा, जैसा कि आप जानते है, हम पिछली दो मंत्रिस्तरीय बैठको मे कोई घोषणा करने मे सफल नही रहे। मै इसके विवरण में नही जाऊंगी कि इसमे कितने घंटे लगे। लेकिन इसलिए यह एकबड़ी उपलब्धि थी, जिसमें बहुत कठोर भाषा शामिल थी, कि अधिकतर सदस्यों ने यूक्रेन मे युद्ध की निंदा की। घोषणा मे सितंबर में एससीओ शिखर सम्मेलन के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा गया था, "आज का युग युद्ध का नही होना चाहिए



यूक्रेन रुस युद्ध में खेरसान इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुर्घटनाग्रस्त एयरक्राफ्ट

# मैं हमेशा भारत से जुड़ा हुआ महसूस करता हूं : पिचाई

**भाषा।** वाशिंगटन

**गूगल और** अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने कहा है कि वह हमेशा खुद को भारत से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं और जहां कहीं भी जाते हैं अपनी भारतीय पहचान को साथ लेकर जाते हैं। पिचाई ने यह बात भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजे जाने के अवसर पर कही। पिचाई ने कहा, भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां कहीं भी जाता हूं इसे अपने साथ लेकर जाता हूं। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक पिचाई को व्यापार और उद्योग श्रेणी में वर्ष 2022 के लिए पद्म भूषण से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने प्रदान किया। पिचाई को शुक्रवार को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में उनके परिवार के करीबी सदस्यों की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। तमिलनाडु के मदुरै में जन्मे पिचाई का नाम उन 17 लोगों की सूची में था, जिन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। संधू ने ट्वीट किया, सैन फ्रांसिस्को में गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को पद्म भूषण सौंपकर प्रसन्नता हुई। मदुरै से माउंटेन व्यू तक सुंदर की प्रेरणादायक यात्रा, भारत-अमेरिका आर्थिक और तकनीकी संबंधों को मजबूत करना, वैश्विक नवाचार में भारतीय प्रतिभा के



योगदान की पुष्टि करता है। संधू ने कहा, सुंदर पिचाई दुनिया के विभिन्न हिस्सों में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल उपकरण और कौशल को सुलभ बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। पिचाई (50) ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू से यह सम्मान स्वीकार करते हुए कहा, मैं इस सम्मान के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों का हृदय से आभारी हूं। भारत मेरा एक हिस्सा है, और मैं गूगल तथा भारत के बीच महान साझेदारी को जारी रखने की आशा करता हूं, क्योंकि हम अधिक लोगों तक प्रौद्योगिकी के लाभ पहुंचाने के लिए मिलकर काम करते हैं। गूगल के सीईओ ने कहा, भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां भी जाता हूं इसे अपने साथ ले जाता हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मैं एक ऐसे परिवार में पला-बढ़ा, जहां सीखने और ज्ञान प्राप्त करने की इच्छाशक्ति को महत्व देकर इसे संजोया गया। मेरे माता-पिता ने यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत त्याग किया कि मुझे अपनी रुचियों के अनुरूप अपना करियर बनाने के अवसर मिलें। पिचाई ने कहा कि इस खूबसूरत पुरस्कार को वह कहीं सुरक्षित रखेंगे। उन्हें सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह के दौरान सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत टी वी नागेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे। संधू ने कहा कि पिचाई परिवर्तन के लिए प्रौद्योगिकी की असीम संभावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 3-एस- गति (स्पीड), सरलता (सिंप्लिसिटी) और सेवा (सर्विस) को संयोजित करने वाली प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए संधू ने आशा व्यक्त की कि गूगल भारत में हो रही डिजिटल क्रांति का पूरा उपयोग करेगा। पिचाई ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में कई बार भारत जाने का मौका मिला और वहां तकनीकी परिवर्तन की तीव्र गति को देखना एक आश्चर्यजनक अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली से लेकर आवाज प्रौद्योगिकी तक जैसे नवाचार दुनिया भर के लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। गूगल के सीईओ ने कहा, मैं गूगल और भारत के बीच महान साझेदारी को जारी रखने की आशा करता हूं, क्योंकि हम प्रौद्योगिकी के लाभों को अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करते हैं। पिचाई ने कहा कि व्यावसायिक क्षेत्र डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन का लाभ उठा रहे हैं, और पहले से कहीं अधिक लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का डिजिटल इंडिया का दृष्टिकोण निश्चित रूप से उस प्रगति को गति देने वाला रहा है और मुझे गर्व है कि गूगल दो परिवर्तनकारी दशकों में सरकारों, व्यवसायों और समुदायों के साथ भागीदारी करते हुए भारत में निवेश करना जारी रखे हुए है। पिचाई ने कहा, हमारे दरवाजे पर आई हर नई तकनीक ने हमारे जीवन को बेहतर बनाया है। और उस अनुभव ने मुझे गूगल के रास्ते पर और दुनिया भर के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने वाली तकनीक बनाने में मदद करने का मौका दिया है।

## अमेरिका ने पाकिस्तान, चीन समेत 12 देशों को विशेष चिंता वाला देश घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन, पाकिस्तान और म्यांमा समेत 12 देशों को वहां की धार्मिक स्वतंत्रता की मौजूदा स्थिति को लेकर विशेष चिंता वाले देश घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को इस बाबत घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया भर में सरकारें तथा सरकार से इतर तत्व लोगों का उनकी आस्थाओं के आधार पर उत्पीड़न करते हैं, उन्हें धमकाते हैं, जेल में डाल देते हैं और यहां तक कि लोगों की हत्या कर दी जाती है। कुछ उदाहरणों में, वे राजनीतिक लाभ के अवसरों का फायदा उठाने के लिए लोगों की धर्म या आस्था की स्वतंत्रता का गला घोंटते हैं। आज, मैं म्यांमा, चीन, क्यूबा, एरिट्रिया, ईरान, निकारागुआ, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, रूस, अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कानून 1998 के तहत विशेष चिंता वाले देश घोषित कर रहा हूं। अल्जीरिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कोमोरोसा और वियतनाम को भी धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में शामिल रहने या उसे बर्दाश्त करने के लिए विशेष निगरानी वाली सूची में रखने की जानकारी दी। अमेरिका ने अल-शबाब, बोको हराम, हयात तहरीर अल-शाम, हूथीस, आईएसआईएस-ग्रेटर सहारा, आईएसआईएस-वेस्ट अफ्रीका, जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमिन, तालिबान और वैगनर समूह को भी मध्य अफ्रीकी गणराज्य में उनकी कार्वाइयों के आधार पर विशेष चिंता वाले संगठन के रूप में चिह्नित किया है।

## इंडोनेशिया का मुख्य द्वीप भूकंप के तेज झटकों से कांपा

### सुनामी की चेतावनी नही

**भाषा।** जकार्ता

**इंडोनेशिया के** मुख्य द्वीप जावा के कुछ हिस्सों में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे दहशत फैल गई और लोग घर से निकलकर सड़क की ओर भागे। हालांकि किसी के हताहत होने की अभी कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 5.7 थी। यह भूकंप वेस्ट जावा और सेंट्रल जावा प्रांतों के बीच बंजार से लगभग 18 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में 112 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। इंडोनिशया के वेस्ट जावा में 21 नवंबर को 5.6 तीव्रता के भूकंप से कम से कम 331 लोगों की मौत हो गई और लगभग 600 घायल हो गए। सुलावेसी में 2018 में आए भूकंप और सुनामी के बाद से इंडोनेशिया में यह सबसे भीषण भूकंप था, जिसमें लगभग 4,340 लोग मारे गए थे। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी की प्रमुख द्विकोरिता कर्णावती ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है, लेकिन भूकंप के बाद के संभावित झटकों की चेतावनी दी गई है। राजधानी जकार्ता में ऊंची इमारतें 10 सेकंड से अधिक समय तक हिलती रहीं। अफरातफरी में लोग सड़कों की ओर भागे। मध्य जावा के कुलोन प्रोगो, बंटुल, केबुमेन और सिलाकैप शहरों में भी झटके महसूस किए गए।

## एफबीआई निदेशक ने टिक्टॉक के बारे में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस रे ने शुक्रवार को टिकटॉक के बारे में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग ऐप का नियंत्रण चीन सरकार के हाथों में है जिसके मूल्य हमारे जैसे नहीं हैं। रे ने कहा कि एफबीआई चिंतित है कि ऐप प्रणाली का नियंत्रण चीनियों के हाथ में है जो चीजों में हेरफेर कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चीन उपयोगकर्ताओं से संबंधित डेटा एकत्र करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकता है जिसका उपयोग पारंपरिक जासूसी कार्यों के लिए किया।

## पाकिस्तान ने काबुल में अपने राजदूत पर हमले को लेकर अफगान राजनयिक को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के प्रभारी राजदूत को तलब किया है और काबुल में उसके (पाक) मिशन प्रमुख पर हुए हमले को लेकर उनके सामने अपनी चिंता रखी। शनिवार को यह खबर सामने आई। शुक्रवार को काबुल में पाकिस्तान के दूतावास पर हमले में (पाक राजदूत) उबैद-उर-रहमान निजमानी बाल-बाल बच गए थे। पाकिस्तान ने तत्काल इस हमले की निंदा एवं जांच की मांग की थी। निजमानी अज्ञात बंदूकधारियों के निशाने पर थे जो दूतावास परिसर में टहल रहे थे। निजमानी का सुरक्षा कर्मी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कल देर रात जारी एक बयान में कहा कि शुक्रवार शाम को अफगान राजनयिक को तलब किया गया है और उस घटना को लेकर उनके सामने पाकिस्तान की चिंता रखी गई जिसमें दूतावास प्रमुख बाल बाल बच गए लेकिन सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। पाकिस्तान ने बयान में कहा, प्रभारी दूतावास से कहा गया है कि पाकिस्तान के राजनयिक मिशन और कर्मियों की सुरक्षा अंतरिम अफगान सरकार की जिम्मेदारी है और यह घटना गंभीर सुरक्षा चूक है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बेंगलुरू में सबसे अधिक बढ़ेगा कार्यालयों का किराया : रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**बेंगलुरू में** अगले साल कार्यालयों के किराए में 5-7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक ने एशिया-प्रशांत परिदृश्य 2023 पर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि इस क्षेत्र में 2023 में किराए की वृद्धि मध्यम होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक कॉरपोरेट व्यवसाई अपने खर्चों में कटौती करना चाहते हैं, जिसके चलते किराया सामान्य रूप से बढ़ेगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया, उम्मीद है कि भारतीय कार्यालय बाजारों में 2022 का स्थिर प्रदर्शन 2023 में भी बना रहेगा। नाइट फ्रैंक ने कहा कि 2023 में बेंगलुरू में कार्यालयों का किराया सालाना आधार पर 5-7 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। रिपोर्ट में एशिया प्रशांत क्षेत्र के 24 शहरों का अध्ययन किया गया। इन शहरों में मुंबई और नई दिल्ली शामिल हैं। नई दिल्ली में 2023 में कार्यालयों का किराया 4-6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मंबई में 3-5 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि पश्चिमी देशों में मंदी के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भार पड़ रहा है, जबकि भारत उम्मीद की किरण बना हुआ है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना के लिए 750 करोड़ रुपए में मुंबई में खरीदी 18.6 एकड़ भूमि

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने अनेक सुविधाओं वाली महंगी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 750 करोड़ रुपए में मुंबई के कांदिवली में 18.6 एकड़ भूमि खरीदी है। कंपनी को उम्मीद है कि इस परियोजना से उसे 7,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व प्राप्त होगा। कंपनी ने भूमि सौदे के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी थी लेकिन सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया था। बाजार के सूत्रों और संपत्ति परामर्शदाताओं ने कहा कि यह सौदा 750 करोड़ रुपए में हुआ है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजारों को बताया कि इस परियोजना में 37.2 लाख वर्गफुट क्षेत्र विकसित करने की संभावना है और लगभग 7,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना में मुख्य रूप से महंगे आवासीय अपार्टमेंट और आवश्यक खुदरा क्षेत्र होंगे। यह कंपनी की सबसे बड़ी आवासीय परियोजनाओं में से एक होगी और मुंबई के पश्चिमी उपनगरों में कंपनी की मौजूदगी को मजबूती करेगी। कंपनी ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में यह उसकी आठवीं परियोजना है और इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में जोड़ी गई कई परियोजनाओं के जरिए उसका कुल बुकिंग मूल्य लगभग 16,500 करोड़ रुपए है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा, इस परियोजना से अगले कुछ वर्षों में मुंबई के बाजार में हमारी हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजारों में अपनी पैठ बढ़ाने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।

## ओयो अपने 3,700 कर्मचारियों में करीब 600 की छंटनी करेगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**आईपीओ** लाने की तैयारी में जुड़ी यात्रा प्रौद्योगिकी फर्म ओयो ने शनिवार को बताया कि वह प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट क्षेत्र में 600 नौकरियों की कटौती करेगी इस तरह कंपनी अपने 3,700 कर्मचारियों में करीब 10 प्रतिशत को कम करेगी। साथ ही कंपनी संबंध प्रबंधन दल में करीब 250 लोगों की भर्ती भी करेगी। ओयो ने कहा कि यह कदम उसके संगठनात्मक ढांचे में व्यापक बदलावों को लागू करने का हिस्सा है। कंपनी अपने उत्पाद और इंजीनियरिंग, कॉरपोरेट मुख्यालय और ओयो वैकेशन होम्स के दल का आकार घटा रही है। इसके अलावा संबंध प्रबंधन और कारोबार विकास के क्षेत्र में भर्ती की जा रही है। एक बयान में कहा गया, ओयो अपने 3,700 कर्मचारियों में 10 प्रतिशत को कम करेगी, जिसमें 250 सदस्यों की नई भर्ती और 600 कर्मचारियों की छंटनी शामिल है। कंपनी ने बताया कि सुचारू कामकाज के लिए उत्पाद और इंजीनियरिंग टीमों का विलय किया जा रहा है। बेहतर उपभोक्ता और पार्टनर सेवा के लिए संबंध प्रबंधन दल में 250 सदस्यों को जोड़ा जाएगा। इससे कंपनी के मंच पर होटलों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। ओयो के संस्थापक और समूह सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि जिन लोगों को हम जाने दे रहे हैं।

## एसजेवीएन को 200 मेगावॉट की सौर परियोजना मिली

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक स्वामित्व वाली एसजेवीएन लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसकी इकाई एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) से 200 मेगावॉट की सौर परियोजना मिली है जिसकी लागत।,200 करोड़ रुपए है। कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 200 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना निर्माण और परिचालन के आधार पर मिली है। इसमें बताया गया कि परियोजना की अनुमानित लागत करीब।,200 करोड़ रुपए है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने तमिलनाडु के किसानों को दिए 134 करोड़ रुपए के कृषि कर्ज

**चेन्नई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने तमिलनाडु में हाल में हुए किसानों तक पहुंच बनाने के 15 दिन के कार्यक्रम के तहत यहां 134 करोड़ रुपए के कृषि ऋण मंजूर किए हैं। बड़ौदा किसान पखवाड़े के पांचवे संस्करण का आयोजन यहां 15 से 30 नवंबर तक हुआ।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, hitherto known as Mohit S/o Sh. Nanak Chand R/o A-1/152, 2nd Floor, Sector-16, Rohini, Delhi-110085, have changed my name and shall hereafter be known as Mohit Khatwani for all future purposes.

PD(90210)A

## चुनावी बॉन्ड की 24वीं किस्त को मंजूरी, सोमवार से होंगे जारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए इस्तेमाल होने वाले चुनावी बॉन्ड की 24वीं किस्त जारी करने की शनिवार को अनुमति दे दी। इनकी बिक्री पांच दिसंबर से होगी। इसी दिन गुजरात विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण भी होना है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चुनावी बॉन्ड की बिक्री 5 दिसंबर से शुरू होगी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की 29 अधिकृत शाखाओं से इन बॉन्ड की खरीद 12 दिसंबर तक की जा सकेगी। चुनावी बॉन्ड की 23वीं किस्त 9 से 15 नवंबर तक खुली थी। राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए नकदी के विकल्प के तौर पर चुनावी बॉन्ड जारी करने की व्यवस्था लागू की गई। बॉन्ड को कोई भी भारतीय नागरिक या भारत में स्थापित कंपनी खरीद सकती है। चुनावी बॉन्ड की पहली किस्त की बिक्री।-10 मार्च, 2018 में की गई थी। चुनावी बॉन्ड को एसबीआई की लखनऊ शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर एवं मुंबई समेत 29 शाखाओं से खरीदा और भुनाया जा सकेगा। एक चुनावी बॉन्ड की वैधता जारी किए जाने की तारीख से 15 दिनों तक होगी। वैधता अवधि बीतने के बाद अधिकृत शाखाओं में बॉन्ड जमा किए जाने पर राजनीतिक दलों को कोई भी भुगतान नहीं मिल पाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव या राज्य के विधानसभा चुनाव में न्यूनतम एक प्रतिशत मत पाने वाले पंजीकृत दल चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा लेने के लिए पात्र हैं।

## मोदी के नेतृत्व में 2014 से भारत की जैव-अर्थव्यवस्था आठ गुनी बढ़ीः केंद्रीय मंत्री



**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार के तहत पिछले आठ साल में भारत की जैव अर्थव्यवस्था आठ गुना बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में 10 अरब डॉलर से बढ़कर यह 2022 में 80 अरब डॉलर तक पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री ने कहा कि 2021 में हर दिन तीन जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप बने और सिर्फ पिछले साल कुल।,128 जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप स्थापित किए गए। इससे इस क्षेत्र में तेजी से वृद्धि के संकेत मिलते हैं।

सिंह ने यहां जैव विज्ञान और रासायनिक प्रौद्योगिकी में उभरते रुझानों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2022 को संबोधित करते हुए कहा कि जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पिछले आठ वर्षों में 100 गुना बढ़कर 2022 में 5,300 से अधिक हो गए हैं।

सम्मेलन का आयोजन श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, जम्मू द्वारा किया गया था। सम्मेलन का आयोजन सीएसआईआर - आईआईआईएम, जम्मू और बायोटेक रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 3-5 दिसंबर तक किया जा रहा है।

## सरकार दूरसंचार विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बढ़ाएगी आयात पर निगरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि पड़ोसी देशों से होने वाला ऐसा आयात जो दूरसंचार क्षेत्र के विश्वसनीय स्रोत नियमों के अनुरूप नहीं हैं, उसकी जांच के लिए सरकार कार्यप्रणाली लाएगी। वैष्णव ने दूरसंचार उपकरण विनिर्माता कंपनियों के 40 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक की। इन कंपनियों को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के लिए योग्य पाया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि चार से पांच कार्यबल गठित किए जाएंगे जो इन कंपनियों को बाजार समर्थन देंगे और उनके कारोबार को कुछ इस प्रकार राह दिखाएंगे कि ए अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बन जाएं।

Public Notice

This is to inform general public that Mr. Parmod Mittal has acquired the Entire Second Floor, without roof rights, Property bearing No. C-747, area measuring 516 Sq. Yds., Situated at New Friends Colony, New Delhi vide Sale Deed dated 21.02.2012, Doc no. 2458 and Now, Mr. Parmod Mittal is mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री कृष्णलाल पुत्र श्री ज्ञान सिंह, ने सेक्टर 4-सी, शताब्दी नगर योजना, मेरठ, यूपी में स्थित प्लॉट नंबर 1452 और 1453 का युक्त संपत्ति, जिसका एरिया परिमाप क्रमशः 30 वर्ग मीटर, और 30 वर्ग मीटर, यानी कुल एरिया 60 मीटर, बिक्री विलेख दिनांक 05.03.2018, पंजीकरण सं. 2150 उप पंजीयक III मेरठ में पंजीकृत के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री कृष्णलाल पुत्र श्री ज्ञान सिंह ने ऋण लेने के लिए इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से संपर्क किया है और उन्होंने श्री सतीश कुमार पुत्र उधय सिंह के पक्ष में मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा निष्पादित उक्त संपत्ति के संबंध में पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 17.11.2006, को खो दिया है जो उप पंजीयक कार्यालय-III मेरठ में विधिवत पंजीकृत है जिसका दस्तावेज सं. 12255, खंड सं. 3641, बुक सं. 1, पेज सं. 219 से 242, दिनांक 17.11.2006 को, श्री कृष्णलाल पुत्र श्री ज्ञान सिंह ने दिनांक 01.12.2022 को यूपी पुलिस को उपरोक्त बिक्री विलेख खो जाने की सूचना दी है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 7 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

# प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कांग्रेस का नया चलन: संबित पात्रा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करना कांग्रेस के लिए नया चलन बन गया है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्षी दल पर निशाना साधने के लिए कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के नेता वी एस उगरप्पा द्वारा मोदी को भस्मासुर कहे जाने संबंधी खबरों का हवाला दिया। पात्रा ने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कुछ ही दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ रावण वाली टिप्पणी की थी।

उल्लेखनीय है कि खरगे ने इस हफ्ते की शुरुआत में अहमदाबाद में एक रैली में कहा था कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से उनका चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। खरगे ने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं। पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां तक कांग्रेस का संबंध है, यह एक नया चलन बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपशब्दों का प्रयोग करने वाली पार्टी बन गई है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के इस बयान का हवाला दिया कि वह अपने दोस्त मोदी के साथ खड़े हैं। पात्रा ने कहा कि एक तरफ दुनिया उनके (मोदी) साथ खड़ी है और दूसरी तरफ, कांग्रेस उनके लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, यह दुखद और चिंताजनक है। गौरतलब है कि भारत को अमेरिका का मज़बूत साझेदार बताते हुए बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत की जी 20 की अध्यक्षता के दौरान अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने के लिए उत्सुक हैं।महाभारत का जिक्र करते हुए पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने मोदी को 100 अपशब्द कहे हैं और लोग गुजरात विधानसभा चुनाव में विपक्षी दल को लोकतांत्रिक तरीके से खत्म करने के लिए भगवान कृष्ण की तरह सुदर्शन चक्र का इस्तेमाल करेंगे। भाजपा नेता ने मोदी सरकार की कई विकास और कल्याणकारी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा नेता भस्मासुर नहीं हो सकता।

## भाजपा ने टीएमसी के खेला होबे नारे का इस्तेमाल उसी के खिलाफ किया

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोकप्रिय नारे खेला होबे का इस्तेमाल उसी के खिलाफ करते हुए कहा कि राज्य में निर्धारित समय से पूर्व विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि उनकी पार्टी अहिंसा में विश्वास करती है, इसका मतलब यह नहीं है कि अगर धक्का-मुक्की की नौबत आती है तो वह इस पर प्रतिक्रिया नहीं देगी। भाजपा नेता ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, खेल दोनों पक्षों द्वारा खेला जाएगा ( खेला होबे ) और यह खतरनाक होगा। टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले खेला होबे का नारा गढ़ा था और यह बेहद लोकप्रिय हुआ था। पश्चिम बंगाल के बाहर कई अन्य पार्टियों ने भी बाद में इस नारे का इस्तेमाल किया था। सुकांत मजूमदार ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य की संपत्ति बेच रही तृणमूल कांग्रेस की सरकार को कुछ वर्षों में हटा दिया जाएगा। भाजपा नेता ने राज्य में जल्द चुनाव होने की संभावना की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि अगर पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ होते हैं तो उन्हें कोई आश्चर्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार 2021 में लगातार तीसरी बार राज्य में सत्ता में आई है। मजूमदार ने दावा करते हुए कहा कि टीएमसी के लगभग 300 कार्यकर्ता 2021 के चुनाव के बाद की हिंसा से संबंधित मामलों में सलाखों के पीछे हैं, जिनकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा और लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की संभावना है। मजूमदार ने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, तब तक गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी भी बड़े पद पर हो।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई सात जनवरी तक स्थगित

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र के** भिवंडी की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुनवाई शनिवार को 7 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी, क्योंकि वह देशव्यापी भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं। भिवंडी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आईसी वाडीकर ने राहुल गांधी को निजी तौर पर पेश होने से छूट दे दी। कांग्रेस नेता के वकील नारायण अय्यर ने कहा, मानहानि का मामला शनिवार को सुनवाई के लिए आया। इसे सात जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है, जब राहुल गांधी को स्थाई तौर पर पेशी से छूट के संबंध में दलीलें सुनी जाएंगी। शिकायती राहुल कुंटे शहर से बाहर होने के कारण अदालत में उपस्थित नहीं थे। मामला राहुल द्वारा एक भाषण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और महात्मा गांधी की हत्या पर टिप्पणियों से संबंधित है।



झारखंड के हजारीबाग के चहरवा डैम में चहलकदमी करते प्रवासी पक्षी

## अभिषेक बनर्जी की रैली स्थल के नजदीक विस्फोट, तीन लोगों की मौत, कई घायल

**कोंटाई ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी की रैली के स्थान के पास हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी की रैली के स्थल कोंटाई शहर से 1.5 किलोमीटर दूर भूपतिनगर इलाके में अर्जुननगर के ब्लॉक दो में हुई।

भूपतिनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शुक्रवार रात करीब सवा 11 बजे बजे एक घर में धमाका हुआ और शनिवार सुबह दो शव बरामद किए गए। इस घटना में कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं। अभी यह पता नहीं लग पाया है कि विस्फोट किस वजह से हुआ और मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने कहा, धमाका इतना जोरदार था कि इस घटना में फूस की छत वाला मिट्टी का घर ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान राजकुमार मन्ना, देबकुमार मन्ना और बिस्वजीत गाएन के रूप में की गई है तथा ऐसा बताया जा रहा है कि राजकुमार तृणमूल का कार्यकर्ता था। बाद में एक फॉरेंसिक दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर नमूने एकत्र किए और वहां पुलिस का एक बड़ा दल तैनात किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने इस घटना के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य में केवल बम बनाने का उद्योग फल-फूल रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता सुजान चक्रवर्ती ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ऐसी घटनाओं पर चुप क्यों हैं और उन्हें इस घटना पर बयान देना चाहिए। टीएमसी की राज्य इकाई के महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि विपक्ष के लिए बिना किसी सबूत के पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी को दोष देना बहुत आसान है।

## असम में ईंट के भट्ठे में आग से दो बच्चों समेत पांच की मौत

**हैलाकांडी (असम)।** असम के कछार जिले में एक ईंट भट्ठे में आग लगने से दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को काटिगोराह क्षेत्र में जब एक स्थानीय मस्जिद का इमाम ईंट भट्ठा परिसर में कोई धार्मिक कार्यक्रम करा रहा था तब यह यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दो नाबालिग और इमाम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य झुलसे व्यक्तियों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ लिया। उन्होंने बताया कि घायलों को शुरू एक नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया और बाद में उन्हें गंभीर स्थिति में सिलचर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में पहुंचाया गया। अधिकारी के अनुसार आग की वजह पता नही चल पाई है और जांच चल रही है। उनके मुताबिक भट्ठे के मालिक एवं कर्मी फरार हैं और उनका कुछ पता नही चल पाया है।

## पंजाब में एनआरआई अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए: सतनाम सिंह चहल

**चंडीगढ़।** नॉर्थ अमेरिकन पंजाबी एसोसिएशन (एनएपीए) के कार्यकारी निदेशक सतनाम सिंह चहल ने शनिवार को कहा कि समय से न्याय सुनिश्चित करने के लिए पंजाब में प्रवासी भारतीय (एनआरआई) अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाबी प्रवासी समुदाय अपनी चिंताओं के समाधान के लिए पंजाब सरकार द्वारा जालंधर, मोहाली, लुधियाना, मोगा और अमृतसर में प्रवासियों की बैठकें करने संबंधी घोषणा से उत्साहित है। चहल ने कहा, राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है कि सरकार पंजाबी प्रवासी के मुद्दों और चिंताओं का उनके घर पर ही समाधान करने की कोशिश कर रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर भागीदार के साथ उचित बर्ताव हो तथा उसकी शिकायतों का निवारण हो। उन्होंने कहा कि पंजाबी प्रवासी समुदाय के लिए गिरोह के बीच लड़ाई चिंता का कारण है तथा जो प्रवासी भारतीय असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, उन्हें हथियार का लाइसेंस दिया जाना चाहिए। चहल ने कहा, न्याय में देरी नही होनी चाहिए तथा समय से न्याय सुनिश्चित करने के लिए एनआरआई अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

## समान नागरिक संहिता मुद्दे पर गठित समिति का कार्यकाल छह महीने और बढ़ा

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड के** लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने वाली विशेषज्ञों की समिति का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) राधा रतूड़ी द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के उद्देश्य से गठित समिति का कार्यकाल अगले साल 27 मई तक बढ़ा दिया गया है। उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति का गठन इस साल मई में किया गया था। समिति के सदस्य पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि वर्तमान में यूसीसी के मसौदे पर सुझाव लेने के लिए समिति राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोगों के साथ परामर्श कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति यूसीसी मसौदे पर क्रमश: 20 और 16 दिसंबर को देहरादून और श्रीनगर गढ़वाल में लोगों के साथ संवाद कर उनके सुझाव आमंत्रित करेगी। सिंह ने कहा कि इस संबंध में राज्य में 30 विभिन्न स्थानों पर लोगों के साथ परामर्श किया जा चुका है और अब तक लगभग 2.25 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है, समिति यूसीसी का मसौदा तैयार करने से पहले सुझावों का विस्तार से अध्ययन करेगी। समान नागरिक संहिता को लागू करना पुष्कर सिंह धामी नीत सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में हुए राज्य विधानसभा चुनावों के लिए किए गए प्रमुख चुनाव-पूर्व वादों में से एक था।

## पंजाब के फाजिल्का में 25 किलोग्राम हेरोइन, पिस्तौल एवं गोलाबारूद बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब के फाजिल्का जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक और प्रयास को नाकाम करते हुए शनिवार को करीब 25 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ कर्मियों ने खेप बरामद करने आए तीन से चार संदिग्धों की हरकतों को देखकर गोली चलाई, लेकिन वे भागने में सफल रहे।

बीएसएफ ने कहा कि शुक्रवार देर रात 12 बजकर पांच मिनट जवानों ने चूड़ीवाला चुस्ती गांव के पास पाकिस्तानी ड्रोन के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की आवाज सुनी। उन्होंने ड्रोन की दिशा में भी गोलियां चलाईं, जो वापस पाकिस्तान की तरफ चला गया। बीएसएफ ने ट्वीट किया, इलाके की तलाशी के दौरान, उन्हें हेरोइन के नौ पैकेट मिले, जिनका वजन 7.5 किलोग्राम था। इसके अलावा एक पिस्तौल, दो मैगजीन और नौ एमएम के 50 कारतूस भी मिले। बाद में बीएसएफ जवानों को सात और ऐसे पैकेट मिले जिनमें 17.5 किलोग्राम हेरोइन थी और इन पैकेट को भूरे रंग के शॉल में लपेटकर रखा गया था। बयान में कहा गया, सतर्क बीएसएफ जवानों ने एक बार फिर मादक पदार्थों की तस्करी के राष्ट्र-विरोधी तत्वों के नापाक प्रयास को विफल कर दिया। सोमवार को, करीब 10 किलोग्राम हेरोइन लेकर आए दो पाकिस्तानी ड्रोन को बीएसएफ ने अमृतसर और तरनतारन जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर मार गिराया था। बुधवार को, तरनतारन के खालड़ा क्षेत्र के गांव वां तारा सिंह इलाके से एक टूटा हुआ क्वाडकॉप्टर ड्रोन मिला था।

## भारत कभी हिंसा और युद्ध का समर्थन नहीं करता: राजनाथ सिंह

**भाषा।** बेंगलुरु

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत किसी को छेड़ता नहीं है और यदि कोई देश की शांति भंग करता है तो उसे छोड़ता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी युद्ध तथा हिंसा की वकालत नहीं की, हालांकि, वह अन्याय और दमन पर तटस्थ नहीं रह सकता। रक्षा मंत्री ने कहा, हम सभी मानते हैं कि भारत ऐसा देश है जो हमेशा से शांति प्रेमी रहा है। हमारी प्रकृति कभी युद्ध और हिंसा की नहीं रही। भारत ने न तो किसी अन्य देश पर हमला किया है और ना ही किसी अन्य देश की एक इंच भी जमीन पर कब्जा किया है। यह भारत का चरित्र है। वह इस्कॉन द्वारा बेंगलुरु के वसंतपुरा स्थित उसके भव्य राजाधिराज गोविंद मंदिर में आयोजित गीता दान योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिए थे, उन्हें श्रीमद भगवद्गीता के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि गीता पढ़ने और उसे आत्मसात करने से व्यक्ति निर्भय होता है। इस्कॉन बेंगलुरु ने इस महीने सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के अलावा एक लाख भगवद्गीता पुस्तक वितरित करने की योजना बनाई है। इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा तथा इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



इस्कान मंदिर में गीता दान यज्ञ महोत्सव के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिह को सम्मानित करते मंदिर प्रशासन के लोग

## भोपाल गैस त्रासदी : मुख्यमंत्री ने बरसी पर यूनियन कार्बाइड को जिम्मेदार ठहराया

**भोपाल ( भाषा )।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यूनियन कार्बाइड कंपनी की गलती और लापरवाही के कारण में भोपाल में एक अविस्मरणीय आपदा हुई जिसने बड़े पैमाने पर मानव जीवन छीन लिए। मुख्यमंत्री भोपाल गैस त्रासदी की 38 वीं बरसी पर यहां पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार को विभिन्न धर्मगुरुओं के साथ प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उन्होंने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने की जरुरत पर बल दिया।

यूनियन कार्बाइड की कीटनाशक कारखाने से दो और तीन दिसंबर 1984 की रात जहरीली गैस के रिसाव ने भोपाल में हजारों लोगों की जान ले ली। इसे दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है। सर्वधर्म प्रार्थना सभा यहां बरकतउल्ला भवन में आयोजित किया गया, जहां प्रतिभागियों ने गैस पीड़ितों की याद में दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। चौहान ने कहा, अगर मानवीय भूल से किसी की जान जाती है तो यह दुखद है.... यूनियन कार्बाइड की गलती और लापरवाही से मानव जीवन का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैकड़ों मासूम बच्चों और नौजवानों की जान चली गई और गैस रिवास के बाद लोग भाग खड़े हुए। 38 साल पहले हुई गैस त्रासदी अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा, हमें भोपाल गैस त्रासदी से सबक सीखना होगा। हममें से प्रत्एक को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। जो लोग जिम्मेदारी से काम नहीं करते हैं उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना गलत है। उन्होंने कहा, विकास के लिए प्रकृति को नष्ट करना सही नहीं है। नदी प्रदूषण हर जगह बढ़ रहा है। अगर हम परवाह नहीं करते हैं, तो ग्लोबल वार्मिंग बढ़ेगी। प्रकृति का शोषण असंतुलन पैदा करता है। चौहान ने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी हमारे लिए एक संदेश है कि हमें प्रकृति का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए और खतरनाक स्तर तक इसका दोहन बंद करना चाहिए। उन्होंने लोगों से भावी पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण को बचाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया।

## भारत को खुली जेलों को लेकर और अधिक उदार विचारों वाला होने की आवश्यकता: शोधकर्ता

**कोलकाता।** भारत में खुली जेलों की वकालत करने वाली शोधकर्ता स्मिता चक्रवर्ती ने कहा है कि ऊंची दीवारें, कंटीले तार की बाड़ या हथियारबंद पहरेदार नहीं होने के बावजूद मानवीय सुविधाओं से युक्त खुली जेलों में बंद कैदी वहां से भागते नहीं क्योंकि न्यूनतम अंकुश अक्सर अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनमें आत्मसम्मान की भावना उत्पन्न करता है। स्मिता चक्रवर्ती एक दशक से अधिक समय से भारत में जेलों की संस्कृति को बदलने के लिए काम कर रही हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 2017 में जयपुर की सांगानेर खुली जेल इसके फायदों पर चक्रवर्ती की रिपोर्ट गौर किया था और बाद में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को हर जिले में ऐसी जेल स्थापित करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए कहा था। स्मिता चक्रवर्ती ने एक संस्था प्रिज़न ऐड एक्शन रिसर्च (पीएएआर) की स्थापना की है। इस संस्था ने कई राज्य सरकारों के साथ सक्रिय रूप से काम किया है और देश के कई हिस्सों में खुली जेलों की स्थापना की सुविधा प्रदान की है। स्मिता चक्रवर्ती ने कहा, जेल कानून तोड़ने को लेकर पकड़े गए लोगों में सुधार करने के लिए स्थान होती हैं। जब रिपोर्ट आई तो देश में 63 खुली जेलें थीं, जिनमें से 29 अकेले राजस्थान में थीं। मौजूदा समय में भारत में 150 खुली जेल हैं। स्मिता चक्रवर्ती ने पूर्व में बिहार की जेलों की स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उन्होंने कहा कि वह यह देखकर बेहद हैरान रह गईं कि राज्य की कुछ खचाखच भरी जेलों में कैदियों के बैठने के लिए मुश्किल से ही जगह है।उन्होंने कहा, वर्ष 2014 में बिहार की सभी 58 जेलों का दौरा करने और वहां के प्रत्एक कैदी से बात करने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि नियमित जेलों में गिने-चुने लोग ही आदतन अपराधी होते हैं।

# राज्यस्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का समापन, बच्चों की दिखी प्रतिभा

**मेरठ।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस पश्चिमी उत्तर प्रदेश का आयोजन इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी लखनऊ द्वारा मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मेरठ संपन्न हो गया। इसमें 190 प्रोजेक्ट/ शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण बाल वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दर्शन लाल अरोड़ा की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक चेतना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी तथा कहा कि विद्यार्थियों द्वारा किए गए नवाचार समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे डॉ. रूपनारायण ने लोकल टू ग्लोबल की बात करते हुए वसुधैव कुटुंबकम का उदाहरण दिया तथा कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित रही है। हमें उनको दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट द्वारा स्थानीय स्तर की विशेषताओं एवं नवा चारों को लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की छाप सदा से ही विश्व में रही है। स्वामी विवेकानंद जी के एकमात्र संबोधन में संपूर्ण विश्व में आपसी भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ तथा भारतीय सोच एवं आचरण का सभी ने लोहा माना।




कार्यक्रम के दौरान बाल विज्ञान कांग्रेस को सफल बनाने हेतु विभिन्न स्तरों पर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिसमें विद्यालय स्तर पर कार्य करने के लिए पुष्पांजलि महाकुड, जनपद स्तर पर अश्वनी जैन, मंडल स्तर पर राहुल माथुर तथा प्रदेश स्तर पर डॉ. विकास मिश्रा को श्रेष्ठ विज्ञान संचारक सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्य आयोजन समिति में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु डॉ. बृजेश सिंह निदेशक एमआईईटी मेरठ, डॉ. गजेंद्र शर्मा, डॉ. शाश्वत पाठक, डॉक्टर दीपक मित्तल, एसके शर्मा एवं अजय चौधरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट/शोध पत्र के मूल्यांकन के पश्चात राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस हेतु उत्कृष्ट 21 प्रोजेक्ट को चुना गया तथा दो प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के लिए चुना गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नोडल एजेंसी के कार्यकारी सचिव डॉ. वीपी सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राज्य समन्वयक दीपक शर्मा, एमआईटी के निदेशक डॉ. बृजेश सिंह, प्रो. एपी सिंह, मतीन सिंह, विशाल सिंह चौहान, राहुल माथुर, डॉ. मनीष श्रीवास्तव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रयोग करने से डरें नहीं बच्चे : सुजीत बनर्जी

**मेरठ।** बच्चों की जिज्ञासा को दबाएं नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करें। भारतीय प्रतिभाएं विश्व में किसी से कम नहीं हैं। आज भारतीय विदेशों में झंडे गाड़ रहे हैं। ये विचार नीदरलैंड में एंथ्रोपोलॉजी के भारतीय मूल के वरिष्ठ प्रोफेसर मोहन कांत गौतम ने व्यक्त किए। राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के इस कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों से 4800 पंजीकरण हुए। इसमें 156 बाल विज्ञानियों ने प्रतिभाग किया जिनमें 100 लड़कियां और 56 लड़के हैं। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, भारत सरकार के निदेशक इंजीनियर सुजीत बनर्जी ने कहा कि बच्चों को प्रयोग करते समय डरना नहीं चाहिए। वे जीवन का लक्ष्य तय करें और शिक्षक उनको रास्ता दिखाएं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. नफीस अहमद कहा कि बच्चों की समझ को पारितंत्र से जोड़ना होगा। आज प्रदूषण की गंभीर समस्या है। इससे हमें निपटना होगा। कार्यक्रम की नोडल एजेंसी इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी के कार्यकारी सचिव डॉ. वीपी सिंह ने बच्चों का आह्वान किया कि वे भारत के लिए नोबल पुरस्कार जीतें। राष्ट्रीय अकादमिक संयोजक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस डॉ. ललित शर्मा ने कहा कि बच्चे कुछ हट कर सोचें, ऐसे विचारों को कार्यरूप दें जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए।

# सर्बिया को शिकस्त देकर स्विट्जरलैंड अंतिम 16 में



भाषा। दोहा

**स्विट्जरलैंड ने** सर्बिया को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार अंतिम 16 में जगह बनाई। शुक्रवार को खेले गए ग्रुप जी के इस मैच में रेमो फ्रेयुलर (48वें मिनट) ने मध्यांतर के तुरंत बाद विजई गोल दागा। इस जीत से स्विट्जरलैंड ग्रुप में ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वह अंतिम 16 में मंगलवार को लुसैल स्टेडियम में पुर्तगाल का सामना करेगा। जेरदान शाकिरी ने 20वें मिनट में स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागकर उसे बढ़त दिलाई लेकिन सर्बिया ने अलेक्जेंडर मित्रोविच (26वें मिनट) और दुसान व्लाहोविच (35वें मिनट) के गोल की मदद से शानदार वापसी की। ब्रेल एम्बोलो (44वें मिनट) ने मध्यांतर से ठीक पहले गोल करके स्विट्जरलैंड को बराबरी दिलाई। स्विट्जरलैंड इससे पहले ब्राजील से हार गया था जबकि उसने कैमरून को हराया था। ऐसे में सर्बिया के खिलाफ जीत से उसका अंतिम 16 में स्थान पक्का था। उसके और ब्राजील के समान छह अंक रहे लेकिन दक्षिण अमेरिकी टीम बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष पर रही। स्विट्जरलैंड की टीम ब्राजील में खेले गए 2014 के विश्वकप और इसके चार साल बाद रूस में भी अंतिम 16 में पहुंची थी। उसे हालांकि इन दोनों विश्वकप में क्रमशः अर्जेंटीना और स्वीडन से 1-0 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। स्विस टीम अगर पुर्तगाल को हराने में सफल रहती है तो यह 1954 के बाद पहला अवसर होगा जबकि वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएगी। स्विट्जरलैंड ने 1954 में विश्व कप की मेजबानी की थी।

## हार के बावजूद ग्रुप में शीर्ष पर रहा ब्राजील



**लुसैल (कतर)।** विसेंट अबूबकर के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में किए गए गोल की बदौलत कैमरून ने ब्राजील को 1-0 से पराजित करके उसे पिछले 24 वर्षों मे विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण मे पहली हार का स्वाद चखाया लेकिन इसके बावजूद पांच बार का चैंपियन ग्रुप जी मे शीर्ष पर रहकर नॉकआउट चरण मे पहुंचा। अबूबकर ने ब्राज़ील के गोलकीपर एडरसन हो छकाकर हैडर से गोल किया और इसके बाद जश्न मे अपनी शर्ट उतार दी। कैमरून के कप्तान ने कॉर्नर फ्लैग के पास मे अपनी शर्ट फेंकी जिसके बाद रेफरी ने उन्हे पीला कार्ड दिखा दिया। यह उनका दूसरा पीला कार्ड था जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर होना पड़ा। कैमरून ने इससे पहले विश्वकप मे पिछले नौ मैचों मे जीत दर्ज नही की थी। ब्राजील इस मैच मे अपने रिजर्व खिलाड़ियों के साथ उतरा था। उसने 1998 फ्रांस मे नार्वे के हाथों 2-1 से हार के बाद ग्रुप चरण मे लगातार 17 मैच जीते थे। यह उसकी विश्वकप मे ग्रुप चरण के पिछले 29 मैचों मे पहली हार है। ब्राजील ने ग्रुप चरण के अपने पहले दो मैचों में सर्बिया और स्विट्जरलैंड को हराकर नॉकआउट मे अपनी जगह पक्की कर दी थी। वह अंतिम 16 मे दक्षिण कोरिया का सामना करेगा। यह लगातार 11वां अवसर है जबकि ब्राजील विश्वकप मे अपने ग्रुप मे शीर्ष पर रहा। ब्राजील और स्विट्जरलैंड दोनों के समान छह अंक रहे लेकिन दक्षिण अमेरिकी टीम बेहतर गोल अंतर के कारण चोटी पर रही। स्विस टीम अंतिम 16 में पुर्तगाल का सामना करेगी। कैमरून ने चार अंक और सर्बिया ने एक अंक के साथ अपने अभियान का अंत किया। ब्राजील के कोच टिटे ने अपने नियमित खिलाड़ियों को विश्राम दिया और सोमवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने वाली टीम में 10 बदलाव किए। ब्राज़ील की टीम इस मैच में भी चोटिल नेमार के बिना उतरी थी। दोनों टीम ने गोल करने के कुछ मौके बनाए लेकिन उसका फायदा नहीं उठा सके। ऐसे में जेरोम नगोम मबेकेली के दाएं छोर से दिए गए क्रॉस पर अबूबकर ने हैडर से विजई गोल दागा। एंटनी, पेड्रो और गेब्रियल मार्टिनेली के पास ब्राजील की तरफ से गोल करने के बेहतरीन मौके थे लेकिन अंतिम क्षणों की चूक के कारण वे अपनी टीम को बढ़त नही दिला पाए।

### नेमार के फिर ब्राजील के साथ ट्रेनिंग करने की उम्मीद

**दोहा।** नेमार के फिर ब्राजील के साथ ट्रेनिंग की उम्मीद है जबकि लेफ्ट बैक एलैक्स टेलेस और फॉरवर्ड गैब्रिएल जीसस कैमरून के खिलाफ मैच में चोटिल होने के बाद बचे हुए विश्व कप मुकाबलों से बाहर हो गए। नेमार सर्बिया के खिलाफ टीम के शुरूआती ग्रुप मुकाबले में टखना चोटिल करा बैठे थे और अब उनके तब से पहली बार टीम के साथ अभ्यास करने की उम्मीद है। ब्राजील टीम के डॉक्टरों ने कहा कि वे ट्रेनिंग सत्र के बाद फिर से चोट का आकलन करेंगे और फैसला करेंगे कि नेमार सोमवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ राउंड 16 मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नही। नेमार शुक्रवार को लुसैल स्टेडियम में अपने साथियों के साथ थे और वह ठीक लग रहे थे। वह बिना लंगड़ाए चल रहे थे और बिना किसी परेशानी के थोड़े समय के लिए गेंद से भी खेले। अभ्यास खत्म होने के बाद लॉकर रूम की ओर जाते समय उन्हें मैदान पर जागिंग करते हुए देखा गया।

## सेनेगल के खिलाफ इंग्लैंड के लिए खिलाड़ियों की एकजुटता ही होगा जीत का मंत्र

भाषा। दोहा

**इंग्लैंड के कोच** गेरेथ साउथगेट के खिलाड़ी रविवार को फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकाबले में सेनेगल के खिलाफ शानदार लय को जारी रख अगले दौर में पहुंचने के लिए बेताब होंगे। टीम के खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत टीम ग्रुप बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रहकर राउंड 16 में पहुंची। टीम ने अभी तक टूर्नामेंट में नौ गोल किए जिससे वह सबसे ज्यादा गोल करने में स्पेन के साथ बराबरी पर चल रही है। किसी भी टीम ने ग्रुप चरण में इंग्लैंड (सात अंक) से ज्यादा अंक नहीं हासिल किए। वह उन तीन टीमों से एक है जिसे हार का सामना नहीं करना पड़ा है जिससे इंग्लैंड मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है। साउथगेट और कप्तान हैरी केन का खिलाड़ियों को संदेश यही था कि वे फोकस बरकरार रखें और इसी तरह एकजुट होकर खेलते रहें। ग्रुप चरण में बेल्जियम और जर्मनी जैसी दिग्गज टीमें बाहर हो गईं जबकि गत चैम्पियन फ्रांस के साथ अर्जेंटीना, स्पेन, ब्राजील और पुर्तगाल को उलटफेर के मुंह देखने पड़े। और अगर सोचा जाए तो इंग्लैंड का अमेरिका का गोलरहित ड्रा भी हैरान करने वाले नतीजे के रूप में देखा गया जिससे मैच के दौरान थ्री लायंस (इंग्लैंड) के दर्शकों ने जोरदार हूटिंग भी की। डिफेंडर जॉन स्टोन्स ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप बड़ी टीम या टीम के बड़े खिलाड़ियों को उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नहीं देखते तो यह हमेशा मुश्किल होता है। हम इस कैटेगरी में शामिल नहीं होना चाहते। मुझे लगता है कि यह हमारे लिए प्रेरणादाई चीज है। आप जिस भी टीम के खिलाफ खेल रहे हो, उसे हल्के में नहीं लेना चाहोगे। इंग्लैंड ने अभी तक विश्व कप में सफलता 1966 में हासिल की जब उसने इसकी मेजबानी की थी। तब से उसके हाथ कभी भी ट्राफी नहीं लगी है और टीम का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। साउथगेट के आने के बाद हालांकि कुछ बदलाव देखने को मिला जो 2018 में रूस में टीम को विश्व कप के सेमीफाइनल तक ले गए और पिछले साल यूरोपीय चैम्पियनशिप के फाइनल में, जिसमें टीम पेनल्टी में इटली से हार गई। और टीम की सफलता के पीछे खिलाड़ियों के बीच रिश्ता अहम कारक रहा है। मिडफील्डर डेक्लान राइस ने कहा, काफी टीमवर्क चल रहा है। इसलिए इंग्लैंड के लिए सेनेगल को हल्के में लेने में कोई खतरा नहीं होना चाहिए। अफ्रीकन नेशन्स कप की विजेता सेनेगल ग्रुप ए में नीदरलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रही जबकि उसका स्टार स्ट्राइकर सादियो माने बाहर हो गया। सेनेगल के कोच अलियो सिसे ने कहा, अब ए नॉकआउट मैच हैं, अगर आप जीते तो ही टूर्नामेंट में रहोगे। हारे तो घर जाओ।

## आईओए चुनावों में उपाध्यक्ष का निर्विरोध चुना जाना तय

**नई दिल्ली।** छह बार के शीतकालीन ओलंपियन शिव केशवन ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के चुनाव से पहले कार्यकारी परिषद के सदस्य पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। भारतीय नौकायन महासंघ (रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव को 10 दिसंबर को होने वाले चुनावों में उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए निर्विरोध चुना जाएगा क्योंकि भारतीय बैडमिंटन संघ की अलकनंदा अशोक ने नाम वापसी के आखिरी दिन इन चुनावों से हटने का फैसला किया।

## यूनिटी कालेज का वार्षिक खेल–कूद दिवस सम्पन्न

**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज के वार्षिक खेल-कूद दिवस में कायम अब्बास जैदी 2 स्वर्ण सहित 5 पदक के अलावा मोहम्मद जैद अयान, आरिफ रिजवी, वफ़ा अब्बास सानिया जहरा, डैनियल आग व इमरान जाफ़री ने एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर कालेज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। इससे पूर्व वार्षिक खेल कूद दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक संजय सारस्वत ने किया। मुख्य अतिथि संजय सारस्वत ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार भारत के हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है, उसी प्रकार देश के हर बच्चे को खेलने का भी अधिकार होना चाहिए।

## पोंटिंग ने स्वस्थ होकर कमेंट्री बॉक्स में वापसी की

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग ने हृदय संबंधी समस्या से उबरने के बाद शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन कमेंट्री बॉक्स मे वापसी की। पोंटिग टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच के समय अस्वस्थ हो गए थे। उनकी छाती मे दर्द था और उन्हे चक्कर आ रहे थे। उन्हे तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया था। पोंटिग ने मैच के चौथे दिन शनिवार को चैनल सेवन से कहा, मैने कल कई लोगों को डरा दिया था और स्वयं मेरे लिए बहुत डरावना पल था।

## पुणेरी पलटन की दबंग दिल्ली पर रोमांचक जीत

**हैदराबाद।** आकाश शिंदे और पंकज मोहित के शानदार खेल के दम पर पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को यहां दबंग दिल्ली को 47-44 से शिकस्त दी। दिल्ली के लिए नवीन कुमार ने 16 जबकि आसू मलिक ने नौ अंक जुटाए लेकिन उनकी टीम आखिरी क्षणों में पुणे को पछाड़ने मे विफल रही। मैच के पहले हाफ मे पुणेरी पलटन 22-21 से आगे थी और टीम ने दूसरे हाफ में दिल्ली के 23 के मुकाबले 25 अंक बनाकर जीत दर्ज की।

## हैदराबाद एफसी फिर तालिका में दूसरे स्थान पर

**चेन्नई।** मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मे लगातार दो हार के पीछे छोड़ते हुए शनिवार को यहां चेन्नइयिन एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। हैदराबाद की जीत में हालिचरण नार्जरी (65वें), कोशाम (74वें) और स्थानापन्न हेरारा (85वें मिनट में) ने गोल दागे।

# भारत के शीर्ष क्रम के संयोजन पर होगा ध्यान

● बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला की शुरुआत आज से

भाषा। मीरपुर




**भारत के शीर्ष** बल्ल्लेबाजी क्रम का उद्देश्य बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में परिवर्तन लाने के साथ और अधिक जज्बा दिखाने का होगा जिसमें अनुभवी शिखर धवन और प्रतिभाशाली केएल राहुल के बीच सलामी बल्लेबाज स्थान के लिए द्वंद्व की स्थिति होगी। अगर निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे युवा शुभमन गिल (इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया) भी इस टीम में शामिल हो जाएं तो कोच राहुल द्रविड़ के लिए भारतीय शीर्ष क्रम की पहेली को सुलझाना मुश्किल होगा। अगले एक साल में ध्यान सिफ वनडे पर लगा होगा और 50 ओवर में भारत के रवैए में बड़े बदलाव की जरूरत है। कभी कभार ज्यादा विकल्प होना भी वास्तव में अच्छा सिरदर्द नहीं होता क्योंकि इससे ज्यादा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। जब एक ही तरह के कौशल में कई विकल्प होते हैं तो कोच हर किसी को बराबरी के मौके देने का प्रयास करता है लेकिन इससे संतुलित लाइन अप नहीं बन पाती और जब कोई बड़ा टूर्नामेंट करीब ही हो तो यह आदर्श स्थिति नहीं है। इस समय भारत की सफेद गेंद की टीम इसी दौर से गुजर रही है। कुछ साल पहले रोहित शर्मा और शिखर धवन भारत के वनडे में सलामी जोड़ीदार के रूप में पसंदीदा जोड़ी होती थी जिस पर बमुश्किल ही कोई सवाल पूछा जाता था या फिर उनके स्थान पर बहस की जाती थी। लेकिन धवन के पावरप्ले में धीमे खेल और गिल के आने से संभावनाएं पैदा होनी ही थी। केएल राहुल शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं और उन्हें इसमें सफलता भी मिली है, लेकिन पूर्व कोच रवि शास्त्री के कार्यकाल के दौरान उन्होंने मध्यक्रम में कुछ मैच खेले। लेकिन विडंबना यह है कि इतनी संख्या देखते हुए भी इससे स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है कि श्रृंखला के लिए रोहित के साथ पारी का आगाज करने के लिए किसे होना चाहिए। धवन ने 2022 में भारत के लिए 19 वनडे में पारियों का आगाज किया है, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 75.11 रहा है जो इतना अच्छा नहीं है। जबकि 2016-18 में यह स्ट्राइक रेट 101 हुआ करता था और 2019-21 में यह गिरा लेकिन फिर भी 91 तक ठीक ठाक रहा। राहुल ने 45 वनडे में पांच शतक और 10 अर्धशतक जड़े हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 85 से ज्यादा का है और औसत 45 है जिससे वह बेहतर उम्मीदवार लगते हैं। लेकिन अगर टीम प्रबंधन जेट लेग के बाद धवन को आराम देना चाहते हैं तो राहुल निश्चित रूप से शीर्ष में रोहित के साथ होंगे। धवन न्यूजीलैंड से सीधे मीरपुर में टीम से जुड़े हैं। मध्यक्रम की बात की जाए तो विराट कोहली का तीसरा नंबर तय है, श्रेयस अय्यर भी भारत के चौथे स्थान पर धीरे धीरे अपनी पैठ बना रहे हैं।

### विश्व कप के करीब आने पर ही विकल्पों को कम करेंगे : रोहित

**मीरपुर।** कप्तान रोहित शर्मा वनडे विश्व कप के बारे में ज्यादा दूर की सोचकर चीजों को अव्यवस्थित नही करना चाहते और उनका कहना है कि उन्हें और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बखूबी पता है कि वे अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट में किस तरह का रवैया अपनाएंगे। यह पूछने पर कि क्या विश्व कप की तैयारियां रविवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचो की वनडे श्रृंखला से आरंभ होगी तो रोहित ने स्पष्ट किया कि विशेषकर इस टूर्नामेंट (विश्व कप) के बारे में विचार शुरू करने के लिए अभी समय है। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व पत्रकारों से कहा, हर बार जब भी आप एक मैच खेलते हो, यह किसी चीज की तैयारी के लिए ही होता है।

# चोटिल शमी बांग्लादेश वनडे से बाहर, उमरान टीम में





**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कंधे में चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। शमी ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनका 14 दिसंबर से चटगांव में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलना भी संदिग्ध है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके कंधे में चोट लगी है और अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बीसीसीआई की चिकित्सा टीम की निगरानी में हैं। वह तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। अखिल भारतीय चयन समिति ने शमी की जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया है। शमी की चोट की गंभीरता का पता नहीं चला। बंगाल का यह तेज गेंदबाज अगले साल होने वाले वनडे विश्वकप को देखते हुए इस प्रारूप में भारतीय टीम का अहम अंग है। शमी ने स्वयं ट्विटर पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की जिसमें वहां कंधे की चोट का उपचार करा रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, चोट आपको यह सीख देती हैं कि प्रत्एक पल का आनंद लो। अपने करियर के दौरान मैं चोटिल होता रहा। इससे आपको सीख मिलती है। कोई मायने नहीं रखता कि मैं कितनी बार चोटिल हुआ। मैंने इन चोटों से सीख ली और अधिक मजबूत होकर वापसी की। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में अब तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, उमरान मलिक और कुलदीप सेन के कंधों पर होगा। शमी अगर टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाते हैं तो यह कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए चिंता का विषय होगा क्योंकि भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए प्रत्एक मैच जीतना होगा।

## चाहर का दावा, मलेशियाई एयरलाइंस ने सामान खोया, यात्रा के दौरान भोजन भी नहीं दिया

**मीरपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने शनिवार को दावा किया कि जब वह न्यूजीलैंड से ढाका की यात्रा कर रहे थे तब मलेशियाई एयरलाइंस ने उनका सामान खो दिया और उन्हें बिजनेस क्लास में यात्रा करने के बावजूद भोजन भी मुहैया नहीं करवाया। चाहर बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से जुड़े। चाहर ने शनिवार की सुबह टीम के अभ्यास सत्र से पहले ट्वीट किया, मलेशियाई एयरलाइन्स से यात्रा करना बहुत बुरा अनुभव रहा। पहले उन्होंने हमारी उड़ान बदल दी और इसकी जानकारी तक हमें नहीं दी और फिर बिजनेस क्लास में भोजन भी मुहैया नहीं कराया। अब हम पिछले 24 घंटे से अपने सामान का इंतजार कर रहे हैं जबकि कल हमें मैच खेलना है। न्यूजीलैंड में वनडे श्रृंखला समाप्त होने के बाद चाहर, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, शिखर धवन, शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर क्राइस्टचर्च से कुआलालंपुर होते हुए ढाका पहुंचे। सूर्यकुमार यादव (विश्राम दिए जाने के कारण) और उमरान मलिक सीधे भारत पहुंचे।

## मोदगिल ने प्रेसिडेंट्स कप में रजत पदक जीता

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय निशानेबाज** अंजुम मोदगिल ने शनिवार को मिस्र के काहिरा में सत्र के अंतिम आईएसएसएफ प्रेसिडेंट्स कप की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस स्पर्धा में रजत पदक जीता। साथ ही वह अपनी स्पर्धा में साल की दूसरी सर्वश्रेष्ठ एथलीट भी चुनी गईं। अंजुम को इजिप्ट इंटरनेशनल ओलंपिक सिटी रेंज में स्वर्ण पदक मैच में 14-16 से हार का सामना करना पड़ा। यह टूर्नामेंट में भारत का दूसरा पदक था। इससे पहले रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने शुक्रवार को पुरूषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। गुरूवार को अंजुम ने क्वालीफिकेशन में 591 का स्कोर बनाकर महिला थ्री पी में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था जिससे वह चौथे स्थान पर रहकर रैंकिंग राउंड में पहुंची। शनिवार को वह आठ निशानेबाजों में 412.9 अंक से शीर्ष पर रही। वह अन्ना से 1.8 आगे थी जिन्होंने 411.1 अंक बनाया जिससे वह अजुंम के साथ खिताबी भिड़ंत में पहुंची। वहीं मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन निना क्रिस्टन 354.3 अंक के स्कोर से पांचवें स्थान पर रहीं। फाइनल में दोनों निशानेबाजों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी और दोनों 14-14 की बराबरी पर चल रही थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 करारी शिकस्त दी, श्रृंखला पर की कब्जा

● चौथा हॉकी टेस्ट मैच

भाषा। एडिलेड



**भारतीय टीम** ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन करके बढ़त बनाई लेकिन मध्यांतर से ठीक पहले उसकी रक्षापंक्ति बिखर गई जिसका फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करके शनिवार को यहां चौथे हॉकी टेस्ट मैच में भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई जिसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में भारतीय रक्षापंक्ति ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन बाद में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाई। दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में भारतीय रक्षा पंक्ति बिखर गई जिसका फायदा उठाकर जेरेमी हेवर्ड (29वें) और जेक व्हीटन (30वें) ने 50 सेकेंड के अंदर दो गोल करके ऑस्ट्रेलिया को मध्यांतर से पहले बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में पूरा दबदबा बनाया। टॉम विकम (34वें) ने उसकी बढ़त को मजबूत किया जबकि हेवर्ड ने 41वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से चौथा गोल किया। मैट डॉसन ने 54वें मिनट में भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक को छका कर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पांचवा गोल दागा। अनुभवी पीआर श्रीजेश की जगह गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे पाठक ने हालांकि कुछ अच्छे बचाव करके भारतीय टीम को शर्मसार होने से बचाया। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया और हार्वे ने मध्य पंक्ति में कुछ अच्छे मूव बनाए। विश्व की नंबर एक टीम को हालांकि शुरू में भारतीय रक्षा पंक्ति के शानदार खेल के कारण जूझना पड़ा। श्रीजेश तब गोलकीपर की भूमिका निभा रहे थे। पाठक ने दूसरे क्वार्टर में यह जिम्मेदारी संभाली और नाथन एफ्राम्स के प्रयासों को विफल किया। भारतीय खेल को देखकर लग रहा था कि वह श्रृंखला बराबर करने में सफल रहेगा। दिलप्रीत ने इस बीच उसे बढ़त दिला दी। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस में सेंध लगाकर करारे शॉट से खूबसूरत गोल दागा। लेकिन भारत की बढ़त पांच मिनट भी नहीं रह पाई तथा हेवर्ड ने ड्रैग फ्लिक से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर ला दिया। इसके तुरंत बाद व्हीटन ने जैक वेल्च की मदद से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। यह मैच का टर्निंग प्वाइंट था क्योंकि भारतीय रक्षा पंक्ति ने इसके बाद अपनी लय खो दी।

## लाबुशेन की उपलब्धि के बाद ब्रेथवेट ने लगाया शतक

भाषा। पर्थ

**मार्नस लाबुशेन** ने पहली पारी में 204 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 104 रन की पारी खेली जिससे वह एक ही टेस्ट में शतक और दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए। इससे आस्ट्रेलिया ने शुरूआती टेस्ट में शनिवार को यहां वेस्टइंडीज को जीत के लिए 498 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां स्टंप तक अपनी दूसरी पारी में 62 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बना लिए और उसे सनसनीखेज जीत दर्ज करने के लिए 306 रन की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले लंच तक अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 182 रन पर घोषित की। तब लाबुशेन 104 और स्टीव स्मिथ 20 रन बनाकर नाबाद थे। टीम ने चौथे दिन एक विकेट पर 29 रन से खेलना शुरू किया और 26 ओवर के सत्र में 153 रन जोड़े। लाबुशेन (110 गेंद, 13 चौके, दो छक्के) और स्मिथ ने पहली पारी में तीसरे विकेट के लिए 251 रन की साझेदारी निभाई थी। इन दोनों ने उसी लय में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन की साझेदारी की। लाबुशेन से पहले एक ही टेस्ट में शतक और दोहरा शतक जड़ने वाले अन्य आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ग्रेग चैपल और डग हैं। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 598 रन के स्कोर पर घोषित की थी।

## मारिया और अर्जुन ने टाटा स्टील ब्लिट्ज में बढ़त बनाई



**कोलकाता।** भारत के अर्जुन एरिगेसी और यूक्रेन की मारिया मुजिचुक ने शनिवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज टूर्नामेंट मे क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग मे बढ़त बनाई। ब्लिट्ज वर्ग के पहले दिन नौ दौर पूरे हुए जिसमे एरिगेसी ने 6.5 अंक के साथ बढ़त कायम की। उनके बाद शखरियार मामेदयारोव के छह अंक है। मारिया के आठ अंक है और वह नौ दौर के बाद आर वैशाली पर एक अंक की बढ़त बनाए है। दोनों वर्गो के बचे हुए नौ दौर रविवार को खेले जाएंगे।

## सुकांत कदम पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** दुनिया के तीसरे नंबर के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए। इस भारतीय खिलाड़ी ने लीमा में खेले जा रहे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे ब्राजील के ब्रेनो जोहान को महज 21 मिनट तक चले मुकाबले मे 21-14, 21-9 से शिकस्त दी। रविवार को खेल जाने वाले सेमीफाइनल में उनके सामने ग्वाटेमाला के राउल एंगुइआनो की चुनौती होगी। कदम ने अपने ग्रुप चरण के अपने दोनों मैचों मे फ्रांस के क्लेमेंट सरेबर्ट और लुडविग एक्सि चैना के खिलाफ सीधे गेम मे जीत दर्ज की थी।

## उन्नति एशिया जूनियर चैम्पियनशिप अंडर-17 महिला एकल के फाइनल में पहुचने वाली पहली भारतीय



**नई दिल्ली।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के अंडर-17 एकल महिला स्पर्धा के सेमीफाइनल मे शनिवार को जापान की मियोन योकूची को सीधे गेम मे शिकस्त दी। थाईलैड के नोथाबुरी मे खेली जा रही प्रतियोगिता के फाइनल मे रविवार को उनका सामना स्थानीय खिलाड़ी सरून्नक विटिडसन से होगा। उन्नति जापान की खिलाड़ी के खिलाफ 21-8 21-17 की जीत के साथ प्रतियोगिता के अंडर-17 एकल महिला वर्ग के फाइनल मे पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बन गई। ओडिशा ओपन चैंपियन ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अब तक एक भी गेम नही गंवाया है। उन्नति के अलावा अंडर-15 एकल खिलाड़ी अनीश थोप्पानी और अर्श मोहम्मद एवं संस्कार सारस्वत की अंडर-17 पुरूष युगल जोड़ी ने भी प्रभावशाली जीत के साथ फाइनल मे जगह पक्की की। शानदार लय मे चल रही अर्श और संस्कार की जोड़ी ने अंतिम चार मुकाबले में ची-स्ई चिउ और शाओ हुआ चिउ की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ 21-15, 21-19 से जीत दर्ज की। फाइनल मे उनका सामना लाई पो यू और ई-हाओ लिन की एक और चीनी ताइपे जोड़ी से होगा।